भोपाल
मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 195
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**एक नवंबर को राज्य उत्सव : राजधानी के साथ संभाग और जिला स्तर पर भी होंगे भव्य कार्यक्रम**

## उद्योग और रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाएगा स्थापना दिवस



**सीएम बोले** *आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मप्र के लिए हुए प्रयासों को प्रमुखता से करें प्रदर्शित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक नवंबर को मप्र स्थापना दिवस उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाए। इसमें आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मप्र को लेकर हुए नवाचारों और विशेष गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रस्तुतीकरण किया जाए। 'रोजगार के मंदिर हैं उद्योग' की थीम के साथ कौशल उन्नयन, तकनीकी शिक्षा, उद्यमशीलता के विकास सहित युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल देंगे प्रस्तुति

भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल प्रस्तुति देंगे। लाल परेड ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के भक्ति पदों की प्रस्तुति के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

एमपीआरडीसी के एमडी ने दिए जांच के निर्देश, तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

# सूखी सेवनिया आरओबी पर एक ओर की सड़क का करीब 100 मीटर हिस्सा 'धंसा'

**एक लेन का ट्रैफिक रोका गया, सड़क पर कोई वाहन नहीं था, जिससे जनहानि नहीं**

**यह सड़क इंदौर, होशंगाबाद, जबलपुर, जयपुर मंडला और सागर जैसे शहरों को जोड़ती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के बिलखिरिया क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सूखी सेवनिया आरओबी के एक तरफ की करीब 100 मीटर सड़क अचानक धंस गई। जिसके चलते प्रशासन ने ऐहतियातन एक लेन का ट्रैफिक रोक दिया है। गौरतलब है कि 3 महीने पहले भोपाल के सबसे व्यस्त इलाके एमपी नगर में सड़क धंस गई थी। घटना पर एमपीआरडीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है, जिसमें मुख्य अभियंता बीएस मीणा, जीएम मनोज गुप्ता तथा ▶▶ शेष पेज 6 पर



### धंसी सड़क पर बैठकर कांग्रेस का प्रदर्शन




राजधानी में सड़क धंसने के मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। देर शाम कांग्रेस नेता धंसी सड़क पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का इस्तीफा मांगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप



### मंत्री पटेल ने पीएम मोदी को भेंट की अपनी पुस्तक

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और मप्र सरकार में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साधना का प्रतीक, मां नर्मदा परिक्रमा के अनुभवों और अनुभूतियों पर संदर्भित पुस्तक 'परिक्रमा-कृपा सार' भेंट की। इसके साथ ही 108 नदियों के उद्गम स्थलों से संकलित पवित्र जल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### गंदगी की शिकायत पर मिलेगा 1000 का इनाम

**नई दिल्ली।** एनएचएआई ने एक अनोखी स्कीम निकाली है। नेशनल हाइवे पर टोल प्लाजा पर गंदे टॉयलेट की शिकायत करते हैं



तो आपको फास्टैग में 1000 रुपए का इनाम मिलेगा। यह स्कीम 31 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश के नेशनल हाइवे पर ये योजना लागू रहेगी। इसके लिए 'राजमार्ग यात्री' एप डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद जिस टॉयलेट की शिकायत करनी हो उसकी जियो टैग्ड और टाइम स्टैम्प्ड फोटो क्लिक करे अपलोड करनी है।

यह सम्मेलन औद्योगिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नए भारत के दीपोत्सव का शुभारंभ, यह सम्मेलन विश्वास और स्वाभिमान का उत्सव

◆ **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसएमई सम्मेलन में उद्यमियों से किया 'संवाद'**

# आज हमारे युवा रोजगार 'मांगने' वाले नहीं, बल्कि रोजगार 'देने' वाले बन रहे

◆ सीएम ने कहा कि आप सभी देश का कोष भरते हैं। रोजगार के अवसर देते हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) की योजना के तहत 700 एमएसएमई इकाइयों को सिंगल क्लिक से 197 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन सहायता राशि वितरित की। उन्होंने शासन की नवीन स्टार्टअप नीति के तहत 63 स्टार्टअप्स को ईआईआर सहायता योजना के तहत सालाना 1.20 लाख प्रति स्टार्ट अप की दर से एक करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि के चेक भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 237 एमएसएमई उद्यमियों को भू-आवंटन पत्र भी प्रदान किए, जिससे उन्हें उद्योग स्थापना में सुगमता होगी। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 5084 युवाओं को 347 करोड़ रुपए से अधिक की बैंक ऋण सहायता राशि भी वितरित की। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में आए सभी उद्यमियों से आत्मीय संवाद कर एमएसएमई और स्टार्टअप सेक्टर के विकास और प्रोत्साहन के लिए सरकार की ओर से किए जा ▶▶ शेष पेज 6 पर

1 मुख्यमंत्री ने 700 एमएसएमई इकाइयों को वितरित की 197 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि

2 237 उद्यमियों को दिए भू-आवंटन पत्र 63 स्टार्टअप्स को मिली 1 करोड़ रुपए की राशि

3 5084 युवाओं को वितरित किया 347 करोड़ रुपए से अधिक का बैंक ऋण

**'एमएसएमई' भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, ऐसे उद्योगों को मिल रही नई गति**



चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा

### इस वर्ष उद्योगों को 800 से अधिक भूखंड उपलब्ध कराए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष उद्योगों को 800 से अधिक भू-खण्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं। 19 नए औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं और 10 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 50 लाख रुपए तक का लोन बिना गारंटी के बैकों के माध्यम से दिया जा रहा है। उद्योग लगाने वाले युवाओं को हम जमीन और पूंजी दोनों उपलब्ध करा रहे हैं। डिजिटल रिटर्न की व्यवस्था से अब फाइलिंग आसान हो गई है। जीएसटी ने हमारे उद्योगों को एक नई पहचान दी है।*



### सब्सिडी का लाभ उठाएं, यह शुरुआती दो साल में काफी मददगार

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है। आज उद्यमियों को अगस्त 2025 तक की करीब 200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी गई है। मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जहां इतनी तेजी से उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि वितरित की जा रही है। प्रदेश में पहली बार 50 प्रतिशत लैंड लॉक सब्सिडी शुरू की है। इसका लाभ छोटे व्यवसायियों को निर्यात में मिलेगा। सभी व्यापारी इस सब्सिडी का लाभ उठाएं। इससे उद्योग नहीं चलता, लेकिन सब्सिडी किसी उद्योगपति के लिए शुरुआती दो साल में सबसे अधिक मदद करती है। यह उद्योग चलाने के लिए हैंड होल्डिंग है।

प्रवर्तन निदेशालय के 7 ठिकानों पर छापे

## कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मा 'बंद', लाइसेंस भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश एसआईटी के चेन्नई पहुंचने के बाद तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के गिरफ्तार डायरेक्टर इंचार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ रंगनाथन को लेकर चेन्नई पहुंची एसआईटी

छतरपुर में 9 करोड़ का जमीन घोटाला

## निजी हाथों में बेच दी 84 लाख में पीडब्ल्यूडी के 3 अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



छतरपुर में लोक निर्माण विभाग (पीब्ल्यूडी) की जमीन बेचने के मामले में बड़ा घोटाला सामने आया है। विभाग की करीब 9 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन को महज 84 लाख में बेच दिया। विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन अफसरों को निलंबित कर दिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि जमीन खरीदने वालों में एक व्यक्ति बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री का यात्रा प्रभारी बताया जा रहा है। सागर संभाग के चीफ इंजीनियर ने छतरपुर जिले में पदस्थ प्रभारी एसडीओ कमलेश मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 विजय कुमार खरे और कर्मचारी राजाराम कुशवाहा को निलंबित कर दिया है। विभाग का कहना है कि इन अधिकारियों ने हाईकोर्ट के आदेश को नजरअंदाज किया, जिसकी वजह से विभाग की कीमती जमीन निजी लोगों को बेच दी गई। निलंबन के बाद कमलेश मिश्रा का मुख्यालय पन्ना और ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ पं. धीरेंद्र शास्त्री के यात्रा प्रभारी ने भी जमीन खरीदी

गैर-हिंदुओं के लगाए बॉयकाट के पोस्टर

## वीएचपी बोली- दिवाली पर हिंदू दुकानदारों से ही 'खरीदारी' करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य भाजपा शासित राज्यों में हिंदू समुदाय के त्योहारों पर लगातार मुस्लिम दुकानदारों के बॉयकाट करने की मांग की जा रही है। वहीं, अब रोशनी और खुशियों का त्योहार दीपावली पर भी हिंदूवादी संगठनों ने गैर-हिंदुओं से खरीदारी न करने की अपील की। दीपावली से पहले भोपाल के चौक-चौराहों पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के होर्डिंग्स चर्चा में हैं। वीएचपी के होर्डिंग्स पर लिखा है- अपना त्योहार अपनों से व्यवहार। दीपावली ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ लिखा- खरीदारी उनसे करें, जो आपकी खरीदी से दीपावली मना सकें




चिदंबरम के बाद मणिशंकर अय्यर का बड़ा बयान आया

## ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना के अधिकारियों की थी नासमझी, चीन से दोस्ती करे भारत

**अब मौजूदा सरकार को यह सोचना है कि उन्हें चीन से मुकाबला करना है या दोस्ती?**

एजेंसी ▶▶ कसौली (सोलन)



पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने दावा किया है कि कि ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना के वरिष्ठतम अधिकारियों की नासमझी थी। पंजाब में शांति स्थापित करने में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भूमिका निभाई। लोंगोवाल समझौता भी इसी नीति का हिस्सा था। कसौली में खुशवंत सिंह लिटफेस्ट के अंतिम दिन के पहले सत्र में मणिशंकर अय्यर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### श्रीलंका भेजा शांति मिशन भी गलत साबित हुआ

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 1987 के समझौते और श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की तैनाती के फैसले का बचाव किया। उनकी दलील है कि श्रीलंका के विघटन को रोकने के लिए यह जरूरी था, जिससे तमिलनाडु में अलगाववाद की भावना भड़क सकती थी। अय्यर बोले कि राजीव को पता था कि श्रीलंका के विघटन से भारत में विघटन की स्थिति पैदा हो सकती है। उनके मुताबिक समझौते पर सेना की सहमति थी और श्रीलंका में शांति सेना ▶▶ शेष पेज 6 पर




## जोएल मोकिर, फिलिप अघियन व पीटर हॉविट को अर्थशास्त्र का नोबेल

अघियन और हॉविट ने सतत विकास के पीछे के तंत्र का भी अध्ययन किया

# नवाचार और संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए दिया पुरस्कार

**अर्थशास्त्र में नोबेल अब तक 99 व्यक्तियों को दिया गया है**

**अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 1968 में शुरू किया गया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष यह पुरस्कार जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को 'नवाचार-संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए' दिया गया है। पुरस्कार का आधा हिस्सा मोकिर को 'तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत विकास के लिए आवश्यक शर्तों की पहचान करने के लिए' और शेष आधा हिस्सा अघियन और हॉविट को 'रचनात्मक विनाश के माध्यम से सतत विकास के सिद्धांत के लिए' संयुक्त रूप से दिया जाएगा। जोएल मोकिर अमेरिका के नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं। वहीं, फिलिप अघियन फ्रांस के कॉलेज डी फ्रांस और ब्रिटेन के द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से ताल्लुक रखते हैं। पीटर हॉविट अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी से संबंध रखते हैं। इन्हें सतत ▶▶ शेष पेज 6 पर




जोएल मोकिर


फिलिप अघियन


पीटर हॉविट

### नवाचार में यह जानना होगा कि कोई चीज कैसे काम करती है?

नोबेल समिति ने बताया कि मोकिर ने यह प्रदर्शित किया कि यदि नवाचारों को एक स्व-उत्पादक प्रक्रिया में एक-दूसरे का उत्तराधिकारी बनाना है, तो हमें न केवल यह जानना होगा कि कोई चीज कैसे काम करती है, बल्कि हमें यह भी जानना होगा कि ऐसा क्यों होता है। अघियन और हॉविट ने सतत विकास के पीछे के तंत्र का भी अध्ययन किया। इसमें 1992 का एक लेख भी शामिल है, जिसमें उन्होंने रचनात्मक विनाश नामक गणितीय मॉडल का निर्माण किया। इसमें बताया गया कि जब एक नया और बेहतर उत्पाद बाजार में प्रवेश करता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां नुकसान में आ जाती हैं। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष हैस्लर ने कहा कि पुरस्कार विजेताओं का काम दर्शाता है।

**एमपी में पुलिस के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई का स्तर**

# प्रदेश के चार बड़े शहरों की 3804 शिकायतों पर केवल 25 की गिरफ्तारी

## डीजीपी ने बुलाई एडीजी अफसरों की रिव्यू बैठक, जल्द बदले जा सकते हैं अफसरों के जिलों के प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में बेलगाम होती पुलिस को उनके ही अफसर संरक्षण देते हैं। हाल ही में सिवनी और भोपाल में सामने आई पुलिस की करतूत ऐसे ही संरक्षण का नतीजा माना जा रहा है। सबसे ज्यादा ऐसी शिकायतें मध्य प्रदेश में पुलिस के खिलाफ हजारों की संख्या में शिकायतें होती है, लेकिन पुलिस अफसर अपनों पर कार्रवाई करने में कमजोर साबित हो रहे हैं। इन शिकायतों पर कार्रवाई नाम मात्र के पुलिसकर्मियों और अफसरों पर होती है। अपनों को बचाने का चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है, नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में भी है।

हाल ही में एनसीआरबी की जो रिपोर्ट सामने आई है, उसमें मध्य प्रदेश के चार शहरों का जिक्र किया गया है। इसमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में पुलिस के खिलाफ आई शिकायतों की विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2023 में इन चारों शहरों में मिलाकर 3804 शिकायतें पुलिस के खिलाफ आई। इनमें से सबसे ज्यादा शिकायतें ग्वालियर में आई। यहां पर 1603 शिकायते सामने आई, जबकि इंदौर में 1103, भोपाल में 744 और जबलपुर में 277 शिकायतें पुलिस के खिलाफ पहुंची। पुलिस के खिलाफ शिकायतों का आंकड़ा महज चार शहरों का है। पौने चार हजार शिकायतों में से महज 25 पुलिसकर्मी या अफसरों की गिरफ्तारी हो सकी है। जबकि इनमें से सिर्फ 38 मामलों में चार्जशीट पेश की गई। यानी इन चार शहरों में अपनों को बचाने का खेल जिस तेजी से चल रहा है, वह पुलिस की साख पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

### जिनमें जांच के आदेश वे अधिकांश सही पाई गई

भोपाल में 50, ग्वालियर में 23, इंदौर में इंदौर में 43 और जबलपुर में एक के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए। इसमें से भोपाल में 50 में से की जांच पूरी हुई और 41 के खिलाफ शिकायत सही पाई गई। जबकि ग्वालियर में 23 की ही जांच पूरी हुई इसमें से 22 के खिलाफ शिकायत सही पाई गई। इंदौर में 34 की जांच पूरी हुई है। जिसमें से 32 शिकायतें सही पाई गई है। जबलपुर में एक की जांच की गई और वह भी सही पाई गई है।

### जनसुनवाई में सबसे ज्यादा पहुंची शिकायतें

पुलिस मुख्यालय की जनसुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायतें पुलिस की ही आती है। जिसमें पुलिस द्वारा शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं करने की बात सबसे ज्यादा सामने आती है। इन शिकायतों के चलते ही पूर्व में पुलिस मुख्यालय की जनसुनवाई लगभग बंद सी कर दी गई थी, लेकिन कैलाश मकवाना के आने पर यह फिर शुरू हुई, जिसमें से 32 शिकायतें सही पाई गई। जबलपुर में एक की जांच की गई और वह सही पाई गई। यानी जिनकी जांच की जा रही है, वे अधिकांश सही पाई जा रही है।

### डीजीपी कर चुके हैं अफसरों को सस्पेंड

डीजीपी बनते ही जनवरी से जनसुनवाई फिर से शुरू कर दी गई। इसमें पुलिस के खिलाफ सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही है। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में भी पुलिस से संबंधित इस तरह की लगातार शिकायतें सामने आती है। ऐसा माना ही जाता है कि जब जिले की पुलिस नहीं सुनती है तब ही पीड़ित भोपाल तक आकर शिकायत करते हैं। हालांकि इसी तरह के एक मामले में बैतूल जिले के गंज में थाना प्रभारी रहे अरविंद कुमरे को डीजीपी ने सस्पेंड कर दिया था। अब उनकी जांच भी चल रही है।

---

गति शक्ति ने सड़क निर्माण को विज्ञान और तकनीक से जोड़ा

# डेटा और पारदर्शिता से गढ़ रहे हैं प्रदेश का भविष्य

## प्रधानमंत्री की गति शक्ति योजना ने बदली इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत मंडपम में सोमवार को उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशभर के मंत्रालयों, राज्यों, तकनीकी संस्थानों, विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस दूरदर्शी पहल की उपलब्धियों को साझा करना और इससे जुड़े नए तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित करना था। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अक्टूबर 2021 को प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत एक भारत-एक योजना के विजन के साथ की थी। इस योजना का उद्देश्य देश के सभी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को एक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना था जिससे योजना निर्माण, समन्वय और क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि गति शक्ति योजना ने न केवल देश के इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण को तेज किया है, बल्कि राज्य सरकारों को भी तकनीक आधारित निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि मप्र लोक निर्माण विभाग ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय संस्थान के सहयोग से गति शक्ति प्लेटफॉर्म को अपनी कार्यप्रणाली का हिस्सा बना लिया है। इससे विभाग में पारदर्शिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जवाबदेही में अभूतपूर्व सुधार आया है।

# स्कोप ग्लोबल में 'दिवाली स्किल्स वाली' आज से

**भोपाल।** भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के साथ आधुनिक स्किल्स को प्रोत्साहित करने के प्रयास के तहत मिसरोद स्थित स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी कैंपस में दिपावली के उपलक्ष्य में विशेष स्किल आधारित एग्जीबिशन एवं फेयर 'दिवाली स्किल्स वाली' का शुभारंभ किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा करेंगे। इस दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य छात्रों, नवोदित उद्यमियों और स्थानीय युवाओं को विविध व्यावसायिक एवं रचनात्मक कौशलों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में जरी जरदोजी, ब्लॉक प्रिंट , पैच वर्क, मैकरेम, वीविंग, पोट्रेट मेकिंग, टैटू मेकिंग, दिया डेकोरेशन, रेजिन आर्ट पर लाइव वर्कशॉप्स में प्रशिक्षक कला की बारीकियों से युवाओं को अवगत कराएंगे।

# जीएमसी में एमबीबीएस के नव प्रवेशित बैच का शपथ समारोह संपन्न

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में एम बी बी एस के नवीन प्रवेशित बैच का महर्षि चरक शपथ एवं व्हाइट कोट समारोह सोमवार संपन्न हुआ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ कविता एन सिंह ने छात्र छात्राओं को चरक शपथ दिलाई। जिसमें उनको सहपाठियों, सह चिकित्सकों एवं रोगियों, महिला रोगियों से सही व्यवहार करने के बारे में बताया गया। साथ ही एक चिकित्सक के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यों को पूरा करने और जीवन भर नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को संस्था प्रमुख द्वारा व्हाइट कोट पहना कर उनके मेडिकल व्यावसायिक जीवन की शुरुआत करवाई गई। चरक शपथ के पश्चात नवीन बैच के छात्र छात्राओं के द्वारा कुछ साहित्यिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

---

**शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों और प्राचार्य ने की पहल**

# पूर्व विद्यार्थी 10वीं 11वीं और 12वीं के छात्रों की पढ़ाई सहित व्यक्तिगत समस्याओं में करते हैं सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व विद्यार्थी, जो 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद देश प्रसिद्व संस्थानों में स्नातक-स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं या फिर पढ़ाई पूरी करने के बाद देश के बड़े संस्थानों, शासन-प्रशासन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वह अपने स्कूल के बच्चों को सफलता के मंत्र बताते हैं। यहां तक कि काउंसलिंग के साथ उनके दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं का भी समाधान करते हैं।

विषय चयन करना हो या फिर किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी बच्चे अपने स्कूल के सफल पूर्व विद्यार्थियों को फोन करते हैं और उन्हे मिलता है समाधान। यह पहल राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों और प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने की है। ताकि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी अपना बेहतर परिणाम देने के साथ ही अपनी हर समस्या का समाधान अपने स्तर पर ही कर सकें।

**इन संस्थाओं के विद्यार्थी जुडे.:** इस नवाचार से एम्स, आईआईटी, मैनिट, दिल्ली विश्वविद्यालय, एक्सीलेंस, बीएचयू सहित देश के विभिन्न संस्थानों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी जुडे.हुए हैं। इसके अलावा शासन-प्रशासन में सेवाएं दे रहे सफल पूर्व विद्यार्थी भी जुडे.हुए है।

### 2022 में हुई शुरूआत, 1 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिला लाभरू

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर बताते हैं कि इस नवाचार शुरूआत 2022 में की गई। विचार आया कि पूर्व विद्यार्थियों की मदद से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मदद करने के साथ ही जेई, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराई जाए। ऐसे में स्कूल से उत्तीर्ण होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने वाले सफल विद्यार्थियों से संपर्क किया और फिर पूर्व विद्यार्थी इस पहल से जुड़ते गए। वर्तमान में 100 से अधिक विद्यार्थी इस नवाचार से जुडे हुए हैं, जो अपने समय के अनुसार स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गाइड करते हैं और उनकी पढ़ाई सहित अन्य समस्याओं का समाधान करते हैं।

### एक पूर्व विद्यार्थी के पास 5 से 10 विद्यार्थीरू

प्राचार्य सुधाकर पाराशर बताते हैं कि विषय, रूचि के अनुसार, एक पूर्व विद्यार्थी के साथ स्कूल के 5 से 10 विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर साझा किए गए हैं। यह विद्यार्थी पूर्व विद्यार्थी से संपर्क कर सकते हैं। जब भी विषय से संबंधित, काउंसलिंग सहित अन्य कोई जरूरत होती है तो एक दूसरे से संपर्क करते हैं और समाधान मिलता है। अब तक स्कूल के 1 हजार से अधिक विद्यार्थी इस नवाचार के माध्यम से लाभ ले रहे हैं।

### आओ लौटाऐं वहां जहां हमने प्राप्त किया : सुधाकर पाराशर

नवाचार को लेकर जानकारी साझा करते हुए शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने कहा कि किसी भी स्कूल से विद्यार्थी 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद जुड़ना चाहते हैं और अपनी उपलब्धियों को अपने जूनियर्स व शिक्षकों के साथ साझा करना चाहते हैं। ऐसे में इन विद्यार्थियों को एक मंच देने के लिए हमारे द्वारा यह नवाचार किया गया है। इस नवाचार को हमने सुभाष एसोसिएशन ऑफ नोबल स्कॉलर्स नाम दिया है। मेरा मानना है कि प्रत्येक विद्यार्थी की यह भावना होनी चाहिए कि आओ लौटाऐं वहां जहां हमने प्राप्त किया। यही भावना से हमारे पूर्व विद्यार्थी इस नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे स्कूल के करीब 100 पूर्व विद्यार्थी इस नवाचार जुडे हैं और एक हजार से अधिक विद्यार्थियों इस नवाचार का लाभ मिल रहा है। प्राचार्य सुधाकर पाराशर ने कहा कि जब हमउम्र के विद्यार्थी एक दूसरे से अपनी समस्या या विचार साझा करते हैं, तो वह सहज महसूस करते हैं। उनको अपनी समस्या का समाधान मिलने के साथ ही अपने सीनीयर्स के अनुभव का भी लाभ मिलता है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली कठिनाईयों और सतर्कता का भी विशेष अनुभव मिलता है।

**पूर्व विद्यार्थियों से चर्चा**

**बहुत अच्छा लगता है :** जब भी समय मिलता है हम स्कूल में जाते हैं। चूकी इसी स्कूल में पढ़ाई की है, स्कूल की व्यवस्थाओं का पूरा अनुभव है। उसी माहौल में रहे हैं। विद्यार्थियों की जरूरत और समस्याओं को बखूबी समझते हैं। ऐसे में उनकी भावनाओं को समझने के साथ ही उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान आसानी से कर पाते हैं। विषयों की तैयारी कराते हैं। बहुत अच्छा लगता है।

डॉ. अभिषेक पटेल, पूर्व विद्यार्थी

**विद्यार्थियों सक्षम बनाना है :** वर्तमान में मैं मैनिट में चतुर्थ वर्ष का विद्यार्थी हूं। 2022 में इसी विद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण की है। हमारा उददेश्य हमारे स्कूल के छोटे भाई-बहनों का मार्गदर्शन करना और परीक्षाओं के साथ व्यक्तिगत जीवन में आने वाली परेशानियों के लिए उन्हे सक्षम बनाना है। हमारे स्कूल के विद्यार्थी हमें संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान पाते हैं इससे हमें बहुत खुशी मिलती है।

अजय शर्मा, पूर्व विद्यार्थी

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

हरित और विकसित शहरों का प्रदेश, मध्यप्रदेश



राज्य स्तरीय
स्वच्छता सम्मान समारोह सह-कार्यशाला
नगरीय निकायों को ₹7000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
14 अक्टूबर, 2025 | प्रात: 9:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल

"हम मध्यप्रदेश को ग्रीन एवं क्लीन सिटीज़ वाला प्रदेश बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

55 जल प्रदाय परियोजनाओं से 25 लाख से अधिक नागरिकों को मिलेगा शुद्ध पेयजल
सीवरेज की 9 परियोजनाओं से लगभग 19 लाख नागरिकों को लाभ
पीएम आवास योजना (शहरी 2.0) में 50 हजार से अधिक आवास स्वीकृत
हरित क्षेत्र विकास के तहत 114 एकड़ भूमि पर बनेंगे उद्यान
44 परियोजनाओं से 909 एकड़ जल संरचनाओं का उन्नयन

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
D-11123/25

4 आज भोपाल, इटारसी व बीना स्टेशन पर एक ...

13 यह व्यापारिक सम्मेलन ही नहीं, संस्कृतियों...







### शहर के 10 नंबर मार्केट के व्यवसायियों की अनूठी पहल, 200 से ज्यादा छोटे-बड़े व्यवसाइयों ने दी थी सहमति

# करवा चौथ से व्यवसाइयों ने अपने चार पहिया वाहन लाना बंद किए, ग्यारस तक नहीं लाएंगे, ताकि तीन हजार वाहनों को पार्किंग के लिए न हो दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के दस नंबर मार्केट व्यवसायी संघ ने त्योहारों को देखते हुए लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए न सिर्फ अनूठी पहल की है बल्कि करवा चौथ के दिन अपने चार पहिया वाहनों से अपने संस्थान तक आना बंद कर दिया है। वे दुपहिया वाहनों से आ रहे हैं। दीपावली के बाद डोल ग्यारस तक वे अपने चार पहिया वाहन नहीं लाएंगे ताकि मार्केट में आने वाले लोगों को पार्किंग के लिए जगह कम न पड़े।

10 नंबर मार्केट व्यवसायी संघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया कि संघ के माध्यम से सभी व्यापारियों को पहले ही इस संबंध में संदेश दे दिया गया था और सभी ने एक स्वर पर इस पर अपनी सहमति दी और इस पर अमल भी किया जा रहा है। उनके अनुमान के अनुसार 200 से ज्यादा कारों की जगह पर 2 हजार से 3 हजार दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की दिक्कत नहीं होगी।

## बिट्ठल मार्केट-आवाजाही के लिए हो रही व्यवस्था


चौक बाजार मे शनिवार शाम लोगों की खासी भीड़ नजर आई।

### सफाई, पार्किंग पर निगम दे रहा खास ध्यान

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि त्योहार को देखते हुए शहर के बाजारों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। रात के समय भी सफाई के इंतजाम रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। जहां-जहां पार्किंग है वहां भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। ऐसे स्थानों पर निगम कर्मचारी भी तैनात रहेंगे।


चौक बाजार में बेतरतीब खड़े लोगों के वाहन।

विठ्ठल मार्केट के सामने सीसी रोड बनने से एकलेन से आवाजाही हो रही है। जबकि दस नंबर मार्केट के पास डामरीकरण का काम भी बंद कर दिया गया है। त्योहारों पर लोगों की आवाजाही बाधित न हो इसके लिए वैकल्पिक रास्ते को तैयार किया जा रहा है। व्यवसायी हरिओम खटीक का कहना है कि लगातार त्योहार आने से रोड निर्माण कार्य रुका, लेकिन रोड बनना भी जरूरी है। निर्माण कार्य समय पर हो जाता तो ठीक रहता।

**रोड निर्माण तेजी से होता तो बेहतर रहता, इससे सुविधा ही होगी**

राजीव गांधी चौक से वंदे भारत चौराहे व 10 नंबर मार्केट के पास रोड निर्माण कार्य तेजी से होता तो बेहतर होता। इससे सभी को सुविधा होगी, लेकिन त्योहारों के कारण काम बंद किया गया है। ताकि लोगों को परेशानी न हो।

## फुटपाथ पर बाजार, सड़क पर राहगीर, पैदल गुजर पाना ही मुश्किल

*राजधानी के बाजारों में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मौजूदा समय में आलम यह है कि फुटपाथ पर बाजार सजे हैं, सड़क पर राहगीर का पैदल गुजर पाना ही मुश्किल हो रहा है। गुमठियों, हाथ ठेलों और चाय-पान की दुकानों से चौड़ी सड़कें सकरी हो गईं। बाजारों में स्थिति यह है कि कहीं भी गाड़ियां खड़ी करने की जगह मिलती है। पुराने शहर के बाजार, आजाद मार्केट, चौक बाजार, लखेरापुरा हो या हमीदिया रोड या फिर हो न्यू मार्केट बोर्ड ऑफिस, 10 नंबर और जहांगीराबाद आदि सभी जगह यही स्थिति यही है। नगर प्रशासन, जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में न्यू मार्केट में अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाया गया, लेकिन अब मैदानी अमले की अनदेखी से आलम वही पुरानी स्थिति में तब्दील हो गई है। अतिक्रमण और बिगड़ैल यातायात वस्यवस्था शहर की एक बड़ी समस्या बनी हुई है, क्योंकि कई जगहों पर फुटपाथ पर अवैध रूप से ठेले-गुमटियां और अन्य संरचनाएं हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। जिसकी मूल वजय है कि स्थायी समाधान की कमी। नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाती है, लेकिन दुकानदारों के लिए कोई स्थायी या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जैसे कि हॉकर कॉर्नर खाली हैं, लेकिन उनका उपयोग नहीं हो रहा है।*

### हर जगह बेतरतीबी का आलम

*न्यूमार्केट में हर रोज लाखों लोग आते हैं, लेकिन, फुटपाथ पर बनी अस्थायी दुकानों के कारण पैदल चलने वालों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है। दोनों तरफ गाड़ियां खड़ी रहने से सड़कें संकरी हो चुकी हैं। आए दिन एक्सीडेंट और रोज जाम लगता है। जबकि लिली टॉकीज चौराहे के फुटपाथ पर अस्थायी कपड़ों की दुकानें, नाश्ता-चाय की टपरियों ने कब्जा कर लिया हैं। नगर निगम से अनुमति होने के बावजूद, इनका संचालन यातायात बाधित कर रहा है। पार्किंग की जगह नहीं रहती। सड़क पर वाहन गुत्थमगुत्था होने से दुर्घटनाएं होती हैं। पीरगेट से हमीदिया रोड तक के फुटपाथों पर खाने-पीने की दुकानें, ठेले और चाय की टपरी बनी हैं। गाड़ियां भी बेतरतीब खड़ी रहती हैं, जिस कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। सड़क पर हर समय जाम लगा रहता है। राहगीरों को सड़क पर ट्रैफिक से निकल कर जाना पड़ता है।*

### 80 प्रतिशत हिस्से में फुटपाथ नहीं

80 प्रतिशत हिस्से में फुटपाथ नहीं है। जहां है, वहां पूरी तरह गुमठियों, हाथ ठेलों, चाय-पान की दुकानों से घिरा हुआ है। इसकी वजह से प्रमुख रास्तों से पैदल गुजर पाना ही मुश्किल हो गया है, न ही गाड़ियां खड़ी करने की जगह मिलती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। चौराहों पर रेड लाइट के समय बुरी तरह वाहन फंस जाते हैं।




## फुटकर पटाखा बाजारों में दस फीट दूरी से लगेंगी दुकानें

दिवाली नजदीक आते ही पटाखा बाजार में रौनक बढ़ गई है। शहर की थोक दुकानों पर छोटे पटाखा कारोबारियों की भीड़ देखी जा रही है। जिसको देखते हुए थोक की 20 और पांच सौ केजी की 14 दुकानों को पटाखे बेचने की परमिशन दी गई है। जबकि बीस दिनों के लिए अस्थाई तौर पर लगने वाली करीब 11 सौ दुकानों को भी लाइसेंस दिए जा रहे हैं। इन दुकानों को अस्थाई बाजारों में लगाया जाएगा, जहां पर आग से बचाव के इंतजाम के साथ दुकानों को दस-दस फीट दूरी से लगाना जरूरी है। दिवाली पर पटाखा बेचने के लिए जिले में करीब 11 सौ अस्थाई दुकानें लगेंगी। इसके लिए व्यापारियों ने जिला प्रशासन को अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन किए हैं। शहर के फुटकर बाजारों में लगाए जाने वाले बाजारों के लिए दुकानदारों की लॉटरी निकाली जा रही है। जिसके आधार पर लाइन के हिसाब से दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इस आधार पर दुकानदार अपनी तय जगह पर ही दुकान लगा सकेंगे। मनमर्जी से दुकान लगाने की मनाही है।

### कहां लगेंगी कितनी दुकानें

- बैरसिया 200, गोविंदपुरा में 170, कोलार 165, हुजूर 80, टीटी नगर में 85, बैरागढ़ में 80, सिटी 120 और एमपी नगर 180 दुकान लगाई जाएंगी।
- आग से बचाव के यह करना पड़ेंगे इंतजाम
- टीन शेड में बिकेंगे पटाखे
- दुकान में रखना पड़ेगा फायर एक्सटिंगुशर
- रखना पड़ेंगी रेत की बाल्टियां
- दो अस्थाई दुकानों में कम-से-कम 3 मीटर की दूरी रहेगी
- आतिशबाजी की दुकानें आमने-सामने नहीं होनी चाहिए
- प्रकाश के लिए तेल लैम्प, गैस लैंप और खुली बिजली बत्तियों पर रोक रहेगी
- बिजली तारों को दीवार या छत पर लगाएं

### अस्थाई पटाखा बाजारों में रहेंगे सुरक्षा के इंतजाम

एसडीएम क्षेत्र में लगाए जाने वाले अस्थाई पटाखा बाजारों में आग से बचाव के इंतजाम पूरी तरह से करना पड़ेंगे। एसडीएम इसकी निगरानी रखेंगे।

प्रकाश नायक, अपर कलेक्टर

### अब रविवार तक रोजाना होगी दूध, मावा, पनीर, मिठाई और नमकीन की जांच

# दिवाली के पहले मिठाइयों की जांच करने उतरी टीमें एक दर्जन दुकानों से लिए सैंपल, भेजे गए लेबोरेट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिवाली पर मिठाइयों की बिक्री को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार से शहर की प्रमुख दुकानों से दूध, मावा, पनीर, मिठाई और नमकीन की सैंपलिंग शुरु कर दी है। जिसके तहत दो टीमों ने एक दर्जन बड़ी दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे हैं। टीम ने यहां से दूध, दही, घी, मावा, मिल्क केक, बादाम बर्फी, मगज लड्डू, मावा बर्फी, पनीर, मलाई बर्फी और नमकीन सेव के सैंपल लिए गए हैं। दरअसल यह कार्रवाई फूड कंट्रोलर दिनेश श्रीवास्त के पत्र के बाद की गई है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ओमजय सेवा नमकीन से बेसन और तेल, गौरव डेयरी से दूध, दही, घी, मावा, क्वालिटी स्वीट्स हाउस से मिल्क केक, बादाम बर्फी, मगज लड्डू, मावा बर्फी, गोपाल दूध डेयरी से दूध, दही, मावा, पनीर, घी इंद्रपुरी स्थित बजरंग स्वीट्स से नमकीन मठरी, बेसन लड्डू, मिल्क पेड़ा, मिल्क केक, एमपी नगर स्थित मनोहर फूड्स से मिल्क केक, मिलन स्वीट्स से मलाई बर्फी, बेसन लड्डू, मावा पेड़ा और नमकीन सेव और अशोका गार्डन स्थित पंजाब डेयरी से मावा के सैंपल लिए गए हैं।



### ग्वालियर-चंबल से आ रहा मिलावटी मावा

*फूड कंट्रोलर ने जिला कलेक्टर्स को लिखे गए पत्र में बताया कि दीवाली पर क्विंटलों से मिठाई की खपत होती है। ऐसे में ग्वालियर, चंबल और धौलपुर एरिया से भारी मात्रा में मिलावटी मावा सप्लाई किया जाता है। ऐसे में ट्रेनों पर भी नजर रखी जानी चाहिए, जिससे मिलावटी मावे की सैंपलिंग कर उसे पकड़ा जा सके।*

### स्ट्रीट वेंडर्स को बांटी हाईजीन किट

*शहर के सौ से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को पॉलेटेक्निक चौराहा स्थित गांधी भवन में सोमवार को सर्व सेफ फूड कार्यक्रम रखा गया, जिसमें स्ट्रीट वेंडर्स को एप्रेन, ग्लब्ज और हेड कैप लगाने की नसीहत दी गई। वेंडर्स को बताया गया कि वह किस तरह से स्ट्रीट पर बेचने वाले फूड को भी हाईजीन बनाया जा सकता है। दुकानदारों को समझाया गया कि हाईजीन तरीके से बनाए गए फूड से ग्राहक भी आकर्षित होता है, इसलिए अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए भी साफ-सफाई रखना अच्छा होता है।*




## निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने हरिभूमि से की खास बातचीत

### सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचा प्राथमिकता

# भोपाल खूबसूरत है, इसे और बेहतर बनाएंगे, अभी मैं राजधानी को समझ रही हूं, ड्रीम प्रोजेक्ट तय नहीं

एमएम सिद्धीकी ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

राजधानी भोपाल बहुत खूबसूरत शहर है। इसे ओर बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे। मुझे अभी एक सप्ताह ही कार्यभार संभाले हुए हुआ है। मैं अभी शहर को समझ रही हूं। उसके बाद ही ड्रीम प्रोजेक्ट बनाऊंगी। मेरी प्राथमिकता शहर का विकास, सरकारी योजनाओं का आमजन तक लाभ, उनका प्रचार-प्रसार करना है। यह बात नगर निगम की नवनियुक्त आयुक्त संस्कृति जैन ने हरिभूमि से खास बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि बीते एक सप्ताह में वे जितना समझ पाई हैं उनमें बड़ी समस्या रोड की सामने आई है। इसके लिए उन्होंने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की सड़कों की सूची बनाने को कहा है। इसके बाद जो रोड नगर निगम की होंगी उन्हें सूचीबद्ध करके बनवाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग से समन्वय करके रोड दुरुस्त करवाई जाएंगी।

### सभी विभाग नए भवन में जल्द होंगे शिफ्ट



*उन्होंने ने बताया कि नगर निगम के विभाग शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में हैं। वे चाहती हैं कि जल्द ही सभी विभाग नए भवन में शिफ्ट हों, इसके लिए वे प्रयास कर रही हैं। नए निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण भी किया है। काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।*

### चौक बाजार का जल्द निरीक्षण

पुराने शहर के चौक बाजार को हेरिटेज लुक देने और 5 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी हालात खराब होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे अभी शहर को पूरी तरह से नहीं जानतीं, लेकिन जल्द ही वे चौक बाजार का निरीक्षण करेंगी। हाउसिंग फॉर आल योजना के तहत लोगों के पैसे जमा होने और पजेशन नहीं मिलने के सवाल के जवाब में कहा कि इस संबंध में उन्हें भी आम लोगों की तरफ से शिकायतें मिली हैं। इस योजना की भी जानकारी मंगाई गई है। जो कमियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा।

### पार्किंग को लेकर भी उठाए जाएंगे कदम

पार्किंग व्यवस्था के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शहर में नगर निगम की वर्तमान में जो पार्किंग हैं उनकी भी जानकारी मांगी है। मैं विजिट करके खुद व्यवस्थाएं देखूंगी। कहां-क्या कमियां हैं और इसमें क्या सुधार हो सकता है। उस पर जरूर काम होगा।

### निगम कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनेंगे

उन्होंने बताया कि नगर निगम के कर्मचारियों की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। उनकी समस्याएं सुनेंगे। उनका भी निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आम लोग भी उनसे मिलने पहुंच रहे हैं।

## रात में तारों को जल अर्घ्य कर उपवास तोड़ा

# संतान की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा अहोई अष्टमी व्रत, पूजा-पाठ कर मां गौरी से मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिद्धि योग में सोमवार को अहोई अष्टमी मनाई गई। संतान की लंबी उम्र के लिए राजधानी की महिलाओं ने व्रत रखा।

इस दौरान महिलाओं ने घरों व मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर रात में तारों को जल अर्घ्य समर्पित कर व्रत तोड़ा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मां गौरी के अहोई स्वरूप की पूजा अहोई अष्टमी के दिन की जाती है। इस दिन सभी निसंतान महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए और जिन महिलाओं की संतान हैं, वे उनकी मंगल कामना के लिए माता अहोई का व्रत रखती हैं और पूजा अर्चना करती हैं।

अहोई माता का ये व्रत रखने और उनकी मन से पूजा करने से अहोई मां उन्हें संतान की लंबी उम्र का आशीर्वाद देती हैं। अहोई माता को चढ़ाया पूड़ी और हलवे का प्रसाद इस दौरान राजधानी की महिलाओं ने घरों व मंदिर की दीवार पर गेरू और चावल से अहोई माता यानी कि मां पार्वती, स्याहु और उसके सात पुत्रों के चित्र बनाए। एक नए मटके में पानी भरकर रखा, उस पर हल्दी से स्वास्तिक बनाया। मटके को ढंकने के बाद उस पर सिंघाड़े रखे। अहोई माता का ध्यान किया और उनकी व्रत कथा पढ़ी।

माता के लिए मीठी पूड़ी, हलवे का प्रसाद बनाया। पूजा के बाद रात के समय तारों को जल से अर्घ्य देकर व्रत खोला।

## सार्वजनिक गोवर्धन पूजा 22 को, तैयारी जारी, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी

**भोपाल।** तेजस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी सार्वजनिक गोवर्धन पूजा एवं परिक्रमा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन 22 अक्टूबर को किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता और सचिव वरुण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम छोला दशहरा मैदान में शाम 4 बजे से शुरू होगा। इसका शुभारंभ 5 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समिति पदाधिकारियों से गोवर्धनजी की पूजा अर्चना कर होगा। श्रद्धालुओं द्वारा गिरिराजजी की परिक्रमा की जायेगी, जो कार्यक्रम के समापन तक जारी रहेगी। इस दौरान जबलपुर के अलावा, मथुरा, वृन्दावन, ग्वालियर, इंदौर और भोपाल के कलाकार धर्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति देंगे। इस बीच वरिष्ठ समाजसेवी और समिति के संस्थापक संरक्षक रामनारायण कुदरिया की स्मृति में स्थापित तेजस सम्मान से विभिन्न विधाओं की 5 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### गोवर्धनजी की झांकी होगी आकर्षण का केंद्र

पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष गिरिराजधरन गोवर्धन की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस झांकी का निर्माण राजधानी के प्रख्यात मूर्तिकार राजू कुशवाह के नेतृत्व में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। यह कलाकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे है।

## अखंड महामृत्युंजय यज्ञ की पूर्णाहुति में लिया स्वदेशी का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बैरागढ़ स्थित माधव आश्रम में 1 से 11 अक्टूबर तक चले अखंड महामृत्युंजय यज्ञ की अंतिम शाम पूर्णाहुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने श्रद्धालुओं के बीच स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान पर चिंतन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पूर्णाहुति में शामिल होना हमारे लिए सौभाग्य का पल रहा। श्रद्धालुओं को स्वदेशी और स्वावलंबन का प्रेरक संदेश मिला। कार्यक्रम में शैल दीदी ने स्वदेशी के पत्रक वितरित किए, जिससे उपस्थित जनों में स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग और स्थानीय उद्यमिता के प्रति जागरुकता का भाव उत्पन्न हुआ। संस्थान के एडिशनल ट्रस्टी डॉ. विवेक पोद्दार ने सभी श्रद्धालुओं को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नलनी पोद्दार, संस्थान प्रमुख, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एक शाम राम के नाम सुंदरकांड का हुआ आयोजन



**भोपाल।** सोमेश्वर महादेव एवं मनोकामनेश्वर पंचमुखी हनुमान मंदिर ललिता नगर कोलार में संपन्न हुआ। महन्त अनिलानंद महाराज अपना आशीर्वाद प्रदान करने एवं किन्नर अखाड़े की महंत ने भी पाठ में शामिल हुए। इस दौरान इसमें मुख्य रूप से एक शाम छिंद वाले दादा जी के नाम के आयोजक डॉक्टर अनिल भार्गव कोलार मंडल, महामंत्री सतीश वर्मा,राजेश धाकड़ महेश सिंह, पंडित जितेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

### दिवाली मनाने बंद स्ट्रीट लाइटें चालू कराएं: राय



**भोपाल।** शहर में जगमग दीपावली लोग मनाएं इसके लिए बंद स्ट्रीट लाइटें चालू कराएं। क्षतिग्रस्त फुटपाथों एवं रोटरियों की भी तत्काल मरम्मत कराई जाए। यह निर्देश महापौर मालती राय ने निगम की यांत्रिक विभाग एवं विद्युत शाखा की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा एवं वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए सड़कों के गड्ढ़ों की मरम्मत एवं सड़कों का रेस्टोरेशन मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ जल्द कराएं।

### शास्त्री को 'भागवत रत्न सम्मान' मिला

**भोपाल।** श्री सहस्त्रबाहु नगर, होशंगाबाद रोड स्थित परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ के भव्य आयोजन में देश के प्रसिद्ध कथा वाचक धर्मपथिक शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री को "भागवत रत्न सम्मान" से सम्मानित किया गया। महाराज के निज सचिव राजेश राय ने बताया कि उन्हे यह सम्मान महापौर मालती राय द्वारा शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर मालती राय ने कहा कि शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने अब तक देश के विभिन्न हिस्सों में 549 श्रीमद्भागवत कथाएं आयोजित कर समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया है। कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एमएल राय, कौशल राय, लक्ष्मीनारायण चौकसे, सुनील चौकसे, मंटू चौकसे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक और समाजजन उपस्थित रहे।

## दिवाली-छठ के मौके पर रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए भोपाल मंडल सतर्क

# आज भोपाल, इटारसी व बीना स्टेशन पर एक साथ की जाएगी मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिवाली और छठ के त्योहारी सीजन में भोपाल रेल मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अगले कुछ दिनों में भीड़भाड़ शुरू हो जाएगी। इसे संभालना रेल प्रशासन के लिए एक चुनौती होगी। इसके समाधान के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी के तहत मंगलवार को भोपाल, इटारसी व बीना स्टेशन पर एक साथ मॉक ड्रिल करने जा रहा है। मंडल की ओर से प्लेटफॉर्म पर भीड़भाड़ कम करने के लिए 4,000 यात्रियों की क्षमता वाला एक होल्डिंग एरिया बनकर तैयार है। आनंद विहार टर्मिनल पर भी एक अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है। जनरल टिकट वाले यात्रियों को होल्डिंग एरिया में रोका जाएगा और ट्रेन आने पर ही उन्हें प्लेटफॉर्म पर भेजा जाएगा।

भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। व्यस्त समय के दौरान निगरानी के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष ड्यूटी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कोशिशों के बावजूद, प्लेटफॉर्म पर ट्रेनें आते ही अक्सर भीड़ बेकाबू हो जाती है।

*यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा पर विशेष ध्यान*
*4,000 यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार*



### मंडल के भोपाल, इटारसी व बीना में अधिक होती है भीड़

रेलवे अधिकारियों के अनुसार मंडल के भोपाल,बीना व इटारसी स्टेशन पर सबसे अधिक भीड़भाड़ त्योहारी सीजन में देखने को मिलती है। इसे ध्यान में रखते हुए, आरक्षित और अनारक्षित टिकट वाले यात्रियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। स्टेशनों पर 200 अतिरिक्त आरपीएफ कर्मी और 100 वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

### भीड़ नियंत्रण और टिकट जांच पर रहा फोकस

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि मंडल ने आगामी त्योहारी सीजन दीपावली और छठ पूजा के दौरान बढ़ने वाली यात्री भीड़ के मद्देनजर यह अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही और भीड़ नियंत्रण पर फोकस किया जाएगा। अनाउंसमेंट कर यात्रियों को एक जगह इकट्ठा न होने और लाइन में चलने की हिदायत दी जाएगी। उचित टिकट के साथ यात्रा करने का संदेश भी दिया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए टिकटिंग व्यवस्था को मजबूत की जा रही है। इसके लिए टिकट काउंटरों के अलावा मोबाइल टिकटिंग ऐप एम-यूटीएस और रेलवन ऐप की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे यात्री बिना भीड़ में आए अपने मोबाइल से ही टिकट बुक कर सकते हैं।

## दीपावली पर बसों की बुकिंग फुल

### 50% तक बढ़ा किराया, तो अधिकांश ट्रेनों में रिग्रेट स्थिति

हरिभूमि न्यूज,भोपाल

दीपावली से पहले बस ट्रैवल्स संचालकों ने किराया लगभग 50 फीसदी तक बढ़ा दिया है। एक सप्ताह पहले तक ऑनलाइन बुकिंग करने पर किराया कम था। दीपावली पास आते ही भोपाल से मुंबई, पुणे, जबलपुर, ग्वालियर सहित अन्य रूटों पर जाने वाली एसी बसों के किराए में भी लगभग 30 से 50 फीसद की बढ़ोतरी की गई है। तो वहीं रेलवे की बात करे,तो दीपावली व छठ पूजन के चलते अधिकांश ट्रेनों में नो रूम की स्थिति इसके चलते कई ट्रेनों में टिकट तक नहीं मिल रहा है।

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए इस बार सात हजार से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। लेकिन फिर भी भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग देखने को मिल रही है। दीपावली के त्योहार के चलते इन दिनों बसों की बुकिंग फुल हो गई है। ट्रेवल कंपनियों ने दीपावली के चलते भोपाल से अन्य शहरों के लिए जाने वाली बसों का किराया बढ़ा दिया है।

### मुम्बई-पुणे का टिकट सबसे मंहगा

भोपाल से दीपावली के समय मुम्बई व पुणे जाने का टिकट सबसे मंहगा है। साधारण दिनों में यह टिकट 1200-1500 तक होता है मगर 18 से 22 अक्टूबर को यही टिकट बढ़कर 1800 से 4500 तक का है का टिकट सबसे मंहगा है। ट्रेवल कंपनियों के संचालकों की मानें तो दीपावली पर लोगों की जाने की संख्या बढ़ जाती है। वहीं अक्सर देखा गया है कि अगर हम किसी मार्ग पर दीपावली से एक या दो दिन पहले बसें बढ़ाकर भेजते हैं तो वहां से कई बार बसें खाली भी आती हैं।

## आईटीआई के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बैतूल जिले की त्रिशा तावड़े, भोपाल जिले की चंचल सैवारिक, जबलपुर जिले की पूजा जाटव, उज्जैन जिले के श्याश महेश्वरी (ऑल इंडिया में ट्रेड फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी में पुरुष टॉपर, बालाघाट जिले के अमन गजभिये (ऑल इंडिया में ट्रेड मेसन बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर में पुरुष टॉपर) जबलपुर जिले की श्रुति विश्वकर्मा (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक (ट्रैक्टर) में महिला टॉपर, बैतूल जिले के अरविंद कुमरे (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर में पुरुष टॉपर), बैतूल जिले की निकिता तायवडे (ऑल इंडिया में ट्रेड मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर में महिला टॉपर), भोपाल जिले के अभिजीत सिंह सिसोदिया (ऑल इंडिया में ट्रेड मिल्क एवं मिल्क प्रोडक्ट तकनीशियन में पुरुष टॉपर) एवं खरगोन जिले के शिवम यादव (ऑल इंडिया में ट्रेड स्टेनोग्राफर एवं सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिंदी) में पुरुष टॉपर) ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राज्यमंत्री टेटवाल ने इन प्रशिक्षणार्थियों की विशिष्ट उपलब्धियों से अवगत कराया।

### तीन शिक्षकों ने भी की भेंट

सोमवार को ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 प्राप्त मध्यप्रदेश के तीन शिक्षकों ने भी सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।



## योजना प्रभारी ही होंगे टीपीओ, उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

### प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों के प्राचार्य को जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर के सरकारी कॉलेजों में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा कार्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश में कहा है कि सरकारी कॉलेजों में युवाओं की ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के लिए महाविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल की स्थापना के संबंध में इस कार्यालय द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था। पत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी ही प्लेसमेंट सेल के प्रभारी होंगे। साथ ही सक्रिय, रुचिवान और इच्छुक व्यक्ति को ही टीपीओ बनाया जाए। इसलिए पूर्व के निर्देशों का पालन करते हुए प्रभारी एवं टीपीओ एक ही अधिकारी को बनाया जाए।

## जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, भोपाल द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन क्वालिटीज़ मोटेल शिराज़ में हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संचालक जवाहरलाल नेहरू कॉलेज मोहम्मद आसिफ ज़की एवं शबिस्ता जकी (नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भोपाल) उपस्थित रहे। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वाई. पी. सिंह ने की। इस अवसर पर उप प्राचार्य पवन कुमार शर्मा, डॉ. आरिफा सुल्तान, समस्त प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कॉलेज स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। फ्रेशर पार्टी में सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सोलो डांस, सोलो सॉन्ग और फैशन शो जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मिस फ्रेशर, मिस्टर फ्रेशर, मिस ईव एवं मिस्टर ईव का चयन भी किया गया, जिनमें मिस फ्रेशर समन, मिस्टर फ्रेशर अब्दुल बारी, मिस ईव सलोनी जैन, मिस्टर ईव करण चुने गए। प्राचार्य डॉ. वाई. पी. सिंह ने सभी अतिथियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना को बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## हिंदी विवि: परिवीक्षा अवधि में संवैतनिक अर्जित अवकाश के मुनाफे पर उठे सवाल सुर्खियों में

*हिंदी विवि में कुछ शिक्षक अवकाश पहले ही ले चुके, इसके बावजूद वे अर्जित अवकाश की प्रविष्टि (एंट्री) कराने का बना रहे दबाव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय एक बार फिर अपने कार्यों में लीपापोती के लिए चर्चाओं में है। विवि में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के बाद उससे संबंधित नया विवाद सामने आया है। फरवरी माह वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय द्वारा 13 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई थी। विश्वविद्यालय और शासन के नियमों के अनुसार इन शिक्षकों को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप वार्षिक शैक्षणिक अवकाश प्रदान किया गया था। यहां तक की कुछ प्रोफेसर्स को अग्रिम वर्षों के मेडिकल आदि अवकाश तक दे दिए गए। इन शिक्षकों की पर्यवेक्षण अवधि अभी पूर्ण नहीं हुई है, फिर भी उनमें से कुछ शिक्षकों द्वारा मेडिकल लीव की स्वीकृति प्राप्त की गई। अब उन्हीं शिक्षकों द्वारा अर्जित अवकाश दर्ज कराने की मांग की जा रही है, जबकि अर्तित अवकाश को सवैतनिक अवकाश का लाभ नियमों के तहत मान्य नहीं बताया गया है।

### पहले ही ले चुके अवकाश

विवि प्रशासन से जुड़े अधिकारी के अनुसार पर्यवेक्षण अवधि के दौरान अर्जित अवकाश दर्ज करना या उसका दावा करना विवि सेवा नियमों और एमपी विश्वविद्यालय अधिनियम के विपरीत है। केवल नियमित होने की पुष्टि के बाद ही अर्जित अवकाश की गणना की जा सकती है। इस मामले में बताया गया है कि कुछ शिक्षक अवकाश का उपयोग पहले ही कर चुके हैं, इसके बावजूद वे अर्जित अवकाश की प्रविष्टि (एंट्री) कराने की बात कह रहे हैं। इससे विवि में सेवा अनुशासन को लेकर भी असमंजस की स्थिति बन रही है।

### अभी पूरा मामला मेरे संज्ञान में नहीं

यदि किसी को अवकाश मिलेगा तब उसे उसका वेतन भी मिलना चाहिए। परिवीक्षा अवधि में अर्जित अवकाश के सवैतनिक लाभ मिलने की बात मेरे संज्ञान में नहीं है।

**शैलेंद्र जैन,**
कुलसचिव, हिंदी विवि, भोपाल

## खाद्य नियंत्रक के निर्देश-खाद्य प्रतिष्ठानों पर रखें विशेष निगरानी

# दीपावली पर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों की खैर नहीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

दीपावली के सुअवसर पर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचकर मुनाफाखोरी करने वाले मुनाफाखोरों की खैर नहीं हैं। क्योंकि खाद्य



नियंत्रक ने विभागीय अमले को तेल मसाले, नमकीन, दूध,मावा, पनीर, मिठाईयां खाद्य प्रतिष्ठानों पर रखें कड़ी नजर रखने के साथ मिलावटियों के खिलाफ सख्त और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन विभाग का मैदानी अमला राजधानी के बाजार में अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

### खाद्य नियंत्रक दिनेश श्रीवास्तव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को लिखा पत्र

खाद्य सुरक्षा विभाग, मध्यप्रदेश डेजिगनेटेड ऑफिसर देवेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि राजधानी सहित समूचे प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के संबंध में मिलावट से मुक्ति अभियान निरंतर जारी है। दीपावली पर्व के दृष्टिगत प्रदेश के खाद्य नियंत्रक दिनेश श्रीवास्तव (आईएएस) ने प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर खाद्य पदार्थों की संघन जांच करने तथा विशेषकर दूध मावा पनीर मिठाईयां तेल मसाले, नमकीन के शत प्रतिशत खाद्य प्रतिष्ठानों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### मोबाइल लैब और मैजिक बॉक्स की सहायता से बाजारों में निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच

इसके साथ ही मोबाइल लैब और मैजिक बॉक्स की सहायता से बाजारों में निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं मौके पर किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावट पाए जाने पर तुरंत जब्त करने की कार्रवाई तथा मिलावटी खाद्य सामग्री को तत्काल नष्ट करने की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही खाद्य कारोबारियों और आमजन को खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में जागरूक करने तथा खाद्य सुरक्षा के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### नमूना कार्रवाई की वीडियोग्राफी करने के सख्त निर्देश

खाद्य पदार्थों के निर्माताओं के निरीक्षण के समय नमूना कार्रवाई की वीडियोग्राफी करने के सख्त निर्देश भी दिए हैं। खाद्य नियंत्रक ने विशेष कर ग्वालियर चंबल संभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दूध मावा पनीर के निर्माण स्थलों के नियमित निरीक्षण तथा परिवहन होने वाले मावा पनीर पर विशेष निगरानी करने तथा बिना लाइसेंस, परिवहन की अनुमति बिना मावा, पनीर भेजने वाले कारोबारियों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

## असामान्य घटना टालने वाले रेलकर्मियों को डीआरएम ने पुरस्कृत कर की हौसलाअफजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ एवं सजगता का परिचय देते हुए संभावित असामान्य घटनाओं को टालने वाले 6 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा नगद राशि से सम्मानित किया गया।

इनमं. देवाशीष देवेश- वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर (भोपाल), सूरज सिंह- वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर (भोपाल),. अखिलेश कुमार- कांटेवाला (मंडीदीप),. संदीप सिंह मेहरा- वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर (भोपाल), रंजन कुमार- कांटेवाला (मंडीदीप),. नितिन राज-इलेक्ट्रिक सिग्नल मेंटेनर (मुंगावली शामिल हैं। इन रेलकर्मियों के प्रयासों से न केवल रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई बल्कि रेलवे संपत्ति की भी सुरक्षा हुई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने कर्मचारियों के उत्साह, सजगता एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# शस्त्र पूजन आत्मगौरव और समाज की रक्षा का प्रतीकः विश्ववर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बजरंग दल भोपाल विभाग के द्वारा सोमवार को शास्त्र एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमपी नगर स्थित एक मॉल के सामने मेट्रो स्टेशन के नीचे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महंत पुरुषोत्तमानन्द गिरी महाराज, साध्वी रंजना , प्रांत मंत्री नवल, बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक विश्व वर्धन भट्ट, प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र, प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी, विभाग मंत्री जीवन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर साध्वी रंजना ने कहा कि बजरंग दल देश का युवा है। देश की सारी विधर्मी शक्तियां केवल बजरंग दल से ही डरती है। देश का बल बजरंगदल है। हर युवा को शस्त्र रखना चाहिए।

बजरंग दल क्षेत्र सयोजक विश्व वर्धन भट्ट ने कहा कि शस्त्र पूजन भगवान राम की रावण पर जीत और मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय का प्रतीक है। पांडवों ने भी अज्ञातवास के बाद अपने शस्त्रों की पूजा की थी, जिसके बाद उन्हें विजय मिली। यह आत्मगौरव और समाज की रक्षा का प्रतीक है। यह शस्त्रों को धर्म और न्याय की रक्षा के लिए उपयोग करने का संदेश देता है। यह परंपरा युवाओं को साहस, अनुशासन और समाज सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। यह पूजा करने वाले के साहस और शक्ति में वृद्धि करती है। भारतीय सेना भी हर साल दशहरे पर शस्त्र पूजा करती है। हमारे प्रत्येक देवी देवता के हाथ में अस्त्र-शस्त्र हैं। कोई भी देवी देवता निशस्त्र नहीं, फिर हिंदू समाज को शस्त्र रखने में क्या समस्या। संविधान भी हमें आत्मरक्षा का अधिकार देता है।



बजरंग दल भोपाल विभाग ने आयोजित किया शास्त्र एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम

## भोपाल बन रहा गोमांस, ड्रग्स जिहाद, लैंड जिहाद, लव जिहाद का केंद्र

प्रान्त संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि राजधानी भोपाल गौ मांस, ड्रग्स जिहाद लैंड जिहाद लव जिहाद का केंद्र बनती जा रही है। राजधानी भोपाल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में गौ वंश हत्या, गौ मांस एवं गोवंश की तस्करी की घटना निरंतर सामने आ रही है। पिछले दिनों राजधानी भोपाल के ऐशबाग, हबीबगंज, निशातपुरा, परवलिया सड़क, बिलखिरिया, सुखी सेवनिया थाना क्षेत्र में गौ वंश हत्या एवं गौ मांस तस्करी की घटनाएं सामने आई है। गोवंश हमारी सनातन हिंदू धर्म के आस्था का केंद्र बिंदु है।

## विहिप ने लगाए होर्डिंगः अपना त्योहार, अपनों से व्यवहार

दीपावली से पहले भोपाल के चौक-चौराहों पर विश्व हिंदू परिषद के होर्डिंग्स लगवाए गए हैं। इन होर्डिंग्स पर लिखा है कि अपना त्योहार अपनों से व्यवहार। दीपावली की खरीदारी उनसे करें, जो आपकी खरीदी से दीपावली मना सकें। वीएचपी के प्रचार प्रमुख जितेंद्र चौहान का कहना है कि विश्व हिंदू परिषद की ओर से लगवाए इन पोस्टर्स का एकमात्र उद्देश्य हिंदू का सपोर्ट करना है। हम इसके माध्यम से समाज का जागरण करना चाहते हैं।

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया संबोधित

# स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत की दिवाली का हो रहा इस सम्मेलन से जबरदस्त आगाज

गांव, कस्बे और शहर हर जगह लघु उद्योग लाखों लोगों को दे रहे रोजगार, बना रहे स्वावलंबी

## वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत की लगभग 80 करोड़ से अधिक आबादी किसी न किसी रूप में एमएसएमई से जुड़ी हुई है। यह विशाल आंकड़ा है। आप करोड़ों परिवारों की आशा, आत्मसम्मान और स्वावलंबन का आधार हैं। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग कई देशों की जनसंख्या को रोजगार देने की क्षमता रखते हैं, बड़ी संख्या में रोजगार सृजन एमएसएमई के माध्यम से होता है। एमएसएमई पूरे देश का उदर पोषण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी रोजगार के सबसे बड़े निर्माता हैं। गांव, कस्बे और शहर हर जगह लघु उद्योग लाखों लोगों को रोजगार दे रहे हैं, स्वावलंबी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की दिवाली इस सम्मेलन से शुरू हो रही है। उन्होंने सभी उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भारत और मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भरता से रौशन कीजिये, हमारी सरकार सदैव आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बालाघाट और टीकमगढ़ जिले के लघु उद्यमियों से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही सम्मेलन स्थल में मौजूद भोपाल जिले के उद्योगपतियों और नव उद्यमियों से भी आत्मीय संवाद किया।

### प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए स्टार्टअप को प्रोत्साहन के लिए मप्र स्टार्टअप पॉलिसी-2025 के तहत हमने एक साल तक प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया है। हमारी नीतियों और सहयोग से वर्तमान में प्रदेश में 4 लाख से अधिक विनिर्माण इकाई एमएसएमई रजिस्टर्ड हैं। हम एमएसएमई की स्थापना के लिए सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप हैं, इनमें से 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप की मालकिन हमारी बहनें हैं। प्रदेश के 102 इंक्यूबेशन सेंटर युवाओं को आइडिया आगे बढ़ाने का मौका दे रहे हैं।

### निवेश बढ़ाने गुवाहाटी तक में की इंवेस्टमेंट समिट



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए गुवाहाटी तक में इन्वेस्टमेंट समिट की है। इस वर्ष उद्यमियों को 1080 भूखंड आवंटित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने हर ब्लॉक में औद्योगिक इकाई स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर स्तर पर संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। स्टार्टअप अप्रूव होने पर राज्य सरकार एक वर्ष के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता प्रदान कर रही है, जिससे एक नया आइडिया जमीन पर आकार ले सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है।

## लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाएं गोवर्धन पर्व : डॉ यादव

- आयोजन में गो-शालाओं और पशुपालकों को बनाएं सहभागी
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवर्धन पर्व संबंधी बैठक में दिए निर्देश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाए। साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाए। डॉ यादव गोवर्धन पर्व आयोजन के संबंध में सोमवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### गोवर्धन पर्व का होगा सामुदायिक आयोजन

बैठक में बताया गया कि प्रदेश की गौ-शालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा। गोवर्धन पर्व का मुख्य आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जाएगा, जिसमें गोवर्धन पूजन, परिक्रमा, अन्नकूट भोग मुख्य होगा। इस अवसर पर पशुचारक समुदायों की कला, बरेदी और ठाट्या नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण होगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादक, दुग्ध उत्पाद, गोबर आधारित शिल्प के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही पशुपालन, कृषि, सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष व्यवस्था होगी। ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार के लिए भी गतिविधियों का संचालन होगा। गोवर्धन पर्व पर सभी जिलों में गतिविधियां संचालित की जाएंगी।


### मुख्यमंत्री डॉ यादव निकायों को प्रदान करेंगे स्वच्छता

# राजधानी में आज आयोजित होगा राज्य स्तरीय स्वच्छता का समग्र समारोह

स्वच्छता सर्वेक्षण के डिजिटल पोस्टर का होगा लोकार्पण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 14 अक्टूबर भोपाल के रवीन्द्र भवन हंसध्वनि सभागार में 5वां राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह एवं कार्यशाला 'स्वच्छता समग्र' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दोपहर 1 बजे समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नगरीय निकायों को स्वच्छता सम्मान प्रदान करेंगे। समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भी मौजूद रहेंगी। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा पर आधारित विशेष फिल्म एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के डिजिटल पोस्टर का लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रदेश के शहरी विकास के रोडमेप की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे।



### यह होंगे कार्यशाला में चर्चा के विषय

कार्यशाला में सुबह 9 बजे से समानान्तर सत्र के रूप में चर्चा होगी। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोंडवे का प्रारंभिक उद्बोधन प्रदेश में लीगेसी वेस्ट वायु गुणवत्ता और शहरी स्वच्छता की चुनौतियां विषय पर होगा। कार्यशाला के समानान्तर सत्र में प्रमुख रूप से नर्मदा बेसिन, धार्मिक और पर्यटन महत्व के शहरों में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की चुनौतियां विषय रहेगा।

## भाजपा राष्ट्रीय महासचिव, मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज विधानसभा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत 14 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 2 बजे भोपाल के अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन सभागार में दक्षिण पश्चिम विधानसभा के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल विधानसभा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## सियासतनामा



### वापसी करेंगे वीडी द्वारा हटाए संगठन मंत्री?

प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कुछ नया करने के मूड में दिखते हैं। अब खबर है कि वे संगठन मंत्रियों की उस व्यवस्था को वापस लाने की तैयारी में हैं, जिन्हें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा द्वारा हटा दिया गया था। सितंबर 2021 में पार्टी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शैलेंद्र बरुआ (जबलपुर और होशंगाबाद), आशुतोष तिवारी (भोपाल और ग्वालियर), जितेंद्र लिटोरिया (उज्जैन), श्याम महाजन (रीवा और शहडोल), जयपाल चावड़ा (इंदौर) और केशव सिंह भदौरिया (सागर और चंबल) को संभागीय संगठन मंत्री पद से हटाकर प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य बनाया था। इन संगठन मंत्रियों में केशव भदौरिया को छोड़कर 5 नेताओं को राज्य सरकार ने मंत्री का दर्जा देकर निगम-मंडलों में एडजस्ट किया था। खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष बने तीन माह से अधिक का समय गुजर चुका है। भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी दिवाली से पहले घोषित हो सकती है।

### दिग्विजय- उमंग की भेंट दिखावटी तो नहीं....!

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद उमंग सिंघार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बंगले जाकर चौंकाया था, अब वहीं काम दिग्विजय ने उमंग के बंगले जाकर कर दिया। उमंग को राहुल गांधी कैंप का माना जाता है। कहा जाता है कि राजनीति में दोस्ती-दुश्मनी स्थाई नहीं होती। राजनीतिक हलकों में इनकी मुलाकातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। जानकारों का कहना है कि दिग्विजय-उमंग में मतभेद इतने गहरे हैं कि इनके बीच पटरी बैठ ही नहीं सकती। बताया गया कि दिग्विजय आदिवासी जननायक टंट्या मामा भील की फिल्म को लेकर सिंघार के बंगले पहुंचे थे।

### बिहार के यदुवंशियों को रिझाने जाएंगे 'मोहन'

पार्टी नेतृत्व ने डॉ. मोहन यादव को बिहार में यादव बाहुल्य विधानसभा सीटों में जीत दिलाने की जवाबदारी सौंपी है। मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह का बिहार में डेरा है। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को भी जवाबदारी सौंपी गई है। पार्टी के अन्य नेताओं को भी चुनाव में भेजा जाएगा, पर सबकी नजर मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर ही होगी। उनकी ताबड़तोड़ सभाओं और रोड शो के कार्यक्रम बन रहे हैं। खबर है कि वे 17 अक्टूबर को बिहार जा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों ने उड़ाई नेताओं की नींद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल्ली दौरों ने कई नेताओं की नींद भी उड़ा रखी है। नवरात्रि के पहले तक इन्हें प्रदेश सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों और मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा था। चर्चा यह भी थी कि चूंकि उनका बंगला दिल्ली में हो गया है और मप्र में दौरों और अन्य व्यस्तताओं के कारण समय नहीं मिलता इसलिए दिल्ली जाकर बंगले में वे फाइलें निबटाते हैं। दिल्ली में मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री अमित शाह से ही पांच मुलाकातें कर चुके हैं।

### भाजपा के पूर्व विधायक की वीडी पर टिप्पणी

भाजपा के एक पूर्व विधायक गुड्डन पाठक पहले पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पर टिप्पणी को लेकर चर्चा में आए थे और अब पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को कठघरे में खड़ा कर दिया। वीडी की तुलना उन्होंने भारतीय इतिहास के सनकी सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक से कर डाली। पाठक ने एक्स पर लिखा कि जैसे सुल्तान ने चमड़े के सिक्के चलवा कर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया था, उसी तरह सुल्तान बनने पर आपने छतरपुर में चमड़े के सिक्के चलवा कर अपना नाम अमर करवा लिया। यह पोस्ट उन्होंने वीडी के जन्मदिन पर एक फोटो शेयर करते हुए डाली। पाठक ने लिखा की उम्मीद है कि अगले जन्मदिन के पूर्व हम आप त्रुटियों को ठीक करने की सहमति बनाने में सफल होंगे।

दिनेश निगम 'त्यागी'

### मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में की उच्च शिक्षा गतिविधियों की समीक्षा

# विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाएं अधिक से अधिक रोजगारपरक, बहुउद्देश्यीय कोर्सेसः मुख्यमंत्री

» अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि में अगले सत्र से शुरू करें कृषि संकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा है कि मप्र के सभी यूनिवर्सिटी कैंपस एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थान विश्वस्तरीय बनाए जाएं। सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रोजगारपरक एवं बहुउद्देश्यीय विषय एवं कोर्सेस शुरू किए जाएं। सीएम उच्च शिक्षा विभाग और प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रोजगारपरक नवीन विषय प्रारंभ करने के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, प्रमुख सचिव खेल एवं युवक कल्याण मनीष सिंह सहित प्रदेश के सभी विवि के कुलगुरू, उच्च शिक्षाविद् एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### विमानन क्षेत्र के पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी विवि में अगले सत्र से कृषि संकाय और सम्राट विक्रमादित्य विवि, उज्जैन में बीटेक में डेयरी टेक्नॉलाजी का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। विद्यार्थियों में इन कोर्सेस का प्रचार करें जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इस विषय की पढ़ाई के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विमानन क्षेत्र में बड़ा स्कोप है, इसलिए विश्वविद्यालयों में इसके पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विवि, उज्जैन में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का भी समग्र अध्ययन कराया जाए। इसके लिए इस विश्वविद्यालय को आयुर्वेदिक विवि बनाने पर भी गंभीरता से विचार कर निर्णय के लिए रखा जाए। उन्होंने कहा कि पाणिनी विवि को आयुर्वेद विवि बनाने से इस विश्वविद्यालय का परिधि क्षेत्र बढ़ेगा और प्रदेश के करीब 50 से अधिक आयुर्वेदिक महाविद्यालय इसके दायरे में आ जाएंगे।

### भर्तियों को टाइम-फ्रेम में लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालयों में सभी प्रकार की भर्तियों को टाईम-फ्रेम में लाएं और जल्द से जल्द सभी प्रकार की भर्तियां एवं नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएं। इस पर अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं।

# एसआईआर के पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-घटाने पर रोक

» एसआईआर प्रक्रिया में ही जुड़ेंगे नाम, सभी मतदाताओं को भरना पड़ेगा गणना पत्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 22 साल बाद स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने जिले की वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन कराने पर रोक लगा दी है। अब एसआईआर होने के बाद ही फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। जिला प्रशासन के अफसरों ने बताया कि कई बार शिकायतें आती थीं कि कुछ पात्र मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ते और कई मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम जुड़े हुए हैं। एसआईआर सर्वे इन्हीं कमियों को दूर करने की कोशिश है। सर्वे में घर-घर जाकर मतदाता की जानकारी जुटाई जाएगी और उसका मिलान बूथ स्तर पर उपलब्ध रिकॉर्ड से किया जाएगा। इसके लिए भोपाल में 2900 से ज्यादा बीएलओ को ट्रेनिंग दे दी गई हैं।

### एसआईआर में अभी लगेगा दो महीने का समय

विधानसभा या लोकसभा चुनाव से जुड़ी मुख्य मतदाता सूची में फिलहाल कोई नया नाम नहीं जोड़ा जाएगा। एसआईआर सर्वे पूरा होने में दो महीने का समय लग सकता है। उसके बाद मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले दोबारा दावा-आपत्ति की प्रक्रिया कराई जाएगी, जिससे कोई पात्र व्यक्ति छूट न जाए। सर्वे के पूरा होने के बाद ही नई और संशोधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### निगम, पंचायत में जुड़वा सकेंगे नाम

दूसरी तरफ ननि, नपा और पंचायत क्षेत्र की वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पहले की तरह जारी रहेगी। यानी जो लोग ननि की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ना या सुधार कराना चाहते हैं।

### 2003 से 2025 के बीच जुड़े वोटर्स का खंगाला रिकॉर्ड

2003 में एसआईआर हुआ था। 2003 की स्थिति में भोपाल की विधानसभा सीटों पर वोटर की संख्या 11 लाख थी। जो अब बढ़कर 21 लाख पहुंच गई है। साथ ही 2003 में विधानसभा सीटों की संख्या 4 थी, ये बढ़कर अब 7 हो गई है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर के बारे में जानकारी दी गई।

### मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा, मप्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

# भावांतर योजना से किसानों को मिले अधिकतम लाभ, प्रचार तेज़ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला व बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भावांतर योजना के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाकर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे प्रत्येक स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो और योजना का लाभ उन्हें पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया के तहत प्राप्त हो।

भावांतर भुगतान योजना की प्रगति की समीक्षा आज महिला एवं बाल विकास मंत्री और मंदसौर-नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में मंदसौर और नीमच जिलों के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। भूरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को योजना का लाभ सुचारु रूप से और समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करना है और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र किसान इससे वंचित न रहे। उन्होंने मंडियों एवं उपमंडियों में हेल्प डेस्क स्थापित करने, पर्याप्त मात्रा में पंजीयन केंद्र संचालित करने और प्रचार-प्रसार के माध्यम से योजना की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### 256 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से प्रक्रिया जारी



मंदसौर जिले में अब तक 16,385 किसानों का पंजीयन हो चुका है। 256 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से यह प्रक्रिया लगातार जारी है। इनमें से 68 केंद्र सहकारी समितियों में संचालित हैं। जिला प्रशासन ने खरीदी प्रक्रिया के लिए मंडियों में पेयजल, छांव, तकनीकी सहायता, रियल टाइम स्टॉक मॉनिटरिंग और मॉडल रेट निगरानी की प्रभावी व्यवस्था की है। पंजीयन कार्य 3 से 17 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि खरीदी प्रक्रिया 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित है।

### योजना के तहत पंजीयन कार्य तेज़ी से चल रहा है

नीमच जिले में भी योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य तेज़ी से चल रहा है। अब तक 7,000 से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है और जिले में 71 पंजीयन केंद्र कार्यरत हैं। इनमें से 68 सहकारी समितियों में एवं 3 मार्केटिंग सोसायटी में संचालित हैं। मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर, पंपलेट के साथ कृषि गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष....

### सूखी सेवनिया आरओबी...

जीएम आरएस चंदेल सम्मिलित हैं। यह दल आर-ई वॉल के धंसने के कारणों की तकनीकी जांच कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगा, जिसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के वक्त सड़क पर कोई वाहन नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक यह घटना दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुई। यह सड़क मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी) के अधीन आती है और इंदौर, होशंगाबाद, जबलपुर, जयपुर, मंडला और सागर जैसे शहरों को जोड़ती है। ब्रिज के पास रिटेनिंग वॉल ढहने का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पहले पत्थर सरकते दिखाई देते हैं और फिर वॉल का एक हिस्सा गिर जाता है। एमपीआरडीसी अधिकारियों के अनुसार यह सड़क वर्ष 2013 में मेसर्स ट्रॉन्सट्राय प्रा. लि. द्वारा बीओटी मॉडल के तहत निर्मित की गई थी। कंपनी द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन न करने पर वर्ष 2020 में अनुबंध निरस्त कर दिया गया था।

**जिम्मेदार के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई:** एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच रिपोर्ट में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित जिम्मेदार के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही एमपीआरडीसी के अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी तत्काल स्थल पर पहुंच गए। सूखी सेवनिया थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने जानकारी दी कि सड़क धंसने के बाद ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है और मौके पर पुलिस बल तैनात है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### उद्योग और रोजगार...

वाली सभी गतिविधियों का स्थापना दिवस संबंधी कार्यक्रमों में प्रभावी और आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक नवंबर मप्र स्थापना दिवस समारोह के संबंध में मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों से अर्थव्यवस्था में आई गतिशीलता पर भी प्रस्तुतीकरण हों। स्थापना दिवस पर बीते दो वर्षों में हुए नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाए। स्थापना दिवस को राज्य उत्सव के रूप में मनाया जाए। भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिला और संभागीय मुख्यालयों पर भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हों।

### प्रसिद्ध पार्श्व गायक ....

ही विरासत से विकास की थीम पर ड्रोन-शो होगा। साथ ही आतिशबाजी भी होगी। मप्र स्थापना दिवस पर दो और तीन नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाल परेड ग्राउंड पर महानाट्य -सम्राट विक्रमादित्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही दो एवं तीन नवंबर को सुगम संगीत की प्रस्तुतियां भी होंगी।

### आज हमारे युवा...

रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश में उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह वर्ष हम निवेश और रोजगार वर्ष के रूप में मना रहे हैं। हम आज हमारी युवा शक्ति, हमारे सपनों और अपने सुनहरे भविष्य में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने उद्यम क्रांति योजना ने प्रदेश के हजारों युवाओं को बैंकिंग सहायता देकर उद्योग शुरू करने का हौसला दिया है। अब हमारे युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। आप सभी देश का कोष भरते हैं। रोजगार के अवसर देते हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करते हैं।

### कोल्ड्रिफ बनाने ...

कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत की जा रही है। मध्यप्रदेश पुलिस रविवार शाम मामले के मुख्य आरोपी और श्रीसन फार्मा के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को लेकर तमिलनाडु पहुंच गई है। उसे 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। वहीं, एसआईटी की टीम ने मेडिकल की टीम से भी चेकिंग और टेस्टिंग कराई है। जहरीली सिरप के मामले में सबूत भी लिए गए हैं।

### निजी हाथों में....

विजय कुमार खरे का मुख्यालय नौगांव कार्यालय तय किया गया है। दोनों को नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। राजाराम कुशवाहा पर भी विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं, क्योंकि उन्होंने कोर्ट के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई का प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं भेजा था। इस पूरे मामले में तत्कालीन इंचार्ज एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आरएस शुक्ला के खिलाफ भी कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। सागर संभाग के चीफ इंजीनियर ने शुक्ला और मिश्रा दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भोपाल मुख्यालय भेजा है।

### वीएचपी बोली...

की खरीदारी उनसे करें, जो आपकी खरीदी से दीपावली मना सकें। वीएचपी के प्रचार प्रमुख जितेंद्र चौहान का कहना है कि विश्व हिंदू परिषद की ओर से लगवाए इन पोस्टर्स का एकमात्र उद्देश्य हिंदू का सपोर्ट करना है। हम इसके माध्यम से समाज का जागरण करना चाहते हैं। इन पोस्टर्स को लेकर पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने कहा- क्या ये लोग डॉ. मोहन भागवत के खिलाफ हैं? भागवत जी कहते हैं सब अपने हैं। बाबा आदम के जमाने से सब अपने हैं। हुजूर से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि स्वदेशी अभियान चल ही रहा है। जिनमें स्वदेशी भाव है, जो भारत माता और हिंदुस्तान को अपनी मातृभूमि मानते हैं। जो इस देश के लिए जीते हैं और मरते हैं, उनसे पटाखे-फुलझड़ी, मिठाई, दीपक, सजाने के लिए झालर लो। उनसे व्यवहार करना ही चाहिए। जो हमारे देश के लिए रहेगा, हम उससे सामान खरीदेंगे।

### ऑपरेशन ब्लू स्टार...

ने भारत के भविष्य के लिए राजीव गांधी की विरासत का पुनर्मूल्यांकन विषय पर अपनी किताब 'द राजीव आइ न्यू' पर चर्चा करते हुआ यह दावा किया। एक दिन पहले पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने कहा था कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए केवल इंदिरा गांधी को दोषी ठहराना सही नहीं है, क्योंकि उस कार्रवाई में सेना, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अगर एकजुट होकर चुनाव लड़े तो भाजपा को हराना मुश्किल नहीं है। वर्तमान समय में राहुल गांधी ऐसे नेता हैं, जो बहुदलीय सरकार चला सकते हैं। अय्यर ने कहा कि मौजूदा समय में चीन के साथ जो हालात हैं, उसमें केवल चीन से दोस्ती ही भारत को दुनिया में नंबर एक बना सकती है। अगर डर में रहे तो भी कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि चीन और भारत अगर एक हो जाते हैं तो वह पूरी दुनिया में मिसाल कायम कर सकते हैं। अब मौजूदा सरकार को यह सोचना है कि उन्हें चीन से मुकाबला करना है या दोस्ती।

### श्रीलंका का शांति ....

पड़ोसी के अनुरोध पर वहां स्थिरता लाने गई थी, उस पर विजय के लिए नहीं। उनका कहना है कि हालांकि, वह मिशन बुरी तरह से गलत साबित हुआ और आरोप लगाया कि भारतीय संस्थाएं जमीनी स्थिति को पढ़ने में नाकाम रहीं और उनकी योजना और उसपर अमल करने का तरीका भी बेकार था।

### नवाचार और संचालित....

विकास के लिए स्थितियों की पहचान करने के लिए वर्ष 2025 के लिए आर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है।

## चेन्नई में हुई सुरक्षित लैंडिंग, तीन दिन में दूसरी घटना

# इंडिगो एयरक्राफ्ट के कॉकपिट विंडशील्ड में नजर आया क्रैक

एजेंसी ▶▶ चेन्नई




सोमवार को एक बार फिर इंडिगो के एटीआर एयरक्राफ्ट के कॉकपिट विंडशील्ड में क्रैक आने की घटना सामने आई है। जिस फ्लाइट में यह घटना हुई है, वह चेन्नई जा रहा था और उस पर 67 यात्री सवार थे। तीन दिनों के अंदर चेन्नई आने वाले किसी एयरक्राफ्ट के साथ यह दूसरी घटना है। फ्लाइट तूतीकोरिन से दोपहर 2 बजकर चार मिनट से चेन्नई के लिए रवाना हुई। करीब 15,000 फीट की ऊंचाई पर जिस समय फ्लाइट आगे बढ़ रही थी, तभी पायलट की नजर विंडशील्ड पर गई जिस पर उन्हें मामूल क्रैक नजर आया। संभावित खतरे को भांपते हुए, पायलट ने तुरंत चेन्नई एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इनफॉर्म किया और इमरजेंसी लैंडिंग की मंजूरी मांगी। एटीसी ने तुरंत इसकी इजाजत दी और पायलट ने फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग की। विमान दोपहर 3.27 बजे उतरा, जो उसके निर्धारित आगमन समय 3.35 बजे से लगभग आठ मिनट पहले था। लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. इसके बाद एयरक्राफ्ट को एयरलाइन इंजीनियर्स की तरफ से इंस्पेक्शन के लिए मेंटेनेंस बे में ले जाया गया। आपको बता दें कि तीन दिन पहले ही इसी तरह की एक और घटना हुई थी। तब मदुरै से चेन्नई जा रही इंडिगो की एक उड़ान, जिसमें 79 लोग सवार थे, को इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत लेनी पड़ी थी। उस समय भी पायलट ने मिड एयर विंडशील्ड में इसी तरह के क्रैक देखे थे।

### डीजीसीए ने जांच के आदेश दिए

एयरपोर्ट अधिकारी और इंजीनियर इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या ऊंचाई पर दबाव में अंतर या कहीं मैन्युफैक्चरिंग में फॉल्ट्स की वजह से तो विंडशील्ड में बार-बार दरारें नहीं आ रहीं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भी दोनों घटनाओं की आधिकारिक जांच के आदेश दिए हैं।

**मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम**
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
न्यू ब्रायलर भवन, मेन रोड नं.-3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2776086, Email : mplpdcbpl@rediffmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा गेहूं भूसा क्रय (द्वितीय आमंत्रण)**

वर्ष 2025-26 में बुल मदर फार्म, केन्द्रीय वीर्य संस्थान एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला भदभदा, भोपाल हेतु गेहूं भूसा क्रय हेतु ई-टेंडर द्वारा दरें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 14.10.2025 से क्रय कर **दिनांक 27.10.2025 को सायं 05.30 बजे तक** प्रस्तुत की जा सकती हैं। विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु **www.mptenders.gov.in** पर लॉग-ऑन करें।
म.प्र. माध्यम/122501/2025 — **प्रबंध संचालक**

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — Union Bank of India** (भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking)
क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल सेन्ट्रल
प्रथल तल, 1513/1/1, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
rh.bhopal@unionbankofindia.com
संपत्ति विवरण हेतु QR कोड स्कैन करें।

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **30 अक्टूबर 2025** को बेचा जाएगा।

| शाखा का नाम ऋणी का नाम | ऋणी की संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मालवीय नगर शाखा, भोपाल (म.प्र.)** | | | |
| ऋणी-**श्री लोकेन्द्र सिकरवार** 1.वार्ड नं. 5, कृष्णा कालोनी, किंगी रोड, बरेली, जिला-रायसेन (म.प्र.) 464668 2. फ्लैट नं. एस-1, ई-7, 12 पार्क व्यू अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) 462016 **जमानतदार - 2. श्रीमती रेनू सिकरवार** वार्ड नं. 5, कृष्णा कालोनी, किंगी रोड, बरेली, जिला-रायसेन (म.प्र.) 464668 | खुली रिहायशी डायवर्टेड भूमि जिसका क्षेत्रफल- **3.025 एकड़ है,** स्थित चैनपुर रोड, प्रिंसटन कालेज के सामने, खसरा नं. 14/1/2 कम्प्यूटर सर्वे नं. 14/1/2/2/ 0001, वार्ड नं. 1, शक्ति नगर तहसील- बरेली जिला- रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- उत्तर- भरत सिंह की जमीन, दक्षिण- बरेली चैनपुर रोड, पूर्व- गोलू धाकड़ की जमीन, पश्चिम-खोजर की जमीन | ₹ 1,01,75,342/- आरक्षित मूल्य का 10% भौतिक कब्जा | ₹ 60,66,306.09 (मांग सूचना दि. 06-04-2021 के अनुसार) + ब्याज एवं खर्चे |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : **30/10/2025,** दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://ebkray.in
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://ebkray.in
तारीख : 13.10.2025 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: भोपाल — यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
क्रमांक 699 / राजस्व / भोविप्रा / 25 भोपाल
दिनांक: 30/09/2025
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक–220 सेक्टर–सी, श्री जी.पी. सक्सेना के नाम पर अंकित है। आवंटी की पत्नी श्रीमती स्वर्णलता सक्सेना पत्नी स्व. श्री जी.पी. सक्सेना द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित फ्लेट नं–एस–2 द्वितीय तल क्षेत्रफल 450 वर्गफुट का विक्रय, श्री गुरुमुखदास मंघानी आ. श्री आवतराम मंघानी को दिनांक 24.05.2003 को किया गया। श्री गुरुमुखदास मंघानी आ. श्री आवतराम मंघानी का स्वर्गवास दिनांक 01.01.2016 को हो जाने के कारण उनके वारिसगण जिनमें श्री हरीश मंघानी सारिका मंघानी पुत्र/पुत्री श्री गुरमुख दास मंघानी एवं श्रीमती आषा मंघानी पत्नी स्व. श्री गुरमुख दास मंघानी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त फ्लेट नं.–एस–2 द्वितीय तल क्षेत्रफल 450 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य /दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण**

























## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6018



**बाएँ से दाए**
1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

**शब्द पहेली - 6017 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्ज | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6028

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

### चांदी एक दिन में 13000 महंगी, 1.78 लाख रु. किलो हुई, सोना 2,700 बढ़कर 1.28 लाख रुपए पहुंचा

# सराफा बाजार में चांदी की शॉर्टेज, सौदे कैंसिल, बुकिंग की सप्लाई रूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले सोमवार को सोने और चांदी की कीमत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए। स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में चांदी की कीमत एक दिन में 13000 रुपए बढ़कर 1,78,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2700 रुपए बढ़कर 1,28,000 रुपए हो गए हैं। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार बाजार में आलम यह कि चांदी की सार्टेज हो गई है। बड़े थोक व्यापारी चांदी के सौदे कैंसिल कर रहे हैं तो पहले की बुकिंग की सप्लाई भी रोक दी है। फेस्टिव सीजन, इंडसट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है।

## सोने-चांदी ने निवेशकों को दिया बंपर रिटर्न

*भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक निफ्टी50 और सेंसेक्स ने अभी तक कोई नया रिकॉर्ड नहीं बनाया, लेकिन सोना और चांदी निवेशकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण बने हुए हैं। निफ्टी 50 ने 2024 में 65 बार नई ऊंचाई छुई थी,लेकिन 2025 में अब तक यह रिकॉर्ड नहीं बना पाया। पिछले 15 सालों में ऐसा केवल चार बार (2010, 2011, 2012 और 2016) हुआ है। वहीं, सोना इस साल अब तक 65 बार नई ऊंचाई पर पहुंच चुका है, जो इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी बार है। इससे पहले 1979 में सोना 57 बार रिकॉर्ड तोड़ चुका था। चांदी भी 50 डालर प्रति औंस के स्तर को पार कर चुकी है, जो अब तक तीसरी बार हुआ है।*

## भारतीयों के घर में 34,600 टन गोल्ड, वैल्यू करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर

*भारतीय परिवारों के पास मौजूदा समय में 34,600 टन गोल्ड मौजूद है और इसकी वैल्यू करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर या जीडीपी के 88.8 प्रतिशत के बराबर है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की ओर से शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। बीते एक साल में गोल्ड की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है और यह ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक गोल्ड की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,056 डॉलर प्रति औंस पर बनी हुई है और घरेलू बाजार में सोने के दाम 1,27,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। इस साल की शुरुआत से अब तक सोने ने डॉलर में 54.6 प्रतिशत और रुपए में 61.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।*

# कोक्स एंड किंग्स ने दो नए आउटलेट्स खोले

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

कोक्स एंड किंग्स ने मध्य भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए भोपाल में दो नए फ्रेंचाइजी आउटलेट्स की शुरुआत की है।

पहला आउटलेट शॉप नं. 10, फस्र्ट फ्लोर, हरे कृष्णा कॉम्प्लेक्स, 10 नं. मार्केट और दूसरा आउटलेट शॉप नं. 13, सेकंड फ्लोर, मेपल हाई स्ट्रीट, अशिमा मॉल के सामने, होशंगाबाद रोड में खोला,जो शिक्षा, व्यापार और संस्कृति का प्रमुख केंद्र है, अब तेजी से एक उभरते हुए ट्रैवल मार्केट के रूप में भी पहचान बना रहा है। कंपनी के डायरेक्टर करण अग्रवाल ने कहाकि भोपाल एक तेजी से विकसित होता शहर है, जहां लोगों में अब ट्रैवल को लेकर नई सोच और जिज्ञासा दिख रही है। हमारे दोनों आउटलेट्स का उद्देश्य है कि भोपाल के हर हिस्से में रहने वाले ग्राहकों को स्पीलाइज़्ड सलाह, बेहतर सेवा और भरोसेमंद ट्रैवल सॉल्यूशन्स एक ही जगह पर मिल सकें।


## कार्यालय कलेक्टर जिला हरदा एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

प्र.क.5825/ भू-अर्जन/ प्र.क.04/अ-82/ 25-26 हरदा दिनांक 26/6/2025

धारा- 11 की प्रारंभिक अधिसूचना

(भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11)

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है। अतः भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर ओर पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (7) में वर्णित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-11 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। लोक प्रयोजन (लोक निर्माण विभाग संभाग हरदा अंतर्गत हरदा खण्डवा रिंग रोड के निर्माण हेतु) के लिये ग्राम-बैरागढ़ तहसील-हरदा जिला हरदा में कुल अर्जित अशासकीय रकबा 0.1644 हेक्टर अर्जन होना है, जो मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत है एवं आम जनता के व्यापक एवं दूरगामी हितों से सम्बद्ध है तथा इसमें क्षेत्र में परिवारों का विस्थापन भी नहीं होगा। अतः इसमे उपर्युक्त कारणों से सामाजिक समाघात के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

अनुसूची - 1

| स. क्रं. | सर्वे नम्बर | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्रफल (हेक्टर में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम ओर पता (राजस्व अभिलेख अनुसार) | धारा-12 के लिए प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | 12/5 | भू-स्वामी | सिचिंत | 0.1644 | संजय कुमार आ. वंशीलाल विश्नोई सा.देह | कार्यपालन यंत्री लोक विभाग (भ/स) संभाग हरदा निर्माण | लोक निर्माण विभाग संभाग हरदा अंतर्गत हरदा- खण्डवा रिंग रोड के निर्माण हेतु |
| कुल रकबा | | | | 0.1644 | | | |

1 अधिनियम की धारा-11 (4) कि अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से भूमि का कोई भी सव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी सव्यवहार नही होने देगा अर्थात् क्रय/विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा।
2 अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो, फाइल किए जा सकेंगे।
3 भूमि से संबंधित नक्शा (प्लान) कार्यालय कलेक्टर हरदा एवं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरदा में किसी भी कार्य दिवस के दौरान देखा जा सकता है।
4 उक्त अधिसूचना जिले की वेबसाइट www.harda.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

कलेक्टर हरदा एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग (म.प्र.)

G-20006/25 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो


# एलन टैलेंटेक्स में 1.70 लाख से अधिक स्टूडेंट्स हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से देश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित की जाने वाली एलन टैलेंटेक्स परीक्षा के 12वें संस्करण की ऑफलाइन परीक्षा का दूसरा चरण रविवार 12 अक्टूबर को हुआ। इस चरण में 25 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 446 शहरों के 726 केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1.70 लाख से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि रविवार को देश के पंजाब, आंप्र, कर्नाटक, तमिलनाडू, मप्र, ओडिशा, छग, हिप्र, पुडुचेरी, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, आसाम, पश्चिम बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, बिहार, झारखंड, सिक्किम में परीक्षा हुई।

## दोनों परीक्षाओं का संयुक्त परिणाम नवंबर के पहले सप्ताह होगा जारी

*अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में अब तक करीब 18.25 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की गई। 5 व 12 अक्टूबर को आयोजित दोनों परीक्षाओं का संयुक्त परिणाम नवम्बर के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा। परिणामों में विद्यार्थियों को उनकी ऑल इंडिया रैंक व स्टेट रैंक के साथ नकद पुरस्कार व स्कॉलरशिप की घोषणा की जाएगी। परिणामों के बाद चयनित विद्यार्थियों को कैश अवार्ड तथा नियत तिथि तक एलन में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का तिहरा लाभ मिल सकेगा। टैलेंटेक्स के माध्यम से एलन से जुड़ने वाले कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने पूर्व में आईआईटी, नीट व ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ऑल इंडिया टॉप 100 में रैंक हासिल की है।*

### 69750 रुपए की राशि बतौर मंडी शुल्क जमा कराकर ट्रक को किया मुक्त

# भोपाल मंडी के उड़नदस्ता दल ने अवैध परिवहन करते पकड़ा ट्रक में भरा पौने 12 लाख रुपए का गोंद



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक और संयुक्त संचालक, उपसंचाल, सचिव प्रवीण वर्मा के निर्देश पर अवैध व्यापार पर नियंत्रण के लिए गठित आकस्मिक निरीक्षण दल के ने अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर धरपकड़ की कार्रवाई की। टीम ने निरीक्षण के दरमियान वाहन क्रमांक एमपी17एचएच 2998 में अधिसूचित कृषि उपज का 150 क्विंटल गोंद, जिसकी कीमत 12 लाख 75 हजार रुपए आंकी गई को अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। जो कि मंडीदीप जिला रायसेन से विक्रय के लिए आरएस कॉरपोरेशन पश्चिम बंगाल जा रहा था।

## मौके पर कोई भी कागजात नहीं दिखाए

*निरीक्षण दल ने वाहन का निरीक्षण किया और चालक से कथन लिए, जिसमें वाहन चालक प्रकाश अहिरवार ने बताया गया कि यह गोंद औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप जिला रायसेन से शिवाय इंटरप्राइजेज से भरी गई है। वाहन में भरी कृषि उपज गोंद के कागजात मांगे गए तो चालक द्वारा मंडी शुल्क भुगतान की रसीद एवं अनुज्ञा पत्र इत्यादि मौके पर कोई भी कागजात नहीं दिखाए।*

## जीवन राजपूत और अंगीरा प्रसाद पांडे ने बनाया पंचनामा

*अतः संदेह के आधार पर रोके गए वाहन की वस्तु स्थिति का पंचनामा जीवन राजपूत और अंगीरा प्रसाद पांडे सहायक उप निरीक्षक ने तैयार कर मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए वाहन को मंडी लाया।*

## सचिव प्रवीण वर्मा के निर्देश पर हुआ समझौता और जमा कराई मंडी शुल्क की राशि

*मंडी में उपसंचालक/सचिव प्रवीण वर्मा ने राधिका प्रसाद गुप्ता मंडी निरीक्षक को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मंडी समिति भोपाल ने कार्यवाही करते हुए मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत पांच गुना मंडी शुल्क 63750 रुपए मंडी अधिनियम की धारा 53 के तहत समझौता शुल्क 5000 रुपए एवं शास्ति की राशि 1000 रूपए यानी कुल 69750 रुपए की राशि बतौर मंडी शुल्क के रूप में मंडी कार्यालय में जमा करा कर वाहन को प्रकाश अहिरवार के आवेदन पर विचार कर मुक्त किया।*


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

E-mail id mobhopal@gmail.com

क्रमांक / 3048/खनिज / 2025 भोपाल, दिनांक 6/10/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमित राठौर आ. श्री रमेश राठौर निवासी ई 205, न्यू सुभाष नगर जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 30.09.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | बगरोदा | 700/2 | रकबा 7.5970 हे. में से 4.000 हें | शासकीय | मुरूम | रकबा 4.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 06:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला भोपाल

जी - 19953/25 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय आयुक्त, पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विंध्याचल भवन, भोपाल मध्यप्रदेश,

दूरभाष नं.-0755-2515141, ई-मेल- bcbpl.nic.in

(निविदा सूचना)

आयुक्त कार्यालय पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल हेतु कम्प्यूटर उपकरण/सामग्री के क्रय हेतु पंजीकृत फर्मो से जेम पोर्टल के माध्यम से बिड संख्या क्रमांक GEM/2025/B/6773134 जारी किया गया है। इच्छुक निविदाकार दिनांक 22.10.2025 तक निविदा जमा कर सकतें है। प्राप्त निविदा प्रस्ताव दिनांक 22.10.2025 को खोले जावेगें। निविदा का विवरण प्रपत्र एवं शर्तें जेम पोर्टल पर उपलब्ध है।

उप संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश, भोपाल,

जी - 20011/25 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त, मध्य प्रदेश

220, राजस्व राहत भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

दूरभाष 0755-2559537, Email: prirevcom@mp.gov.in, Website: www.prc.mp.gov.in

क्रमांक /PRC/Store/2024/7682 भोपाल, दिनांक 8/10/2025

अल्पकालिक निविदा सूचना

क्रमांक PRC/स्टोर/2024/4380 दिनांक 13.06.2025 के निरस्तीकरण की सूचना

कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्यूटर एवं प्रिंटर सामग्री क्रय किये जाने हेतु अल्पकालिक निविदा सूचना क्रमांक PRC/स्टोर/2024/4380 दिनांक 13.06.2025 द्वारा GEM Portal पर जारी BID क्रमांक GEM/20254/B/6319445 को अपरिहार्य कारणोंवश निरस्त किया जाता है।

उप राजस्व आयुक्त मध्यप्रदेश

जी -19955/25 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

क्रमांक/724/रीडर-1 बेगमगंज दिनांक 23.07.2025

(उद्घोषणा)

(धारा-6 भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित एवं ग्रामवासियों ग्राम हिनोतिया पचौरी प.ह.नं. 14 ग्रास पंचायत गेंहूरास तहसील बेगमगज, जिला रायसेन को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के अनुसार मध्यप्रदेश शासन ने आरक्षित वन घोषित करने का विनिश्चय किया है। तदाशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में दिनाक 28.08 1970 को प्रकाशित की जा चुकी है। जिसमें वन की स्थिति एवं सीमाए विनिर्दिष्ट की गई है। यह भूमि आरक्षित हो जाने पर किसी भी प्रकार का दखल, प्रवेश, उपयोग, मार्ग एवं चराई अधिकार, वनोपज संबधी अधिकार, उत्खनन संबधी अधिकार, कृषि आदि जीवकोपार्जन अधिकार बंद एवं प्रतिबंधित जो जावेगा। उल्लंघन होने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं अन्य सुसंगत वन विधियों व विधानों के अतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

अतः एतद्वारा अपेक्षा की जाती है कि इस उद्घोषणा के प्रकाशन दिनांक से तीन माह के अन्दर कोई भी या समस्त हितग्राही व्यक्ति, पक्षकार आदि उपरोक्त कार्यालय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन के समक्ष उपस्थित होकर अपने अधिकार, दावाकृत प्रतिकार, स्वत्य आदि बावत प्रमाणों, दस्तावेजो सहित लिखित सूचना, आपत्ति आदि प्रस्तुत करे तथा प्रमाणित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उद्‌घोषणा आज दिनांक 23:072025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन (म.प्र)

जी - 19959/25 स्वच्ता ही सेवा है।



## कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक / 9056 वित्त/2025 रायसेन, दिनांक 01/10/2025

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये वाहन किराये पर लिये जाने हेतु विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कलेक्टर कार्यालय एवं जिला कार्यालय रायसेन से संबंधित अन्य कार्यालयों तथा तहसील कार्यालयों (मुख्यालय स्तर पर- रायसेन / गैरतगंज / बेगमगंज / सिलवानी / सुल्तानपुर / उदयपुरा / बरेली/बाड़ी / गौहरगंज/देवरी) में पदस्थ तहसीलदारो के लिये मासिक दर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु टैक्सी कोटे में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से रजिस्टर्ड वाहन समय-समय पर आवश्यकतानुसार किराये पर लिये जाने हैं, इस हेतु संलग्न विस्तृत निविदा शर्तों के साथ सीलबंद निविदायें पंजीकृत फर्मो/संस्थाओं/व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 27/10/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन में आमंत्रित की जाती हैं। उक्त प्राप्त निविदाएँ दिनांक 29/10/2025 को समय अपरान्ह 04:00 बजे कलेक्टर कार्यालय रायसेन के सभाकक्ष में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी जिले की वेबसाइट https://raisen.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

डिप्टी कलेक्टर वास्ते कलेक्टर रायसेन

जी -20017/25 स्वच्छता ही सेवा



## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में 'आईपीआर' पर जागरुकता कार्यक्रम



**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण प्रौद्योगिकी महाविद्यालय (एलएनसीटी) ने एमएसएमई नवाचार योजना के अंतर्गत, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और एसोचैम आईपी सुविधा केंद्र (एआईपीएफसी) के सहयोग से एमएसएमई और स्टार्टअप्स की व्यावसायिक सफलता के लिए आईपीआरड़ पर एक आईपीआर जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। विशेषज्ञ विजय शिवपुजे और अपर्णा पंढारकर ने आईपीआर व्यावसायीकरण, मूल्यांकन और एमएसएमई पहलों पर गहन विचारोत्तेजक सत्र प्रस्तुत किए, जिसमें व्यावसायिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि हम शोध और नवाचार के लिए प्रतिबद्धत है। प्राचार्य डॉ. वी. के. साहू और आयोजन समिति - डॉ. अनूप कुमार चतुर्वेदी, डॉ. आनंद सिंह, प्रो. सिजी जॉर्ज और डॉ. सरवन कुमार साबले ने सभी का आभार माना।

### आईईएस यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट विभाग के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के एमबीए, बीबीए एवं बीकॉम के छात्रो ने मंडीदीप स्थित एल एम बकेर्स का भ्रमण एवं अध्यन किया। आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इस विजिट के दौरान साइट पर इंडस्ट्रियल विसिट कोऑर्डिनेटर अखिलेश छात्रों से रूबरू हुए एवं उन्हें पारलेमैनुफेक्चुरिंग यूनिट की विस्तार में जानकारी दी। विजिट के दौरान छात्रों ने सर्वप्रथम मैनुफेक्चुरिंग यूनिट का भ्रमण किया तद्उपरांत यूनिट के विजिट कोऑर्डिनेटर ने उन्हे पारले जी मैनुफेक्चुरिंग के बारे में समझाया साथ ही छात्रो को प्रेजेंटेशन के मध्यम से पारले जी के इतिहास एवं सम्पूर्ण यूनिट की जानकारी दी।
आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह ने छात्रो की एल एम बकेर्स की प्रतिक्रिया को समझने में उत्सुकता की सराहना की।

### एसबीआई का 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान 31 अक्टूबर तक

**भोपाल।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर दो राष्ट्रीय अभियानों प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान और विकसित कृषि संकल्प अभियान में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। इन संयुक्त पहलों का उद्देश्य प्रमुख राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, असम, ओडिशा, तमिलनाडु और कर्नाटक के किसानों को खरीफ मौसम के दौरान सशक्त और सहयोग प्रदान करना है। इसके ज़रिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का लक्ष्य किसानों में फसल बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें आर्थिक रूप से मज़बूत बनाना और देशभर में टिकाऊ कृषि विकास को प्रोत्साहित करना है। मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" अभियान, जो 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, का उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़े हर किसान तक सीधे पहुंचना है।

### सैनडिस्क का डब्ल्यूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी लांच

**भोपाल।** सैनडिस्क ने भारत में डब्ल्यूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी पेश की है। क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई यह एसएसडी परफॉर्मेंस के मामले में नए मानक स्थापित करती है। इसे एआई वर्कफ्लो में तेजी लाने, भारी प्रोडक्टिविटी टास्क संभालने और 4के एवं 8के वीडियो एडिटिंग को स्ट्रीमलाईन करने के लिए बनाया गया है। यह पिछली जनरेशन के मुकाबले 30 प्रतिशत तक बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करती है। इसमें सैनडिस्क बीआईसीएस8 क्यूएलसी 3डी सीबीए एनएएनडी के साथ सैनडिस्क एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी दी गई है। डब्ल्यूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी 7,100 एमबी/एस (1टीबी-2 टीबी मॉडल) तक की रीड स्पीड प्रदान करती है। यह 500जीबी से 4 टीबी तक की स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध है।

### थिंक गैस ने की त्यौहारी सीजन में कीमत कटौती की घोषणा की

**नई दिल्ली।** थिंक गैस ने कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) पर 2.50 रुपए प्रति किलोग्राम कीमत घटाने की घोषणा की। जो तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब में लागू हो गया। कंपनी इन राज्यों में घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (डीपीएनजी) की कीमतों में भी 3 रुपए प्रति एससीएम की कमी करेगी। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलेश गुप्ता ने कहाकि त्यौहारी सीजन से पहले यह पहल की है जिससे व्यापक स्तर पर ग्राहकों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान अपनाने की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा और साथ ही उन्हें काफी बचत भी होगी।

### अमेजन-पे ने लांच किया यूपीआई सर्कल

**मुंबई।** अमेजन पे ने ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल 2025 में कई इनोवेशन्स की घोषणा की है। यूपीआई सर्कल के विस्तार के साथ अब परिवार का कोई भी सदस्य त्वरित यूपीआई भुगतान कर सकता है, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से यूपीआई का उपयोग कर सकते हैं और विश्वसनीय स्मार्ट डिवाइसों के जरिए भी यूपीआई भुगतान संभव हो गया है। अमेजन पे भुगतान के ईको सिस्टम को स्मार्टफोन से आगे विश्वसनीय स्मार्ट डिवाइसों तक बढ़ा रहा है। इस पहल की बदौलत अब स्मार्टवॉच और अन्य वियरेबल डिवाइस से सुरक्षित भुगतान किया जा सकेगा। जिसमें उन्नत बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, डिवाइस-स्तरीय एंक्रिप्शन और रीयल-टाइम फ्रॉड डिटेक्शन शामिल है।

### फैब इंडिया ने पेश किया अपना स्वर्णिम कलेक्शन

**नई दिल्ली।** फैब इंडिया ने अपने स्वर्णि दिवाली 2025 कलेक्शन पेश किया है। गहरे पर्पल और ब्लू शेड्स से बना यह कलेक्शन पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक डिज़ाइन के साथ जोड़ता है, जो त्योहार के दौरान पहनावे और उपहार दोनों के लिए उपयुक्त है। फैब इंडिया के तैयार किये गए प्रत्येक पीस में भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता झलकती है।फैब इंडिया की फैब होम रेंज घर को त्योहारी चमक देता है। हाथ से बने दीये, लैंप, कढ़ाईदार सिल्क कुशन, पीतल की थालियां आपके घर में आकर्षण बढ़ाते हैं।

### कोटक बिजलैब्स सीज़न 2 लांच

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने कोटक बिज़लैब्स एक्सेलरेटर प्रोग्राम के सीज़न 2 के लांच की घोषणा की। यह बैंक की प्रमुख सीएसआर पहल का एक साहसिक विस्तार है, जिसे गहन मार्गदर्शन, बाज़ार पहुंच और उत्प्रेरक वित्तपोषण के साथ शुरुआती राजस्व स्तर के स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए डिजाइन किया गया है। अक्टूबर 2025 से नवंबर 2026 तक चलने वाला, सीज़न 2 भारत भर के 75 से ज़्यादा स्टार्टअप्स को समर्थन देगा, जिसमें डीप-टेक, सस्टेनेबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, फिनटेक, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एडटेक, एग्रीटेक और हेल्थटेक पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उत्तर, दक्षिण, पश्चिम और मध्य भारत में अपनी राष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार कर रहा है और आईआईटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) को एक नए इनक्यूबेशन पार्टनर के रूप में आमंत्रित कर रहा है, जो आईआईएमए वेंचर्स, एनएसआरसीईएल - आईआईएम बैंगलोर और टी-हब के साथ जुड़ रहा है। उद्यमों का चयन और त्वरण सहायता इनक्यूबेटर्स द्वारा प्रबंधित की जाती है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विदिशा

दूरभाष नं. कार्या 07592-232531 ईमेल eeresvidisha@mp.gov.in

क्रं. 2595 / व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2025 विदिशा, दिनांक 08/10/2025

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 05/2025-26

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्र. | टेंडर न. | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) रू लाख में | अमानत राशि (राशि रू लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू लाख में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण क्रं. | दर अनुसूची का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_RES_455367_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय माध्यमिक शाला भवन वर्धा वि.ख. नटेरन | 12.18 | 0.25 | 0.02 | 120 दिवस | द्वितीय | ग्रायासे. की दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील एवं निविदा प्रकाशिन दिनांक तक अद्यतन संशोधित से लागू दर अनुसूची |
| 2 | 2025_RES_455368_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कम्प्यूटर रूम शासकीय माध्यमिक शाला भवन वर्धा वि.ख. नटेरन | 12.18 | 0.25 | 0.02 | 120 दिवस | द्वितीय | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 17.10.2025 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक 05.11.2025 समय 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएँ केवल बेवसाईट पर दी जावेगी, पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

NOTE:- "Bidders are required to offer their bids exclusive of applicable GST. The GST shall be paid by the Government to the contractor seperately"

कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विदिशा

G-19968/25 " स्वच्छता ही सेवा "



## कार्यालय कलेक्टर जिला-विदिशा (म.प्र.)

☎ (07592) 234520, 233302 Fax-237854, 233302, E-mail-deovidisha@gmail.com

क्र./क्यू-5/नाजिर/ई-निविदा/2025/13980 विदिशा, दिनांक 6/10/2025

// ई-निविदा सूचना //

कार्यालय कलेक्टर संयुक्त भवन परिसर विदिशा में स्थित नवीन राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों को सु-व्यवस्थित रखे जाने हेतु पालीथीन एवं प्लास्टिक बॉक्स कय कियें जाने हेतु :-

// ई-निविदा सूचना //

भाग - 1

ई-निविदा आवेदन हेतु शुल्क रुपए 1000/- (One Thousand only) Non Refundable

कार्यालय कलेक्टर संयुक्त भवन परिसर विदिशा में बनें नवीन राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों को सु-व्यवस्थित रखे जाने हेतु पॉलीथीन एवं प्लास्टिक बॉक्स क्रय किया जाना है, जिसमें निविदाकार- संस्था/विक्रेताओं का चयन करने हेतु ई-निविदा की प्राप्त करने की प्रारम्भ तिथि 10/10/2025 एवं अंतिम तिथि 30/10/2025 नियत है। निविदाकार ई-निविदा दिनांक 30/10/2025 समय सांय 5.00 बजे तक निविदा में भाग ले सकता है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

विवरण :- निविदा हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री सूची

| स.क्र. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | Polypropylene BAG Small (Size 11"X16") Zip Lock |
| 2 | Polypropylene BAG Big (Size 13"X18") Zip Lock |
| 3 | Polypropylene BAG Small (Size 11"X16") |
| 4 | Polypropylene BAG Big (Size 13"X18") |
| 5 | प्लास्टिक डिब्बे (Size 11"X16") 24500 ML, AIR TIGHT CONTAINER |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निविदा उपलब्ध होने की तिथि | 09.10.2025 |
| 02 | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत शर्तों-निदेशों के अनुसार तकीनीकी और वित्तीय ई-निविदा पूर्व आपत्ति निर्धारित प्रारूपें मेल के माध्यम से | 10.10.2025 |
| 03 | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत शर्तों-निदेशों के अनुसार तकीनीकी और वित्तीय ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | 10.10.2025 |
| 04 | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत शर्तों-निदेशों के अनुसार तकीनीकी और वित्तीय ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि | 30.10.2025 |
| 05 | निर्धारित नियत-शर्तो/निदेशों के अनुसार तकनीकी ई-निविदा के रूप में अन्य अभिलेखों के साथ-साथ बेबसाईड में अपलोड ई-निविदा आवेदन शुल्क और धनराशि (अर्नेस्टमनी) का अलग-अलग प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 30.10.2025 |
| 06 | निविदा समिति / अधिकृत अधिकारियों द्वारा ई-निविदा की तकनीकी प्रस्ताव खोले जाने तथा नियमानुसार तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन आदि हेतु तिथि | 31.10.2025 |
| 07 | प्राप्त निविदा के संबंध में अपत्ती प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 01.11.2025 |
| 08 | तकनीकी ई-निविदा में सफल निविदाकारों की नियनानुसार वित्तीय ई-निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | निविदा समिति के निदेशांनुसार यथा समय |

(कलेक्टर द्वारा अनुमादित)

डिप्टी कलेक्टर वास्ते कलेक्टर, विदिशा

G-19971/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत

जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती होने के बाद ऐसी आशंकाएं जताई जा रही थी कि महंगाई के मोर्च पर झटका लग सकता है, लेकिन हुआ इसके बिलकुल उलट। खुदरा महंगाई दर आठ साल के निचले स्तर पर आ गई है। सितंबर में रिटेल महंगाई 1.54% पर रही है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं, अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने सोमवार को जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% से दो ऊपर-नीचे की सीमा में रखने का है। सितंबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी यही कारण रहा कि महंगाई निचले स्तर पर पहुंच गई। महंगाई में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64 से घटकर माइनस 2.28% हो गई है।

सितंबर में ग्रामीण महंगाई दर 1.69 से घटकर 1.07 प्रतिशत हो गई। वहीं शहरी महंगाई 2.47 से घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई। असल में महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। लगातार घटती महंगाई आम लोगों के लिए राहत की बात है, जिसके मुख्य कारण अनुकूल आधार प्रभाव, सब्जियों, दालों, और अनाज जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट हैं। इस स्थिति से आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार और उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि भविष्य में महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता होगी। महंगाई कम होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और वे खरीदारी के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोग जितना खरीदारी करेंगे अर्थव्यवस्था को उतना लाभ होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महंगाई कम होने से देश के लोगों के लिए अपने सपने पूरे करना आसान होगा, घरों से लेकर सपनों की चीजें खरीदने पर कम खर्च होगा और घूमना-फिरना सस्ता होगा। अगर नागरिकों के पास पैसा होगा वो ज्यादा खर्च कर सकेंगे। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि लोगों की जेब में खरीदारी के लिए धन छोड़ा जाए। जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती के पीछे सबसे पहली सोच यही है और इसके सार्थक परिणाम भी आने लगे हैं। खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए, रिजर्व बैंक अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में और कटौती कर सकता है। हालांकि यह महंगाई की आगे की दिशा पर निर्भर करेगा। क्योंकि अधिक बरसात होने के कारण अनेक उत्तरी राज्यों में फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि महंगाई के आंकड़े केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को बाजारों में वास्तविक राहत मिले। ऐसा न हो कि आंकड़ों में तो लगातार महंगाई कम होती रही और आम आदमी को इसका असली लाभ ही न मिल पाए।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

# पहली एआई मंत्री डिएला की नियुक्ति

> एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया है। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई है।'

विडंबना देखिए, मनुष्य द्वारा निर्मित वाहनों ने मनुष्य के पैरों से चलने की ताकत छीन ली। मशीनी तकनीक मनुष्य के हाथों के हुनर छीनती जा रही है और अब हैरान करने वाली वास्तविकता यहां तक पहुंच गई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थात कृत्रिम बुद्धि से निर्मित डिएला नामक रोबोट स्त्री को मानव के विरुद्ध एक प्रति मानव के रूप में अस्तित्व में लाया गया रोबोट का यह दखल राजनीति से नेता के विस्थापन के रूप में देखने में आया है। सत्ता पक्ष डिएला की नियुक्ति से भ्रष्टाचार मुक्त शासन की कल्पना कर रहा है, जबकि विपक्ष इस रोबोट-स्त्री की तैनाती को असंवैधानिक करार दे रहा है।

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई हैं। मैं शासन-प्रशासन को पारदर्शी बनाने और जनता की मदद के लिए हूं। विपक्ष आशंकित न हो, मेरा लक्ष्य जैविक मनुष्य को प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने का नहीं है। मैं किसी की जगह लेने के लिए नहीं आई हूं।' डिएला ने जो कहा वह अजैविक मानव के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य के रूप में अपनी जगह बनाता रोबोट जैविक मनुष्य को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में धकेलता जा रहा है। प्रति मानव रोबोट में बुद्धि डालकर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए कि रोबोट अब एआई की मदद से स्वयं अद्यतन (अपडेट) होने लगे हैं और जो जीवित रोबोट अस्तित्व में आए हैं, वे स्वयं रोबोट पैदा करने लगे हैं। रोबोट के स्वमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक यह अभी भविष्य के गर्भ में जरूर है, किंतु चिंतनीय बिंदू अवश्य है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट 'जेनोबोट्स' अवतरित कर दिया है। इसके आविष्कारक वैज्ञानिकों का दावा है कि यह रोबोट अपने जैसे रोबोट संतान के रूप में पैदा कर सकता है। यह करिश्मा वर्मोंट, हावर्ड और टफ्ट्स विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है। यह रोबोट अफ्रीका में पाए जाने वाले जेनोपस लेविस प्रजाति के मेढ़क के भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं से बनाया गया है। वैज्ञानिकों ने मेंढ़क के भ्रूण की (एंब्रियो) की जीवित कोशिकाओं को अन्य नए जीवन रूपों के तौर पर प्रयोग करने में सफलता पाई है। इसे जीवित क्रिया-कलाप करने लायक जीव के तौर पर देखा जा रहा है। एक मिमि से भी कम चौड़े इन रोबोट्स को पहली बार 2020 में दुनिया के सामने सार्वजनिक किया गया था। ये जीते-जागते रोबोट्स हैं। भ्रूण से विकसित इन रोबोट के दिल को मोटर की तरह उपयोग में लाया जाता है।



मसलन ये जेनोबोट्स मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को एकत्रित करते हैं और रोबोट के रूप में बच्चों को अवतरित (पैदा) करते जाते हैं। जो हूबहू माता-पिता के प्रतिकृति होते हैं। कोई गड़बड़ी होने पर खुद को ठीक भी कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का दावा है कि जेनोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का एकदम नया मौलिक रूप खोजा है। ये रूप विज्ञान के लिए ज्ञात किसी भी रूप नख से शिख तक भिन्न हैं। लोग अभी तक यह जानते हैं कि रोबोट धातु, चीनी मिट्टी या प्लास्टिक से बने होते हैं। जबकि जेनेबोट्स मेंढ़क के जीवित भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं को कतरन (स्क्रैप) करके सेने (इनक्यूबेट) के लिए छोड़ दिया। इन्हें साइबॉर्ग रोबोट की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सिलसिले में सूक्ष्म शल्य क्रिया विषेशज्ञ का कहना है कि 'स्तंभ कोशिकाओं की कतरन को चिमटी और लघु इलेक्ट्रोड से सूक्ष्मदर्शी यंत्र के माध्यम से एक आकार में ढाला गया, फिर इन्हें शरीर का रूप दिया गया। तत्पश्चात ये कोशिकाएं पुनः सक्रिय हो गईं। इस तरह तैयार जेनोबोट्स को जब टुकड़ों में विभाजित किया गया तो वह स्वयं को जोड़कर क्रियाशील हो गया।' इसी कारण ये रोबोट के साथ जीव भी हैं। ये रोबोट समुद्र, नदी और तालाब की गहराइयों से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लाने में सक्षम हैं। लिहाजा इस जीवित मशीन को स्वच्छता के अभियान में भी लगाया जा सकता है। मानव की धमनियों की बाधा को दूर करने में भी इनका इस्तेमाल हो सकता है। ऐसी ही रोबोट तकनीक का कमाल है डिएला।

28 लाख की आबादी वाले देश अल्बानिया की अल्बानियाई भाषा में 'डिएला' का अर्थ 'सूरज' होता है। डिएला को अल्बानिया की पारंपरिक वेशभूषा में सौम्य, सुंदर और सुशील स्त्री को रोबोट के रूप में विकसित किया है। डिएला की वाणी और मुखाकृति अल्बानियाई अभिनेत्री अनिला बिशा का मॉडल है। प्रधानमंत्री ने इन्हें सार्वजनिक खरीद मंत्रालय का मंत्री बनाने की घोषणा विधिपूर्वक राजधानी तिराना की संसद में की थी। अल्बानिया यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया को पूरी होने में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा बन रहा है। इसीलिए डिएला को सरकारी खरीद निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और कदाचरण खत्म करने की दृष्टी से नियुक्त किया है। यानी डिएला का मनोनयन रामा सरकार की रणनीति की एक कूटनीतिक चाल है। पीएम रामा इसी लक्ष्यपूर्ति के बहाने राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाए जाने के प्रति, प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार में शामिल अन्य मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों ने कहना शुरू कर दिया है कि सार्वजनिक व्यय में भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। इसके विपरीत विपक्षी सांसद दावा कर रहे हैं कि यह तथाकथित एआई से संचालित स्त्री रोबोट भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम करेगा। क्योंकि हम जानते हैं कि अंततः रोबोट एक मशीन है, जिसके डाटा व सर्किट में परिवर्तन किए जा सकते हैं।

अल्बानिया के संविधान में जनता द्वारा निर्वाचित सांसद को ही मंत्री बनने का अधिकार है न कि किसी स्त्री रोबोट के आभासी अवतार को ? यह तरीका इंसान को जीवंत राजनीति से विस्थापन का कुटिल तकनीकी उपाय भर है, जो किसी भी देश और मानव जाति के लिए घातक है। कोई प्रतीक मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता है। डिएला की तैनाती में जो सबसे प्रमुख कमी है, वह है कि इसकी गलतियों के लिए जिम्मेदार किसे ठहराया जाए? अतएव एआई कुशल और समावेशी शासन व्यवस्था के लिए एक शक्तिशाली मशीनी यंत्र अवश्य है, तथापि इसके उत्तरदायित्व और लोक विश्वास सुनिश्चित होने जरूरी हैं, जिससे इसके नैतिक और लोकतांत्रिक मानदंड निर्धारित हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विदेश
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# धौंस-धमकान की नीति ट्रंप के लिए होगी आत्मघाती

धमकाने और धौंस की नीति पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी झूठी चौधराहट और खनिजों के चक्कर में लगता है दुनिया के देशों में अमेरिकी विरोधियों की बड़ी फौज ही तैयार करते जा रहे हैं। शांति के नोबल पुरस्कार का ट्रंप का सपना धरा का धरा ही रह गया है और अब 30% टैरिफ के अतिरिक्त 100% और यानी कि 130 प्रतिशत टैरिफ लगाकर चीन के खिलाफ भी आर्थिक क्षेत्र में खुली जंग छेड़ दी। कनाडा को अमेरिका का नया राज्य बनाने और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे के अमेरिकी एजेंडे को आज दुनिया के देश समझ ही चुके हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ डिनर के माध्यम से अमेरिका के गिरते स्तर को दुनिया के देश देख ही चुके हैं। भारत जैसे देश से पंगा लेना सबके सामने हैं। पाकिस्तान पर भी खनिजों के चक्कर में डोरे ड़ाले जा रहे हैं। देखा जाए तो ट्रंप का रवैया जिस तरह का दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद देखने को मिल रहा है वह गली मौहल्ले के गुंडे मवाली जैसा है। दुनिया के देशों को धमकाना जैसे ट्रंप का काम ही हो गया हो। दुनिया के देशों में युद्ध समाप्त कराने का झूठा तमगा पहनने के प्रयास और शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नोबल संस्था तक को धमकाने के कुत्सित प्रयास से ट्रंप स्वयं और अमेरिका दोनों की ही हेठी कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि भारत किसी भी तरह के ट्रंप के दबाव में नहीं आया और सबसे बड़ी तोहीन तो यह रही कि भारत ने इस पर प्रतिक्रिया तक व्यक्त करने की जहमत नहीं उठाई, जिसके कारण अमेरिका का तमतमाना लाजिमी है। अमेरिका ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने के बाद सोचा था कि भारत घुटनों के बल आ जाएगा पर हुआ इसका उल्टा ही और भारत ने नए बाजार की संभावनाएं तलाशना आंरभ कर दिया। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चीन पर अमेरिकी टैरिफ वार का भारत पर सकारात्मक प्रभाव होगा। भारत की निर्यात की संभावनाओं को पर लगने के अधिक आसार हो जाएंगे। स्वाभाविक है चीन के उत्पाद महंगे हो जाएंगे और भारतीय उत्पाद कपड़ा, हैण्डिक्राफ्ट, खिलौने आदि आदि तुलनात्मक रूप से सस्ते होंगे तो भारतीय उत्पादों की मांग कम होने के स्थान पर बढ़ेगी ही। वहीं अमेरिकी टैरिफ वार अमेरिका पर ही उल्टा पड़ना है। आज अमेरिका भारतीय प्रतिभाओं का लाभ उठा रहा है पर नए वीजा नियमों और विदेशियों को पलायन करने के बाध्यकारी आदेशों से अमेरिका आने वाले समय में शून्यता की और बढ़ेगा। इधर, ट्रप के व्यवहार के चलते श्वेत-अश्वेत की खाई और चौड़ी होती जा रही है।

20वीं सदी के अंत में दुनिया के देशों में विश्वग्राम का सपना देखा था, इस दिशा में दुनिया के देश आगे भी बढ़े थे और फिर संचार क्रान्ति ने तो दुनिया के देशों को लगभग विश्वग्राम बना ही दिया पर जिस तरह के हालात ट्रंप जैसे अति महत्वाकांक्षी द्वारा उठाए जा रहे हैं, उससे विश्वग्राम का सपना बीच राह में ही टूटता नजर आने लगा है। एक दूसरे के सहयोग और समन्वय की बात तो ट्रंप ने भुला ही दी है। फिर सबको एक ही लकड़ी से हांकने की नीति भी आत्मघाती बनती जा रही है। अमेरिका को समझना होगा कि आज आप किसी पर टैरिफ का दबाव बढ़ाते हो तो अन्य देशों के लिए राह आसान कर रहे हो। हो यह राह है कि टैरिफ की मार का सबसे नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर ही पड़ना है। आज दूसरे देशों के प्रति निर्भरता बढ़ी है और ऐसे में आगे बढ़ने के लिए दो मोर्चों पर जुटना पड़ता है। पहले तो यह कि दूसरे देशों में आ रहे बदलावों, तकनीक को समझना और फिर उस तकनीक को अपनी जरूरत के अनुसार अपने देश में विकसित करना। अमेरिका दरअसल, दूसरों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना चाहता है पर वह यह भूल रहा है कि इकोनोमी एक दूसरे की सहायता से आगे बढ़ती है। देसी-विदेशी मांग को बढ़ाना ही होता है। स्थानीय के साथ ही विदेशों में भी बाजार खोजना होता है। ऐसे में बड़े-बड़े व्यापार समझौते देशों के बीच होते हैं। अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किए हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़ना ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े हैं यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरूरी हो जाता है। जिस तरह से तकनीक ने एक दूसरे को नजदीक लाने का प्रयास किया है उसे आगे बढ़ाना वैश्विक नेताओं का दायित्व हो जाता है। आज एकला चालो रे की नीति से आगे बढ़ने और कुछ पाने की कल्पना करना बेमानी होगा, यह देर सबेर समझना ही होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# प्रेम क्या है?



संकलित
**दर्शन**

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था - "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं - यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

# सुख-दुख आते-जाते रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- रमेश शर्मा, कांकेर*

## ट्रेंड

### टमाटर की खेती



मैं टमाटर के खेत पर खड़ा हूं। हमने बड़ी मेहनत से टमाटर की खेती करने का प्रयास किया है। फसल बहुत अच्छी है, उसे देखकर प्रसन्नता हो रही है। इल्लियों का थोड़ा प्रकोप जरूर हुआ था, लेकिन उसे भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### पेड़ काटने पर दुःख



यह वाकई दिल दहला देने वाला दृश्य है। एक महिला वृक्ष को काटे जाने के बाद उसे नमन कर रही है। ये पेड़ 20 साल से भी ज्यादा बड़ा था और बाद में उसे काट दिया गया। मुझे बताया गया है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ था।
**- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### प्रतिबद्धता का संकल्प



डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। नाइंसाफ़ी और ग़ैर-बराबरी के ख़िलाफ़ लोहिया की 'सप्त क्रांति' के सिद्धान्त को ज़मीन पर उतारने के लिए हम आज प्रतिबद्धता का संकल्प लेते हैं।
**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### परिवार के तीन



एक परिवार.. एक ही परिवार के तीन सदस्य.. तीनों का एक ही व्यवसाय और एक ही दिन में तीन पुरस्कार। जया को सम्मानित करते हुए फिल्मफेयर के 70 साल। अभिषेक के लिए 2025 का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 70 साल के जश्न के लिए वास्तव में आपका धन्यवाद।
**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## करंट अफेयर


# पाक-अफगान आपसी मुद्दों को संवाद से सुलझाएं



चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हुई झड़पों में दर्जनों सैनिकों की मौत के बाद सोमवार को दोनों देशों से संयम बरतने और आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष के कारण दोनों के रिश्ते तनावपूर्ण होने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा, "चीन गंभीरता से उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं, शांति और संयम बरतें, आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाएं, संघर्ष को बढ़ने से रोकें और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखें।" पाकिस्तान सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर रातभर चली झड़पों में उसके कम से कम 23 सैनिक शहीद हो गए जबकि तालिबान से जुड़े 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। दूसरी ओर तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और करीब 30 घायल हुए। चीन के पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों से घनिष्ठ संबंध हैं।

## ऑफ बीट

# आपका शरीर हो सकता है चलता-फिरता जिम



आपको शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए जिम की सदस्यता, डम्बल या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं है। शुरुआत से ही, हमारे पास शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहा है - हमारा अपना शरीर। बाहरी बलों और उपकरणों के इस्तेमाल के बिना शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण को 'बॉडीवेट प्रशिक्षण' कहा जाता है। पुश-अप्स और स्क्वैट्स से लेकर प्लैंक्स और चिन-अप्स तक, बॉडीवेट प्रशिक्षण व्यायाम करने के सबसे लोकप्रिय तरीकों में से एक बन गया है, क्योंकि इसे कहीं भी किया जा सकता है और यह मुफ्त भी है। तो, यह क्या है, यह क्यों काम करता है, और आप इसे कैसे शुरू कर सकते हैं? बॉडीवेट प्रशिक्षण क्या है? बॉडीवेट प्रशिक्षण का सीधा सा मतलब है कि आप बारबेल और डम्बल जैसे बाहरी वजन के बजाय अपने शरीर के वजन को प्रतिरोध के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसमें व्यायाम के आम तरीकों में पुश-अप्स, स्क्वैट्स, लंजेस और सिट-अप्स शामिल हैं। लेकिन बॉडीवेट प्रशिक्षण में स्थिर पकड़ का भी उपयोग किया जा सकता है जो आपके शरीर को बिना हिलाए चुनौती देता है, जैसे कि प्लैंक या योग आसन। बॉडीवेट प्रशिक्षण का इस्तेमाल किसी भी मांसपेशी समूह के लिए किया जा सकता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।









## बिहार में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी भाजपा

# तीन सूत्रीय फॉर्मूले से तय कर रही उम्मीदवार, 75 पार वालों को भी मिलेगा टिकट

भाजपा अकसर सभी चुनावों में करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा

**भाजपा ने फाइनल किए नाम, कभी भी जारी हो सकती है सूची**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे का ऐलान होने के बाद अब उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कभी भी हो सकती है। भाजपा ने गठबंधन के तहत आवंटित सभी 101 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर लिए हैं और उसका ऐलान कभी भी हो सकता है। पार्टी बिहार में टिकट बंटवारे में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी।

**जातीय समीकरण**
जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं पर ध्यान

यानी 30 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटेगी। भाजपा अकसर सभी चुनावों में इस मॉडल का इस्तेमाल कर करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा। हालांकि पार्टी 16 मौजूदा विधायकों का टिकट काट सकती है। इसके अलावा 75 पार की उम्र वालों को भी टिकट मिल सकता है। जिनके टिकट कटेंगे उनकी सीटों पर महिलाओं और युवाओं को उतारने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। इसके तहत जातीय समीकरण, जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है।



फाइल फोटो

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले**

### एनडीए में मतभेद नहीं, भारी बहुमत से बनेगी सरकार, हम 'पांच पांडव'



बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने एनडीए के भीतर किसी तरह के मतभेद होने से इनकार किया और कहा कि गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पहले ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। अब भाजपा समेत राजग के सभी घटक दलों के उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग के पांच घटक दल 'पांच पांडव' की तरह हैं और सभी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तथा भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे।

**नाराज कुशवाहा ने कहा**

### आज बादलों ने फिर साजिश की



सीट बंटवारे के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पाई। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों-लाखों लोगों का मन दुखी होगा। उन्होंने कहा कि आज बादलों ने फिर साजिश की है। जहां मेरा घर था, वहीं बारिश भी की है। कुशवाह ने सीट बंटवारे का फैसला लेने वाले को संदेश देते हुए लिखा कि अगर फलक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियाना बसाने की।

### कुम्हरार से नहीं लड़ेंगे अरुण सिन्हा चुनाव



पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा सीट से लगातार चार बार जीत हासिल करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार सिन्हा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव नहीं लड़ूंगा लेकिन संगठन के लिए कार्य करता रहूंगा। सूत्रों की मानें तो चुनाव समिति की बैठक में उनके नाम कटने की बात पर चर्चा हुई थी। कारण उनकी उम्र सीमा थी। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय के नाम की चर्चा चल रही है।

### लोजपा उपाध्यक्ष रविशंकर का इस्तीफा



लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह अशोक ने पार्टी की सदस्यता व पद दोनों से त्यागपत्र दे दिया। इसके साथ ही उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र का सम्मान होगा, अन्यथा स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने 17 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा की।

**आईआरसीटीसी घोटाला: कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में साजिश रची गई**

# लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय, 1 से 7 साल तक की हो सकती है जेल

### तेजस्वी बोले- अमित शाह ने दी थी धमकी चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ। उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। लालू यादव पर भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120B (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगे हैं। अगर तीनों के खिलाफ आरोप साबित हुए तो इन्हें एक से 7 साल तक की सजा हो सकती है।



**लैंड फॉर जॉब्स मामला**

### आरोप तय करने पर फैसला 10 नवंबर को

जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला टल गया है। अब 10 नवंबर को आरोप तय करने पर फैसला आ सकता है। सीबीआई ने कहा था कि इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, कुछ सेल डीड को छोड़कर, जमीन की खरीद के लिए ज़्यादातर पैसों का लेनदेन कैश में हुआ। सीबीआई ने मामले में आईपीसी की धारा 120, 420, 468, 467, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की धारा 11,12,13,,8,9 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी।

### कांग्रेस को 60 सीटों का ऑफर

बिहार में महागठबंधन सीट बंटवारे को लेकर चल रही हलचल के बीच कांग्रेस को करीब 60 सीटों का ऑफर मिलने की खबर है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग करीब-करीब पूरी हो चुकी है, सिर्फ 2-3 सीटों पर दोनों पार्टियों का दावा बरकरार है।

**जनसुराज की दूसरी सूची जारी, 65 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

### प्रशांत किशोर बोले- अति पिछड़ा समाज को दिए सर्वाधिक 70 टिकट



जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर नेचुनाव को लेकर अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि समाज में जिसकी जितनी हिस्सेदारी है, उन्हें उतनी ही हिस्सेदारी मिलेगी। बिहार में अतिपिछड़ा समाज के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। इसीलिए हमलोगों ने अब तक एक तिहाई सीटों पर इन्हें ही टिकट दिया है। दूसरी सूची में 65 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। इससे पहले 51 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। अब तक 116 प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई है। इसमें सबसे अधिक संख्या 70 सीट अतिपिछड़ा समाज के लोगों की है। पीके ने कहा कि बिहार के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब किसी राजनीतिक दल ने इतने अधिक संख्या में अतिपिछड़ों को टिकट दिया है।

---

**खबर संक्षेप**

### सुप्रीम कोर्ट बोला- वोट चोरी के आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले को बेबुनियाद करार देते हुए याचिका को रद्द कर दिया। इससे पहले, मद्रास उच्च न्यायालय ने भी इसी तरह की एक याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि वोट चोरी के आरोपों में कोई ठोस आधार नहीं है और इस तरह की याचिकाएं न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं।



### सोनिया ने किया वीरभद्र की प्रतिमा का अनावरण

**शिमला।** हिमाचल के छह बार के सीएम रहे स्व. वीरभद्र सिंह की रिज पर लगी प्रतिमा का कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अनावरण किया। सोनिया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा के सामने लगा पर्दा हटाया। इस अवसर पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस महासचिव सांसद प्रियंका गांधी भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर प्रियंका ने कहा कि हिमाचल को जो रास्ता वीरभद्र सिंह और देश को महात्मा गांधी ने दिखाया है आज के समय देश को ऐसे नेताओं की सबसे अधिक जरूरत है।



## दुर्गापुर दुष्कर्म मामला: पीड़िता के परिवार से मिलेगा ओडिशा महिला आयोग

# दो और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 5 अरेस्ट दुष्कर्म को सही ठहराना बंद करें ममता: भाजपा

दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया

एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कथित दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में चौथे और पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इससे पहले कथित सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इससे पहले रविवार को, पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

बता दें कि, ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली छात्रा के साथ दुर्गापुर में कुछ लोगों ने दुष्कर्म किया। यह घटना शोभापुर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई। छात्रा रात में अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी। इस दौरान कैंपस गेट के पास ही एक आरोपी ने उसे जबरन पीछे के सुनसान इलाके में खींच लिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद बाकी आरोपियों ने भी घिनौने कृत्य को अंजाम दिया।

**ओडिशा के सीएम ने लड़की के पिता और प्रशासन से बात की**

**तीन सदस्यीय टीम पुलिस अधिकारियों से भी करेगी मुलाकात**



### राज्य सरकार को सौंपेंगे सिफारिश: मोहंती



ओडिशा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सोवाना मोहंती के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम सोमवार को दुर्गापुर का दौरा करेगी और पीड़िता के परिवार से मुलाकात करेगी। उन्होंने बताया कि हम पीड़िता के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और उसके माता-पिता से मिलेंगे। सरकार से उसके इलाज, उसके मानसिक स्वास्थ्य और उचित जांच हो रही है या नहीं, इस बारे में पूछताछ करने के बाद हम अपनी सिफारिशें राज्य सरकार को सौंपेंगे। हम मामले की त्वरित सुनवाई के बारे में भी पूछताछ करेंगे। उन्होंने बताया कि ओडिशा के सीएम ने लड़की के पिता और प्रशासन से बात की है।

### कोई भी कानून से ऊपर नहीं: बिजियानी सिंह

ओडिशा राज्य महिला आयोग की वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी और सलाहकार, बिजियानी सिंह ने कहा कि तीन सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों से भी मिल सकती है। हम उसके स्वास्थ्य और चल रही जांच के बारे में पूछताछ करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उसे उचित इलाज मिले। हम पश्चिम बंगाल के पुलिस अधिकारियों से भी मिल सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि उसे न्याय मिले, और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

### भाजपा गलत बयानबाजी कर रही: कुणाल घोष

टीएमसी के नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा सीएम ममता बेनर्जी के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कभी नहीं कहा कि महिलाओं को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए। वह कहना चाहती थीं कि महिला जब चाहे और जहां चाहे जा सकती।



### दबाव बना रही ममता सरकार: सुवेंदु



नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल हटाओ, बेटी बचाओ, यह बंगाल में हर जगह मुख्य नारा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन बोलो हम दबाव में हैं, आखिर किसका दबाव? ममता बेनर्जी का दबाव, ममता की पुलिस का दबाव या ममता के गुंडों का दबाव।

### बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य: चुघ



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि ममता बनर्जी का बयान पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण और अपमानजनक है। लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय, ममता सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। संदेशखली हो, आरजी कर हो या अब दुर्गापुर। एनसीआरबी के आंकड़ों ने साबित कर दिया है कि बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य है।

### टीएमसी पिछड़ी सोच का पर्याय बनी: स्वराज



भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि सीएम ममता बेनर्जी दुष्कर्म को सही ठहरा रही हैं। बंगाल की टीएमसी सरकार पिछड़ी सोच का पर्याय बन गई है।

**कर्नाटक सीएम के बेटे का आरोप**

# आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी, बैन लगाएं

सिद्धारमैया बोले- सरकारी जगहों पर शाखा लगने की जांच होगी



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी है। आरएसएस हिंदू धर्म को उसी तरह लागू करना चाहता है जिस तरह तालिबान इस्लाम के सिद्धांतों को थोपने के लिए आदेश जारी करता है। इसके बाद सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि आरएसएस अपनी शाखा लगाने के लिए सरकारी परिसरों का इस्तेमाल कर रहा है। मैंने मुख्य सचिव से कहा है कि वे जांच करें और देखें कि तमिलनाडु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। और क्या उन्हें कर्नाटक में भी लागू किया जा सकता है।

### आरएसएस को कानून के तहत लाएं

यतींद्र ने कहा कि आरएसएस को कानून के तहत लाना चाहिए और उसे एक पंजीकृत संस्था बनाया जाना चाहिए। अभी वह एक स्वैच्छिक संगठन है, इसलिए उसे कुछ कानूनी छूट मिल जाती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री भगवंत खुबा ने कहा कि कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे और विधायक यतींद्र सिद्धारमैया ने अपने बयान में आरएसएस को तालिबान से जोड़ा है। यह कुछ कांग्रेस नेताओं की बेतुकी सोच को दर्शाता है। वहीं, भाजपा नेता बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि आरएसएस शाखाओं से युवा और वृद्ध दोनों द्वारा गूंजे जा रहे भारत माता की जय के नारे और कोरस ने उन लोगों को विचलित कर दिया है जो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे सुनने के आदी हैं।

### संघ शिविर में दिखे खरगे, फोटो जारी



आरएसएस पर बैन की मांग के बाद कर्नाटक भाजपा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पुरानी फोटो शेयर की। इसमें वे 2002 में बेंगलुरु के नागवारा में आरएसएस के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जब वे राज्य के गृह मंत्री थे। भाजपा ने लिखा कि प्रियांक कह रहे हैं कि संघ की गतिविधियां जहर फैलाती हैं इसलिए बैन लगाना चाहिए। लेकिन क्या आप भूल गए हैं कि 2002 में आपके पिता मल्लिकार्जुन खड़गे ने संघ के शिविर का दौरा किया था।

**एडीजीपी वाई पूरण की आत्महत्या का मामला**

# आज चंडीगढ़ पहुंचकर श्रद्धांजलि देंगे राहुल गांधी, पीएम का दौरा भी रद्द, रैली स्थगित

एक दिन के सामूहिक अवकाश पर राजस्व अधिकारी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के दिवंगत आईपीएस एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ में आईएएसअमनीत पी कुमार से मुलाकात करेंगे और दिवंगत को श्रद्धांजलि देंगे। राहुल गांधी मंगलवार शाम 5:15 को चंडीगढ़ पहुंचेंगे। कांग्रेस ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। 17 अक्तूबर को पीएम नरेंद्र मोदी का हरियाणा दौरा भी रद्द कर दिया गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि पीएम का दौरा भी रद्द कर दिया गया है और सोनीपत में होने वाली भाजपा की रैली को भी स्थगित कर दिया गया है। वहीं इस मामले में राजस्व अधिकारी एक दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।



### सुसाइड से पहले कई अफसरों, परिचितों को किया था फोन

एडीजीपी कुमार की आत्महत्या मामले में नया खुलासा हुआ है। आत्महत्या से पहले उन्होंने कई अधिकारियों, अपने वकील और कुछ परिचितों को कॉल की थी। एसआईटी ने इन कॉल डिटेल्स को जांच का हिस्सा बनाते हुए बातचीत के क्रम और समय की बारीकी से पड़ताल शुरू कर दी है। जिन लोगों से एडीजीपी ने आखिरी बार बातचीत की थी उनसे जल्द पूछताछ की जा सकती है। टीम यह पता लगाएगी कि क्या इन वार्तालाप में कोई ऐसा दबाव या तनाव झलक रहा था।

**कर्नाटक में होने वाला है फेरबदल! लगभग आधा कार्यकाल पूरा**

# सीएम ने अटकलों को किया खारिज, कहा- डिनर सामान्य कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का लगभग आधा कार्यकाल खत्म होने वाला है। ऐसे में मंत्रिमंडल में बदलाव की चर्चा जोरों पर है। सीएम सिद्दारमैया द्वारा आयोजित किए गए डिनर के मौके पर इस मुद्दे पर बातचीत होने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि, सीएम सिद्दारमैया ने रात्रिभोज के समय मंत्रिमंडल फेरबदल पर चर्चा होने की अटकलों का खारिज कर दिया है।

■ डिनर बैठक को अपराध बना दिया!



### कैबिनेट में हो सकता है बदलाव

कांग्रेस के नेता एन चालूवरयस्वामी ने कहा कि डिनर का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने इसे अफवाह बताया है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनावों के बाद कैबिनेट में फेरबदल हो सकता है, लेकिन नेतृत्व में बदलाव का फैसला पार्टी आलाकमान पर है। 34 मंत्री हैं। अन्य के लिए कुछ और वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

### शिवकुमार बोले पार्टी हाईकमान करेगा फैसला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने राज्य में मंत्रिमंडल फेरबदल की अटकलों को खारिज करते हुए इसे मीडिया में चल रही एक 'अफवाह' बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान इस पर फैसला करेगा। बता दें, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार नवंबर में अपना आधा कार्यकाल पूरा कर लेगी। इन ढाई सालों में कांग्रेस पार्टी में सीएम बदलने के लेकर काफी चर्चा हुई है।

### आखिर इस तरह से मिलना कोई अपराध है?

सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि मैं अक्सर रात्रिभोज बैठकों की मेजबानी करता हूं। पिछले कुछ समय से यह संभव नहीं हो पाया है, इसलिए अब मैं इसकी मेजबानी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में ऐसा कुछ भी खास नहीं है, हालांकि हो सकता है कि यह आपके (मीडिया के) दृष्टिकोण और विपक्षी दलों के लिए विशेष हो। इसका मंत्रिमंडल फेरबदल से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने पूछा आखिर इस तरह से मिलना कोई अपराध है? क्या हमें नहीं मिलना चाहिए? मुझे समझ नहीं आ रहा है कि भाजपा की बातें सुनकर आपने हमारी डिनर बैठक को अपराध बना दिया है।

# आपसी चिंताओं, संवेदनशीलताओं के सम्मान संग संतुलित होगी भारत-कनाडा साझेदारी

## कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात में पीएम मोदी ने व्यापार, ऊर्जा-प्रौद्योगिकी में बढ़ते सहयोग को बताया महत्वपूर्ण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

टैरिफ संकट और खालिस्तानियों की बढ़ती आक्रामकता के बीच सोमवार को कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की राष्ट्रीय राजधानी में दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। जिनमें सबसे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की।

जिसमें पीएम ने कहा कि हमारे बीच आपसी विकास, समृद्धि के लिए व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, कृषि और लोगों के बीच आदान-प्रदान में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई। इसके बाद कनाडा की विदेश मंत्री की हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसके बाद जारी किए गए साझा बयान में दोनों देशों ने संबंधों में स्थिरता लाने के लिए उचित कदम उठाने और आपसी चिंताओं, संवेदनशीलताओं, लोगों के बीच मजबूत संबंध और बढ़ती हुई आर्थिक पूरकता के मद्देनजर एक रचनात्मक और संतुलित साझेदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही दोनों विदेश मंत्रियों ने पीएम मोदी और पीएम कार्नी द्वारा पूर्व में तय की गई प्राथमिकताओं के तहत संबंधों में गति लाने के लिए आपसी सम्मान, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम के शासन और संप्रभुता-क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को लेकर प्रतिबद्धता के साथ एक नए महत्वाकांक्षी रोडमैप को लेकर सहमति जताई। जिसमें व्यापार, निवेश, जटिल खनिजों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा और नागरिक परमाणु सहयोग जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वहीं, रोडमैप के क्रियान्वयन को लेकर दोनों विदेश मंत्री एक-दूसरे के साथ निकटता से काम करने के अलावा अपनी टीमों को भी निर्देशित करने के लिए तैयार हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई है।

दोनों देशों ने व्यापार निवेश, जटिल खनिजों ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत बनाने के लिए तैयार किया एक महत्वाकांक्षी रोडमैप

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से भी मिली अनीता आनंद, दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने पर दिया जोर

### मजबूत-लचीले संबंधों की दरकार



*वर्तमान में जारी आर्थिक अस्थिरता और बढ़ते हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच डॉ. जयशंकर और आनंद ने एक मजबूत और लचीले भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों को बेहद महत्वपूर्ण बताया। यह भी स्वीकार किया कि साझेदारी को पुनर्जीवित करने से न केवल अवसर, आर्थिक सहयोग प्रगाढ़ होगा। बल्कि वैश्विक गठबंधनों से उत्पन्न चिंताएं भी कम होंगी। इसके अलावा और अधिक भरोसेमंद सप्लाई चेन स्थापित होगी तथा बढ़ते हुए जटिल अंतरराष्ट्रीय माहौल में सामरिक स्थिरता भी बढ़ेगी। बातचीत में मौजूदा वैश्विक परिदृश्य की समीक्षा के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच इसी साल जून महीने में कनाडा में हुई मुलाकात के बाद दिए गए मार्गदर्शन के तहत ही दोनों पक्ष आगे बढ़ रहे हैं। कनाडा की विदेश मंत्री बीते रविवार को अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में भारत पहुंची थीं। राष्ट्रीय राजधानी के बाद वह मुंबई में कुछ जरूरी बैठकों में शिरकत करेंगी। भारत के बाद वह चीन और सिंगापुर भी जाएंगी।*

### निज्जर की हत्या के बाद बिगड़े थे आपसी संबंध

गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में वर्ष 2023 में हुई हत्या के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा इस मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों के बाद से एक लंबे वक्त तक भारत-कनाडा संबंधों में तल्खी बनी रही। लेकिन इसके बाद 2025 में जब दोनों देशों के प्रधानमंत्री जी-7 की बैठक से इतर मिले तो संबंध एक बार फिर से पटरी पर लौटने शुरू हुए। जिसका आगाज सबसे पहले नई दिल्ली और ओटावा में पुनः उच्चायुक्तों की नियुक्ति के साथ हुआ। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच कनाडा ने हाल ही में भारत की जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया है। जिसके तुरंत बाद कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की नई दिल्ली की यह पहली यात्रा हो रही है।

## खबर संक्षेप

### भारत-यूएस ट्रेड डील पर लगेगी मुहर?



**नई दिल्ली।** प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) पर बातचीत के लिए इस सप्ताह भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम अमेरिका का दौरा करेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को इस समझौते पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। दोनों देशों ने बीटीए के पहले चरण को नवंबर 2025 के अंत तक पूरा करने की योजना बनाई है। अब तक दोनों पक्षों के बीच पांच दौर की बात हो चुकी है।

### मेल के खेल में भारतीय मूल के 8 लोग गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** कनाडा में पुलिस ने क्रेडिट कार्ड और चेक सहित डाक चोरी के आरोप में आठ भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर 300 से अधिक आरोप लगाए गए हैं। हिरासत में लिए गए इन लोगों में कुछ लोगों को कनाडा से निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पील पुलिस ने संदिग्धों से 450 से ज्यादा चोरी के डाक, जैसे क्रेडिट कार्ड और चेक बरामद किए।

अब नहीं बहेगा खून : इजराइल और हमास के बीच दो साल के युद्ध के बाद सीजफायर, गोलाबारी बंद

# ट्रंप ने इजराइली संसद नेसेट में कहा-गाजा में बंदूकें खामोश हैं, बंधक वापस आ गए

◆ *ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में बिताए दो कष्टदायक वर्षों के बाद 20 साहसी बंधक अपने परिवारों के गौरवशाली आलिंगन में लौट रहे हैं। 28 और अनमोल प्रियजन आखिरकार इस पवित्र धरती पर हमेशा के लिए विश्राम करने के लिए घर लौट रहे हैं*

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल-हमास में बंधकों की रिहाई और शांति समझौता होने के मौके पर तेल अवीव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया और बंधकों की रिहाई पर खुशी जताई। कहा कि बंदूकें खामोश हैं और अब हमेशा ऐसी शांति बनी रहेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यह इजराइल का स्वर्णिम युग है और उसे इस शांति को बनाकर रखना होगा। ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को एक महान नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि मैं असाधारण साहस और देशभक्ति के धनी व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनकी साझेदारी ने इस महत्वपूर्ण दिन को संभव बनाने में बहुत योगदान दिया। आप जानते हैं, मैं केवल एक ही व्यक्ति की बात कर रहा हूं-पीएम नेतन्याहू। ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में बिताए दो कष्टदायक वर्षों के बाद 20 साहसी बंधक अपने परिवारों के गौरवशाली आलिंगन में लौट रहे हैं। 28 और अनमोल प्रियजन आखिरकार इस पवित्र धरती पर हमेशा के लिए विश्राम करने के लिए घर लौट रहे हैं।

इजराइल ने ट्रंप को शांति पुरस्कार से सम्मानित किया

ट्रंप ने बाकी देशों को चेतावनी दी कि अगर आप युद्ध लड़ना चाहते हैं और आपके पास परमाणु हथियार है तो मैं आप पर भारी टैरिफ लगाऊंगा। ये टैरिफ 50 प्रतिशत, 100 प्रतिशत या फिर 200% भी हो सकता है



ट्रंप ने फिर दावा किया

### ◆ नेतन्याहू से निपटना आसान नहीं

*नेसेट में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच ट्रंप ने नेतन्याहू को खड़े होने के लिए कहा। ट्रंप ने आगे कहा कि और मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह आसान नहीं हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि उनसे निपटना आसान नहीं है, लेकिन यही बात उन्हें महान बनाती है। इस दौरान इजराइली सांसदों ने जमकर ठहाके लगाए। अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने उन अरब देशों का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने बातचीत में मदद की। उन्होंने कहा कि यह एक अविश्वसनीय विजय है कि उन्होंने साथ मिलकर काम किया।*

### भारत-पाक संघर्ष में टैरिफ 'असली शांतिदूत', भारत ने मध्यस्थता से किया इनकार

ट्रंप ने टैरिफ को लेकर बड़ा बयान दिया है। मिडिल ईस्ट की अपनी यात्रा के दौरान ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष में टैरिफ को असली शांतिदूत बताया है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आठ युद्धों को सुलझाने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि मैंने कई युद्धों को सिर्फ टैरिफ के दम पर सुलझा दिया। उदाहरण के तौर पर भारत- पाकिस्तान के बीच संघर्ष। उन्होंने कहा कि अगर आप युद्ध लड़ना चाहते हैं और आपके पास परमाणु हथियार है तो मैं आप पर भारी टैरिफ लगाऊंगा। ये टैरिफ 50 प्रतिशत, 100 प्रतिशत या फिर 200 प्रतिशत भी हो सकता है। साथ ही ट्रंप ने ये भी दावा किया कि महज टैरिफ के आधार पर उन्होंने 24 घंटे में युद्ध सुलझा लिया। भारत का कहना है कि युद्धविराम का फैसला दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत से हुआ था।


बंदियों की रिहाई पर पीएम मोदी ने खुशी जताई

### ट्रंप की शांति कोशिशों को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास द्वारा इजराइली बंधकों की रिहाई पर खुशी जताते हुए डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों की सराहना की। साथ ही इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को बधाई भी दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह आजादी उनके परिवारों की हिम्मत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति के लिए ईमानदार कोशिशों और इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की मजबूत इच्छाशक्ति को समर्पित है। पीएम मोदी ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए ट्रंप के प्रयासों का समर्थन किया।

हमास की कैद से छूटे 20 कैदियों ने सुनाई आपबीती

## अंधेरी सुरंग में भयानक डरावनी आवाजें भूखे-प्यासे तड़पते रहे हमास के सभी बंधक



हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 251 लोगों बंधक बनाया

28 के शव परिजनों को सौंप दिए गए

738 दिन बाद रिहा हुए कैदियों की हालत खराब

एजेंसी ▸▸ गाजा

इजराइल और हमास में सीजफायर हो चुका है और गाजा में शांति समझौता भी लागू हो चुका है। सोमवार को हमास ने इजरायल के 20 बंधकों को रिहा किया है, जो करीब 738 दिन की कैद के बाद रिहा हुए हैं, लेकिन रिहा हुए कैदियों की हालत काफी खराब है। कोई अस्थमा का शिकार है तो कोई संक्रमण से ग्रस्त है। कोई कुपोषित है तो कोई मानसिक रूप से बीमार है। इनके परिजनों ने बताया कि जब इनके जिंदा होने का सबूत देने वाले वीडियो मिले थे, तब वे अंधेरी सुरंग में थे, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आ रही थीं और उन्हें वहां भूखा-प्यासा रखा जाता था। बता दें कि हमास ने बंधकों को रिहा करने से पहले इनके नाम जारी किए थे और बताया था कि इन लोगों को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल या किबुट्ज़ हमलों के दौरान बंधक बनाया गया था।

### इजराइल 1700 कैदियों को करेगा रिहा

हमास 28 मृत बंधकों के शव भी उनके परिजनों को सौंपेगा। 7 अक्टूबर 2023 के हमास ने 251 लोग बंधक बनाए थे। वहीं इसके बदले में इजराइल 1700 फिलिस्तीनी कैदियों और 22 नाबालिगों को बंधन मुक्त करेगा। 360 फिलिस्तीनी लड़ाकों के शव भी उनके परिजनों को लौटाएगा।

## अत्याधुनिक रेलवे, मेट्रो उत्पादों और नवाचारों के साथ टिकाऊ समाधानों का होगा प्रदर्शन

### रेल मंत्री 15 अक्टूबर को करेंगे आईआरईई-2025 का उद्घाटन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 से 17 अक्टूबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाली 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन करेंगे। सीआईआई व्यापार मेला परिषद के अध्यक्ष बी त्यागराजन ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा रेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में चीन और रूस सहित 15 से अधिक देशों के 400 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे जो 30 हजार से ज्यादा अत्याधुनिक रेलवे और मेट्रो उत्पादों, नवाचारों और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।



आईआरईई 2025 एक महत्वपूर्ण मंच है जो भारतीय रेलवे को वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों से जोड़ता है। यह भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को दर्शाता है और साथ ही टिकाऊ एवं कुशल रेलवे समाधानों पर सहयोग को बढ़ावा देता है। त्यागराजन ने कहा कि रेल मंत्रालय के सहयोग से, आईआरईई 2025 का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाना और रेलवे प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। प्रदर्शनी में रोलिंग स्टॉक निर्माण, रेलवे विद्युतीकरण, सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियां, स्मार्ट स्टेशन प्रौद्योगिकियां, रेलवे में एआई, स्वचालन, हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान को शामिल किया जाएगा। बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना और प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि आईआरईई 2025 वैश्विक रेलवे प्रणाली का यह सबसे बड़ा आयोजन है। भारत की बात करें तो भारतीय रेलवे, रेलवे के पीएसयू और जोनल रेलवे की प्रोडक्शन इकाइयां भी इसमें हिस्सा लेंगी।

मस्क ने ओपन एआई पर साधा निशाना

## झूठ पर बना संगठन, चैरिटी चुराकर बनाई गई कंपनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



टेक अरबपति एलन मस्क ने एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपन एआई पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने कंपनी को झूठ पर बना संगठन कहा है। मस्क ने यह टिप्पणी उस समय की जब ओपन एआई की पूर्व बोर्ड मेंबर हेलेन टोनर ने कंपनी के कामकाज को लेकर अपने विचार साझा किए।

हेलेन टोनर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कभी-कभी ओपन एआई के कर्मचारी मुझसे पूछते हैं कि मैं अब कंपनी को कैसे देखती हूं। कुछ चीजें अच्छी हैं जैसे सिस्टम कार्ड्स बनाना या कॉट मॉनिटरिंग, लेकिन नीति से जुड़े मामलों में उनकी बेईमानी और डराने की रणनीति चिंताजनक है। इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाए कि क्या ओपन एआई एक नॉन-प्रॉफिट संस्था नहीं थी? इस पर मस्क ने जवाब दिया, उन्होंने एक चैरिटी चुरा ली और उसे अपने निजी मुनाफे के लिए इस्तेमाल किया। मस्क पहले भी निशाने पर ले चुके हैं।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं ने रेगिस्तान में शुरू किया युद्धाभ्यास




**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा। भारतीय उच्चायोग, ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय सेना के इन जवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय सेना के इस दल ने सोमवार से संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद 2025' प्रारंभ किया है। यह अभ्यास 26 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

### शुरू हुआ 'कर्मचारी नामांकन अभियान'




**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को 'कर्मचारी नामांकन अभियान, 2025' (ईईसी 2025) की घोषणा की है, यह ईपीएफओ के माध्यम से बड़ी संख्या में कर्मचारियों को संगठित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना 1 नवंबर, 2025 से 30 अप्रैल, 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना, 2009 से 2016 तक छूटे हुए पात्र कर्मचारियों के नामांकन के लिए वर्ष 2017 में चलाए गए इसी तरह के सफल नामांकन अभियान के बाद, मंत्रालय का एक सतत प्रयास है।

वायुसेना के पास मौजूद रडार एक निश्चित सीमा तक ही उपयोगी

सरहदी इलाकों में सामरिक क्षमता होगी मजबूत

# दुश्मन के स्टेल्थ विमानों को पकड़ेगा वीएचएफ रडार, रक्षा मंत्रालय ने शुरू की खरीद प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरहदी इलाकों में अपनी सामरिक क्षमता को मजबूत बनाने में लगी वायुसेना के लिए एक अच्छी खबर है। जिसके तहत रक्षा मंत्रालय ने बल के कुल 9 वीएचएफ रडार की खरीद प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

इसके लिए जरूरी सूचना संबंधी निवेदन यानी आरएफआई जारी कर दी है। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में कई जगहों पर भौगोलिक परिस्थितियों की चुनौती के साथ ही लंबी दूरी के रडार तैनात नहीं किए जा सकते हैं। वहीं, वायुसेना के पास मौजूद रडार की एक निश्चित सीमा तक की ही उपयोगिता है। जिसे देखते हुए शत्रुओं के स्टेल्थ विमानों को पकड़ने के लिए उक्त रडार की आवश्यकता है।

आरएफआई विक्रेता उत्पाद के बारे तकनीकी जानकारी के अपना पक्ष रखेंगे। जिस पर मंत्रालय द्वारा आगामी समय में विचार विमर्श किया जाएगा।



फाइल फोटो

### स्पेन की वायुसेना संग होगा युद्ध अभ्यास

वहीं, वायुसेना की एक टुकड़ी सोमवार को स्पेन की वायुसेना के साथ 15 से 31 अक्तूबर तक चलने वाले ओशन स्काई युद्ध अभ्यास में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। इसमें वायुसेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमान भाग लेंगे।

### रक्षा मंत्रालय ने किया 50 फीसदी से ज्यादा पूंजीगत परिव्यय का उपयोग

*रक्षा मंत्रालय ने बताया, मौजूदा सितंबर महीने के अंत तक उसने 2025-26 के कुल पूंजीगत परिव्यय का 50 फीसदी से अधिक का उपयोग कर लिया है। आकड़ों के हिसाब से यह 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए के कुल आवंटन में से पूंजीगत व्यय 92 हजार 211.44 करोड़ रुपए का है। बीते साल मंत्रालय ने 1,59,768.40 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का 100 फीसदी उपयोग किया था।*

### दक्षिण अफ्रीका में बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, 42 की मौत



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उत्तर में एक पर्वतीय क्षेत्र में हुई बस दुर्घटना में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना राजधानी प्रिटोरिया से लगभग 400 किलोमीटर उत्तर में लुई ट्रिचर्ड शहर के पास एन1 राजमार्ग पर हुई है। अधिकारियों ने बताया कि बस दक्षिण अफ्रीका के ईस्टर्न केप से देश के दक्षिण में आ रही थी। लिम्पोपो प्रांत की सरकार ने कहा कि माना जा रहा है कि बस में जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक सवार थे जो अपने देश जा रहे थे। बस हादसे को लेकर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने दुख व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप



### मातृभाषा को अपने जीवन का मुख्य आधार बनाएं

**संतनगर।** साधु वासवानी स्वषासी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में नव प्रवेषित विद्यार्थियों के लिए 'ओरिएंटेशन प्रोग्राम' आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल शेवानी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा को अपने जीवन का मुख्य आधार बनाने की बात कही। इस अवसर पर सुरेश दरयानी, अशोक आडवानी, दिनेश वाधवानी, हेमंत आसवानी, इंदर आडवानी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. सुप्रिया दास द्वारा किया।



### धड़ल्ले से चल रहा जुआ का कारोबार

**औबेदुल्लागंज।** नगर के आसपास पिछले 15 दिन से बेरोकटोक जुआ का कारोबार चल रहा हैं। दीवाटिया में 10 से 15 लाख रुपए का प्रतिदिन दाव लगाया जाता है। तामोट के प्लास्टिक पार्क उद्योग क्षेत्र, उमरिया और भीमबेटका के पहाड़ों यह अवैध कारोबार जारी है। वहीं दो ढावों पर 24 घंटे जुआ चलता है। अर्जुन नगर में सात अड्डे चल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है नगर में और आसपास खुलेआम जुआ खेलाया जा रहा है, जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। टीआई बीपी सिंह ने बताया कि अन्य जगह ड्यूटी होने से हम इस पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं, शीघ्र ही जुए के अड्डों पर कार्रवाई करेंगे।

### मां आनंदमयी आश्रम में बांटी शिक्षण सामाग्री



**संतनगर।** श्री मां आनंदमयी आश्रम में सोमवार को एक कार्यक्रम में वाटर कूलर एवं केन्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 350 विद्यार्थियों भोजन के साथ शिक्षण सामाग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित अशोक आचार्य, पंडित लेखराज शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्येन्द्र अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राम बंसल, रवि उप्पल, रामबाबु अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, बसंत चेलानी, सुषील वासवानी, दीपक लालचंदानी, अनिल अग्रवाल, राजकुमार सुखानी, राकेश मनसुखानी, ओम प्रकाश अग्रवाल, अजय मिततल, राजेन्द्र बंसल, अर्चना बहन, आशा रोमन, किरण, राजेन्द्र गर्ग, कन्हैया रायचंदानी, दिलीप कुमार, चंदर लालवानी, दिनेश साधवानी आदि मौजूद थे।

### तनिषा को दूसरे वर्ष भी मिला प्रदेश में प्रथम स्थान



**संतनगर।** मध्य प्रदेश भारोत्तोलन संघ द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से लगभग 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें संत हिरदाराम नगर की 13 वर्षीय वेटलिफ्टर तनीषा आसनानी ने 63 किलोग्राम भार वर्ग यूथ में कुल 125 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तनिषा लगातार दो वर्षों से प्रदेश में प्रथम स्थान पर हैं। आगामी राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में तनीषा मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8361 | | |
| दिन: | 770 | 40 | 460 |
| रात: | 259 | 66 | 556 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 778 | 21 | 489 |
| रात: | 467 | 77 | 250 |

---

आठ दिन पहले ही लिव इन पार्टनर के पास आई थी इटारसी से भोपाल

# लिव इन पार्टनर से दुखी होकर घर से निकली महिला ने निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से कूदकर दी जान

**पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बालाजी नगर में एक महिला निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर चढ़कर बैठ गई। कॉलोनी के लोगों ने उसे नीचे उतरने का कहा तो वह कूदने की धमकी देने लगी। रहवासियों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और महिला को उतरने का कहा, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। उसने कहा पहले लिव इन पार्टनर को बुलाया और मेरा सामान वापस करवा दो तभी नीचे आऊंगी। पुलिस उसके लिव इन पार्टनर को मौके पर लेकर पहुंची थी। लिव इन पार्टनर को देखते ही महिला ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस उसे 112 की मदद अस्पताल लेकर पहुंची, वहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग

दोनों मेंढोरी रोड पर किराए का मकान लेकर लिव इन रिलेशन में रह रहे थे



रविवार सुबह करीब छह बजे महिला की धनंजय से हुई थी कहासुनी

कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ममले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुनीता चौहान (43) मूलतः इटारसी की थी। वह निजी स्कूल में टीचर थी। वर्ष 2018 में उसके पति का निधन हो गया। वह अपनी 17 साल की बेटी और 13 साल के बेटे के साथ ससुराल में रह रही थी। उसकी पहचान धनंजय नामक युवक से हो गई। दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया और करीब आठ दिन पहले ही धनंजय के पास रहने के लिए भोपाल आ गई। दोनों मेंढोरी रोड पर किराए का मकान लेकर लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। रविवार सुबह करीब छह बजे उसकी धनंजय से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर वह घर से निकल बालाजी नगर पहुंच गई। बालाजी नगर में निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर उसे लोगों ने संदिग्ध परिस्थितियों में बैठे देखा था। लोगों ने उसे उतरने का कहा। इस पर वह कहने लगी कि मैं यहां से कूदकर जान दूंगी। सूचना पर पुलिस पहुंची और महिला को नीचे आने के लिए कहा। महिला का कहना था कि धनंजय से मेरा सामान वापस करवा दो। पुलिस धनंजय को लेकर बालाजी नगर पहुंची। महिला ने जैसे ही देखा कि धनंजय पहुंच गया है वैसे ही महिला ने छत से खड़े खड़े नीचे छलांग लगा दी।

## अज्ञात वाहन ने ऑटो को मारी टक्कर, पेड़ में घुसा, ड्राइवर की मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी चौराहा पर अज्ञात वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जा घुसा। ऑटो पेड़ से टकराने के कारण चालक को गंभीर चोट आई थी। उसे 1250 अस्पताल ले जाया गया, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात ऑटो चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नन्नूलाल पंथी (55) जेपी नगर थाना गौतम नगर में रहते थे और ऑटो चलाते थे। रविवार की सुबह करीब पांच बजे वह घर से ऑटो लेकर हबीबगंज आए थे। यहां से सवारी लेकर आनंद नगर छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय सुबह करीब आठ बजे गोविंदपुरा थानांतर्गत महात्मा गांधी चौराहे से आगे राम मंदिर के सामने पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने नन्नूलाल के ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क किनारे भेल की बाउंड्रीवाल के पास झाड़ियों में जाकर पेड़ से टकराकर गया। राहगीरों से मिली सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो पता चला कि उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल भेजा गया है। परिजन पहुंचे तो उन्हें हमीदिया अस्पताल रैफर कर दिया गया था। हमीदिया में उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। वहां रविवार-सोमवार की दरमियानी रात नन्नूपंथी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

---

कटारा हिल्स इलाके में रापड़िया रोड पर रविवार रात हुआ विवाद

# ढाबा पर बिल देने को लेकर विवाद, दो पक्ष आमने सामने, युवक के पेट में घोंप दिया तंदूर का सरिया

**दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल, दिनेश का एम्स में चल रहा इलाज**

विवाद के बाद युवक गांव पहुंचे वहां से परिचितों और रिश्तेदार को साथ लेकर ढाबा पहुंचे और मारपीट की, साथ ही ढाबा में तोड़फोड़ भी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया में रविवार रात खाना खाने के बाद बिल देने की बात को लेकर हुए विवाद में ढाबा संचालक को खाना खाने पहुंचे युवक ने थप्पड़ जड़ दिया। ढाबा संचालक के बेटों ने थप्पड़ जड़ने वाले और उसके साथ पहुंचे युवक को जमकर धुन दिया। ढाबा पर मारपीट होती देख दोनों युवक वहां से भाग निकले। कुछ देर बाद वह अपने गांव के लोगों को लेकर पहुंचे थे। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के बीच ढाबा में मौजूद किसी ने युवक के पेट में तंदूर का सरिया घोंप दिया। उसका एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। इस मारपीट में आधा दर्जन लोगों को चोटें हैं।

पुलिस के अनुसार अवधनारायण (39) कटारा गांव में रहता है और खेती किसानी करता है। उसने पुलिस को बताया कि रापड़िया रोड स्थित सेठ जी का ढाबा पर अपने साथी दिनेश राजपूत (37) कटारा गांव के साथ खाना खाने के लिए पहुंचा था। खाना खाने के बाद बिल देने की बात आई। वे बिल दे रहे थे। उन्होंने बिल में कुछ रुपए कम करने की बात कही। इस पर ढाबा संचालक ने बदतमीजी शुरू कर दी। बदतमीजी देखते-देखते ही विवाद में बदल गई और अवध नारायण ने किशोर चौकसे को थप्पड़ जड़ दिया। घटना रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास की है। किशोर को थप्पड़ मारने के कारण वहां मौजूद उनके बेटे प्रियांशु और सनी चौकसे ने अवध नारायण और दिनेश की पिटाई लगा दी। ढाबे में पिता पुत्र के अलावा कर्मचारी भी थे। मारपीट होती देख अवध नारायण और दिनेश भाग निकले। वह गांव पहुंचे और परिचितों सहित रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी। परिचित और रिश्तेदार पंद्रह मिनट बाद कार से ढाबे पहुंचे और उन्होंने किशोर चौकसे, सनी सहित प्रिंस के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उन्होंने ढाबा में तोड़फोड़ भी की। मारपीट होती देख प्रिंस और सनी सहित किशोर और उनके नौकर भी सामने आ गए। उन्होंने भी अवध नारायण और दिनेश के साथ दौबारा मारपीट की। इस दौरान किसी ने दिनेश राजपूत के पेट पर तंदूर का सरिया दे मारा। सरिया दिनेश राजपूत के पेट के आरपार हो गया था। साथी उसे लेकर एम्स पहुंचे थे। वहां उसका इलाज चल रहा है।

**युवक कच्चा मटन लेकर पहुंचे थे ढाबा**

*पुलिस ने बताया कि अवध नारायण और दिनेश कच्चा मटन लेकर पहुंचे थे। मटन बनाने के लिए ढाबा संचालक ने साढ़े 600 रुपए मांगे थे। अवध नारायण और दिनेश का 500 रुपए में सौदा हुआ। जिस समय सौदा हुआ उस समय काउंटर पर किशोर चौकसे बैठा था। बाद में उसका बेटा काउंटर पर बैठ गया। रुपए देने की बात आई तो किशोर का बेटा कहने लगा कि साढ़े 600 रुपए जमा कर दो। अवध नारायण का कहना था कि 500 रुपए में बात तय हुई है, तो साढ़े 600 रुपए क्यों मांग रहे हो। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।*

**इन पर दर्ज हुई एफआईआर**

*पुलिस ने उक्त मामले में अवध नारायण की शिकायत पर प्रियांशु चौकसे, सनी चौकसे और उसके पिता किशोर चौकसे पर मारपीट का मामला दर्ज किया है। धराएं बढ़ाई जा रही है। अब इनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया जाएगा। इसी प्रकार दूसरे पक्ष की शिकायत पर अवधनारायण, दिनेश और उसके साथियों पर मारपीट और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।*

## बाइक पर सवार बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर छात्र से लूटा मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र सोनागिरी सी सेक्टर में कुबेर डेयरी के पास केटीएम बाइक से आए लुटेरों ने कट्टा अड़ाकर छात्र से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार झपटमारों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि कट्टा असली था नकली।

पुलिस के अनुसार ऋषभ शर्मा मूलतः ग्वालियर का है और वह पिपलानी स्थित सोनागिरी में रहता है। वह पढ़ाई कर रहा है। रविवार शाम करीब सात बजे वह पैदल दुकान पर सामान लेने जा रहा था। वह सोनागिरी सेक्टर-बी स्थित कुबेर डेयरी के पास पहुंचा था कि केटीएम बाइक से नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक लिया और कनपटी पर कट्टा अड़ाकर जेब में रखा मोबाइल छीनकर भाग निकले। झपटे गए मोबाइल की कीमत 25 हजार रुपए है। घटना की शिकायत लेकर पिपलानी थाने पहुंचे ऋषभ शर्मा से शिकायती आवेदन ले लिया गया है। पुलिस का कहना है कि थाने में रात में लाइट नहीं थी। लाइट आने के बाद झपटमारी की एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

**जिला प्रशासन ने नहीं दी अनुमति**

## दशहरा मैदान में नहीं, अब डायमंड गार्डन में लगेगा रिटेल पटाखा बाज़ार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पिछले पांच दशक से दशहरा मैदान में लग रहे पटाखा बाज़ार के व्यवसायियों को इस बार निराशा हाथ लगी है। अब यह रिटेल पटाखा बाज़ार हलालपुर स्थित सुंदरवन नर्सरी स्थित डायमंड गार्डन में लगेगा। मालूम हो कि बैरागढ़ में एलीवेटेड ब्रिज निर्माण के कारण इस बार पटाखा रिटेल व्यवसायियों को दशहरा मैदान पर दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी गई है, जबकि व्यापारी चाह रहे थे कि इस बार भी दशहरा मैदान पर दुकानें लगाने की अनुमति दी जाए, लेकिन व्यवसायियों के काफ़ी जद्दोजहद के बाद भी जिला प्रशासन ने उन्हें दशहरा मैदान में पटाखा बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी गई।

पटाखा व्यवसायी घनश्याम लालवानी में बताया कि बैरागढ़ के दशहरा मैदान पर पटाखा बाज़ार न लगने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

---

## पथ संचलन में सैकड़ों लोगों के साथ शामिल हुए पटवा

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने स्थानीय लोगों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पथ संचलन में शामिल हुए। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि यह क्षण केवल आयोजन का नहीं, बल्कि संघ की एक शताब्दी से निरंतर प्रवाहित हो रही राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संस्कारों की अमर धारा का साक्षी बनने का गौरवपूर्ण अनुभव था। पटवा ने कहा पथ संचलन में राष्ट्रीय चेतना अनुशासन का भाव जगाया। उन्होंने कहा देश की सामाजिक सांस्कृतिक एकता अखंडता धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही है। संघ के करोड़ों स्वयंसेवक अपना सर्वस्व निछावर करने की भावना को लेकर राष्ट्र चेतना व सेवा के कार्य में लगे हैं।



**आय से अधिक संपत्ति का मामला**

## सहायक आबकारी आयुक्त के खिलाफ लोकायुक्त ने अभियोग पत्र दाखिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त संगठन भोपाल इकाई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सहायक आबकारी आयुक्त आलोक खरे के खिलाफ विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया है। लोकायुक्त द्वारा दर्ज अपराध क्रमांक 238/19 के तहत आलोक खरे पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, की धारा 120-बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी ने अपने ज्ञात वैध आय स्त्रोतों की तुलना में काफी अधिक चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। जांच पूरी होने के बाद लोकायुक्त ने आलोक खरे और उनकी पत्नी मिनाक्षी खरे दोनों के खिलाफ अदालत में अभियोग पत्र दायर किया है। सरकार ने 2024 में आलोक खरे के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी थी।

बता दें लोकायुक्त ने 2019 में भोपाल, इंदौर, रायसेन और छतरपुर में आलोक खरे के सात ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 150 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति का खुलासा किया था। छापों में नकदी, सोना, फार्महाउस, बंगले और पेंटहाउस के दस्तावेज बरामद हुए थे। जांच में यह भी सामने आया था कि रायसेन के फार्महाउस में फलों की खेती से आय दिखाने के बावजूद, जिन ट्रकों से फल परिवहन दिखाया गया,वो ऑटो रिक्शा के नंबर पर पंजीकृत थे।

## टीआई की कार से टक्कर नहीं लिखी रिपोर्ट, आयोग ने मांगा जवाब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने टीआई की कार से युवक को टक्कर मारने और तीन हफ्ते तक एफआईआर नहीं लिखने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पूरे मामले में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में बीयू के सामने एक 22 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार कार द्वारा टक्कर मार दी गई। घटना में युवक का पैर टूट गया है। पुलिस द्वारा तीन हफ्ते तक कोई एफआईआर और कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद रिटायर्ड अफसर के कहने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## औबेदुल्लागंज में विशाल भजन प्रतियोगिता आज से, प्रदेश भर से आएंगी मंडलियां

**पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही स्पर्धा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओबेदुल्लागंज



राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता का आयोजन भजन प्रतियोगिता के मार्गदर्शक स्वर्गीय अशोक पचौरी, स्वर्गीय रवि यादव, स्वर्गीय डॉ. लक्ष्मी नागर, स्वर्गीय जमुना प्रसाद राजपूत, स्वर्गीय महेंद्र दुबे की स्मृति में 14 अक्टूबर मंगलवार रात्रि 9 बजे से प्रारंभ होगी। भजन प्रतियोगिता को मां नर्मदा के उपासक परम श्रद्धेय दादा गुरु का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से लगातार 10 साल से आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के जानी मानी भजन मंडलियां शामिल होती हैं, जिसमें ईंटखेड़ी महावीर भजन मंडल, सर्रालांजी ठाकुर भजन मंडल, ढाबा कला महावीर भजन मंडल, सोयत नागर भजन मंडल, दीपा खेड़ा रामकृष्ण भजन मंडल, उमरखेड़ी विनीत भजन मंडल, बाबई नागराज भजन मंडल, इटारसी शारदा भजन मंडल, सोनतलाई श्रद्धा भजन मंडल, भोपाल सरस्वती भजन मंडल, बैतूल श्री नवज्योति भजन मंडल, पिपरिया बजरंगी भजन मंडल, हाथरस उत्तर प्रदेश सुदर्शन भजन मंडल, जाट राजोरा खंडवा महादेव भजन मंडल, पचमढ़ी शिव ज्योति सरगम मंडल, भयाबड़ी बैतूल श्री कृष्ण भजन मंडल, बोरखेड़ा कला नसरुल्लागंज आदि जगहों से भजन मंडलियां प्रतियोगिता में भाग लेने औबेदुल्लागंज आएंगी। समिति के पर्वत सिंह राजपूत, संजय सिंह चौहान, अनिल नागर, द्वारका पटेल, राजेंद्र नागर, तेज सिंह नागर, विनोद नागर, जसवंत नागर, सुमित पचौरी, मनोज नागर, रजनीश पटेल, दिनेश नागर, दिनेश गोस्वामी, करण सिंह परमार, जीवन नंदवंशी, चंद्रशेखर नागर आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

---

**मायका पक्ष ने कहा, पति ही कसूरवार, पुलिस ने जांच में जुटी**

# महिला की जलने से मौत, बचाने में पति के दोनों हाथ झुलसे, जलाकर मारने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसने से मौत हो गई। पति का कहना है कि रविवार सुबह चाय बनाते समय साड़ी में आग लगने से हादसा हुआ है। आग बुझाने के प्रयास में उसके दोनों हाथ भी झुलसे हैं। महिला को करीब 60 फीसदी झुलसी हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका के पनिजन ने पति पर जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**गजराज ने पहली पत्नी की मौत के बाद की थी दूसरी शादी**



पुलिस के अनुसार शंकर नगर छोला मंदिर निवासी गजराज सिंह कुशवाह सब्जी का ठेला लगाता है। साल 2009 में उन्होंने ग्राम धमर्रा थाना गुनगा में रहने वाली रीना कुशवाह (32) से दूसरी शादी की थी। गजराज सिंह ने पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से उसका एक बेटा है। गजराज सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे रीना गैस स्टोव पर चाय बना रही थी। बड़ा बेटा सब्जी लेने मंडी गया था, जबकि रीना का 12 साल की बेटा व 8 साल की बेटी घर में सो रही थी। गजराज भी बच्चों के पास ही सो रहा था। तभी अचानक स्टोव भभकने से रीना की साड़ी में आग लग गई। रीना की चीख सुनकर गजराज और दोनों बच्चों की नींद भी खुल गई। गजराज ने झुलस रही पत्नी को बचाने का प्रयास किया। इस प्रयास में उसके दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए। आग बुझाने के बाद रीना को हमीदिया अस्पातल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां रात करीब ढाई बजे मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। महिला के मायका पक्ष के लोगों ने पति पर जलाकर मारने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। घटनास्थल पर मौजूद दोनों बच्चों से भी पुलिस बयान दर्ज करेगी।

एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, आचारपुरा का किया भ्रमण

## मेन्युफैक्चरिंग एवं कंसल्टेंसी सेवाएं कैसी होती हैं, छात्राओं ने जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, आचारपुरा का भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि केंद्र में टूल डिज़ाइन, सीएडी., सीएएम, सीएई, सीएनसी प्रोग्रामिंग एवं मशीनिंग, हाइड्रोलिक्स एवं न्यूमेटिक्स, रोबोटिक्स, मेक्ट्रॉनिक्स, पीएलसी, एससीएडीए, वीएलएसआई, एंबेडेड सिस्टंस और ऑटोमेशन जैसे तकनीकी क्षेत्रों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही, यह केंद्र टूल डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग एवं कंसल्टेंसी सेवाएं भी देश-विदेश की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को उपलब्ध कराता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न मशीनों के लाइव डेमो दिखाए गए और उन्हें प्रयोगशालाओं का दौरा करवाया गया, जहाँ उन्होंने यह जाना कि किस प्रकार सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में आधुनिक तकनीक के माध्यम से लागू किया जाता है। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा।

# भोपाल की रात 7 साल में सीजन की सबसे सर्द, इंदौर-राजगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडा

पूरे प्रदेश से विदा हुआ दक्षिण पश्चिमी मानसून, मौसम साफ होने से और बढ़ेगी सर्दी, पहाड़ों पर बर्फ गिरने का दिखने लगा असर

राजधानी में अक्टूबर वर्ष 2019 के बाद दूसरे सप्ताह के अंत में सबसे कम न्यूनतम पारा 15.8 डिग्री, इंदौर-राजगढ़ में 14.6 पर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार की रात तीन साल में सीजन की सबसे सर्द रात रही। रात का पारा अक्टूबर के दूसरे सप्ताह के अंत में वर्ष 2019 के बाद सबसे कम न्यूनतम पारा 15.8 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 3.6 डिग्री कम है। इससे रात में सर्दी का अहसास बढ़ गया है। इंदौर और राजगढ़ में ठंडक ज्यादा असर दिखाने लगी है। यहां रात का पारा प्रदेश में सबसे कम 14.6 डिग्री रहा, जो नार्मल से करीब 4 डिग्री कम है। भोपाल, इंदौर, राजगढ़ के अलावा तीन अन्य शहरों का पारा भी 15 से 16 डिग्री के करीब रहा। इनमें नरसिंहगढ़, नौगांव और खंडवा शामिल है। प्रदेश में औसत न्यूनतम पारा सामान्य से करीब 3 डिग्री तक कम रहने से अब रात में सर्दी असर करने लगी है। मौसम केंद्र के अनुसार दक्षिण पश्चिमी मानसून की विदाई सोमवार को पूरे प्रदेश से हो चुकी है। अब रात के तापमान में कुछ और कमी आएगी।



*स्थानः अवधपुरी क्षेत्र*
*समयः शाम 6.11 बजे*

### अब प्रदेशभर में पारा गिरेगा

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मानसून पूरे प्रदेश से विदा होने से बादल पूरी तरह साफ होंगे। मौसम साफ होने से ओस का असर बढ़ेगा। इससे रात में सर्दी का असर और बढ़ेगा। उम्मीद है कि अक्टूबर के अंत तक सर्दी तेजी पकड़ लेगी। अभी अधिकांश समय हवाएं उत्तरी होने के साथ पहाड़ों पर बर्फबारी के असर के साथ ही पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। इससे पिछले कुछ दिनों से सर्दी में लगातार बढ़त हो रही है।*

### ऐसे दर्ज हो रहा रिकॉर्ड

*विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार दूसरे सप्ताह के अंत में 13 अक्टूबर को यहां रात का पारा 15.8 डिग्री रहा, जबकि वर्ष 2019 में 13 अक्टूबर को 10 साल का सबसे कम न्यूनतम पारा 17.6 डिग्री था। अक्टूबर वर्ष 2015 से 2024 के बीच 10 साल में 22 अक्टूबर के बाद ही रात का तापमान 17 डिग्री के नीचे दर्ज हुआ है। शहर में ऑल टाइम रिकार्ड के अनुसार सबसे कम रात का पारा भी अंतिम सप्ताह में 27 अक्टूबर 1971 को 11.7 डिग्री दर्ज हुआ है।*

## खबर संक्षेप



### सड़कों पर सीएंडडी वेस्ट फेंकने वालों पर कार्रवाई जारी, बनाए 65 प्रकरण

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर सीएंडडी वेस्ट फेंकने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जारी है। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर भी स्पॉट फाइन किया जा रहा है। सोमवार को निगम अमले ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 65 प्रकरणों में 94 हजार 600 रुपए स्पॉट फाइन वसूल किया जबकि जबकि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वालों पर 319 प्रकरणों में 1 लाख 27 हजार से ज्यादा राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की।

### जनता के विश्वास पर खरा उतरना ही हमारा संकल्पः गौर

**भोपाल।** जनता के विश्वास पर खरा उतरना और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना ही मेरा संकल्प है।गोविंदपुरा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य चल रहे हैं। यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र के साकेत नगर सेक्टर-ए और सेक्टर-बी में 50 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम में कही। इसके पूर्व उन्होंने भूमिपूजन किया। उक्त राशि से साकेत नगर 9-बी में 38 लाख रुपए की लागत से योग हॉल का निर्माण और स्वर्गीय बाबूलाल गौर पार्क का 14 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण होगा। इस अवसर पर मोनिका ठाकुर, शीला पाटीदार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### खंडेलवाल पहुंचे दिवंगत उदित गायकी के निवास शोक संवेदना की व्यक्त

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को दिवंगत उदित गायकी के भोपाल स्थित निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिजनों से भेंट कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, कुनबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राणे, कुनबी समाज भोपाल के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र धोते एवं जिला महामंत्री कृष्णा गायकी उपस्थित रहे।

### एसीएस और कमिश्नर के निरीक्षण के बाद रोड बनाने का काम शुरू



**भोपाल।** सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन को जोड़ने वाले खस्ताहाल रोड पर डामरीकरण का काम तेज गति से शुरू हो गया है। बीते दिनों एसीएस संजय दुबे व निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने सुभाष नगर से लेकर एम्स मेट्रो स्टेशन तक के मार्ग का निरीक्षण किया था।

### शहर के तीन दर्जन क्षेत्रों से निगम अमले ने हटाया अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने सोमवार को राजधानी के तीन दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रखी गुमठी, ठेले, काउंटर, पान पार्लर, सड़क पर रखा कबाड़ा सहित अन्य प्रकार का सामान हटाया। आवागमन में बाधक चार पहिया वाहनों को भी हटाने की कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई होशंगाबाद रोड कौशल परिसर, कटारा अमलतास चौराहा, मेपल मॉल, आशिमा मॉल, जाटखेड़ी, लहारपुर रोड, मिसरोद, कोलार डीमार्ट, निर्मलादेवी गेट, बीमाकुंज, चूना भट्टी, सेवाय काम्प्लेक्स, गुलमोहर, 10 नंबर मार्केट, शाहपुरा, एमपी नगर जोन-01, डीबी मॉल, हबीबगंज नाका आदि क्षेत्रों में की गई।

## केवल दो कांस्टेबलों पर नहीं, बल्कि थाने के जिम्मेदारों पर भी होनी चाहिए कार्रवाई

# उदित को न्याय दिलाने पिता ने की सीबीआई जांच की मांग

*उदित को न्याय दिलाने के लिए न्यू मार्केट में सैकड़ों युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंद्रपुरी में अमन सरिया के पास गार्डन में डीएसपी के साले उदित की हत्या करने वाले आरक्षकों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने पिता ने गुहार लगाई है।

उनका कहना है कि केवल दो कांस्टेबल पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रही है। थाने में कांस्टेबलों को गुंडागर्दी करने की छूट देने और अड़ीबाजी कराने वाले थाना प्रभारी और जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा मजबूत कद काठी का था। उसके साथ मारपीट की गई, लेकिन उसने जवाब में किसी के साथ मारपीट नहीं की है। वह खड़ा रहा और पुलिसकर्मी उसे बेरहमी से पीटते रहे। एफआईआर में पुलिस ने लिख दिया हलका बल प्रयोग किया गया। यदि हल्का बल प्रयोग होता तो मेरे बेटे की जान नहीं जाती। उन्होंने कहा कि जांच थाना पुलिस के हाथ में है और एफआईआर में थाना पुलिस आरक्षकों को लाभ पहुंचा सकती है तो आगे की जांच में पुलिसकर्मियों को बचा भी सकती है। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की है।

वहीं सोमवार को न्यू मार्केट में सैकड़ों विद्यार्थियों ने कैंडिल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। उल्लेखनीय है कि उदित गायकी पिता राजकुमार गायकी (21) बैंक कॉलोनी में रहता था। सीहोर से उसने बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। उसे आगे की पढ़ाई बेंगलुरु में करनी थी। वह बेंगलुरु से चार दिन पहले भोपाल लौटा था। अपने दोस्तों के साथ वीआईपी कॉलेज सीहोर से वह डिग्री लेकर रात करीब 8 बजे भोपाल लौटा। सभी अमन सरिया के पास इंद्रपुरी में इकट्ठा हुए थे। वहां बीयर पी और कार का म्युजिक तेज कर डांस कर रहे थे। समय अधिक होने के कारण बाकी दोस्त घर चले गए थे। कार में दीपेश, उदित और एक अन्य मौजूद थे। इसी बीच रात करीब डेढ़ बजे दो पुलिसकर्मी संतोष बामनिया और सौरभ आर्य पहुंचे। उन्होंने कार की खिड़की से अंदर झांककर देखा और पूछताछ करने लगे। उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही। डर के कारण उदित कार से उतरकर भागने लगा। उदित को भागता देख एक पुलिसकर्मी उसके पीछे दौड़ा और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसके साथ डंडे से मारपीट की थी। मारपीट में आई गंभीर चोट के कारण उसकी मौत हो गई।

### बर्थडे मनाने रेस्टोरेंट गई महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर दोस्त को पीटा

*भोपाल। रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित ईडन रेस्टोरेंट में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात पति व दोस्तों के साथ बर्थडे मनाने गई महिला के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी और विरोध करने पर आरोपी ने महिला के दोस्त को जमकर पीट लिया। पुलिस ने छेड़छाड़ व मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 27 साल की महिला गृहणी हैं। वह अपने पति व तीन-चार दोस्तों के साथ अपना बर्थडे मनाने रविवार देर रात ईडन रेस्टोरेंट गई थीं। रेस्टोरेंट में वाशरूम का रास्ता दिखाने के बहाने एक युवक उक्त महिला को दूसरी जगह ले गया और वहां छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता का कहना है कि उसे लगा था कि वह रेस्टोरेंट का कर्मचारी है और उसे रास्ता दिखाने के लिए ही वहां खड़ा किया गया था। पुलिस ने बताया कि किसी तरह महिला वहां से भागकर पति व दोस्तों के पास पहुंची और सारा घटनाक्रम बताया। महिला के दोस्त का इसी बात को लेकर युवक से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी युवक ने महिला के दोस्त की जमकर पिटाई लगा दी। महिला का दोस्त लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। उसका नाम साहिल सिंह बताया जा रहा है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

### सड़कों पर फिर घूमने लगे भिखारी, शुरू होगी धरपकड़

*भोपाल। शहर के विभिन्न चौक, चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर फिर से भिखारी नजर आने लगे हैं। इस संबंध में शिकायतें मिल रही हैं, जिसके चलते अब एसडीएम संयुक्त दल गठित कर भिक्षावृत्ति रोकने का काम करेंगे। यह निर्देश एडीएम अंकुर मेश्राम ने सोमवार को टाइम लिमिट की बैठक में दिए हैं। एडीएम ने कहा कि सभी एसडीएम संयुक्त दल के साथ भिक्षावृत्ति रोकने का काम करें। उन्होंने अधिकारियों को सोयाबीन फसल हेतु लागू भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन का सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए हैं।*

## पंजाब की टीम 14 घंटे करती रही सर्चिंग

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के ऑफिस व ठिकानों पर इन्कम टैक्स विभाग की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आयकर विभाग ने सोमवार को भोपाल की एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी और उससे जुड़े सहयोगियों के ठिकानों पर रेड मारी है। अमृतसर से आई इनकम टैकस टीम भोपाल में दो जगहों पर दस्तावेज खंगाल रही है। अमृतसर की आईटी टीम ने एमपीएसएएफ की मदद भी ली है। लोकल पुलिस या केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बुलाया है। अमृतसर से आई टीम ने इस छापेमारी में भोपाल के विभागीय अफसरों को साथ नहीं लिया है।

दरअसल, भोपाल मेट्रो रेल का ठेका निजी कंपनी के पास है। कंपनी को हाल ही में केरल में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। इसके अलावा गुरुग्राम मेट्रो का काम दो कंपनियों को 1,503.63 करोड़ में मिला है, जिसमें मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 26.65 किमी के कॉरिडोर में वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशन का निर्माण शामिल है।

### छापेमारी के दौरान पूरे तरीके से गोपनीयता बरती, स्टाफ से पूछताछ

*भोपाल में टीम मुख्य रूप से कंपनी के चूनाभट्टी स्थित कार्यालय पर कार्य कर रही है। इसके अलावा कंपनी के सहयोगियों के अन्य ठिकानों पर भी विभाग ने दस्तावेज जांचने के लिए कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, छापेमारी का ध्यान शेयर लिस्टिंग और वित्तीय लेनदेन पर केंद्रित है। कार्रवाई के दौरान कंपनी के दफ्तर के बाहर एसएएफ के जवान तैनात किए गए थे। पूरे परिसर को सील कर दिया गया और किसी भी व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई।*

### 100 मेगावॉट का सोलर पावर का ठेका मिला

*कंस्ट्रक्शन कंपनी को मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित (एमपीजेएनएम) से स्वीकृति पत्र (एलओए) मिला है। यह कैप्टिव मोड के तहत 100 मेगावाट की ग्रिड-कनेक्टेड ग्राउंड-माउंटेड सौर फोटोवोल्टिक परियोजना के विकास के लिए है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में सौर परियोजना की डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। इसमें 25 वर्षों तक संचालन और रखरखाव सेवाएं प्रदान करना भी शामिल है। चालू होने के बाद, यह परियोजना 25 वर्षों तक एमपीजेएनएम को 2.09 रुपए प्रति किलोवाट घंटे की दर से बिजली की आपूर्ति करेगी। प्रोजेक्ट का काम मंदसौर जिले के रामनगर और धनवाडा गांवों में होगा। बताया जाता है कि शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफे की बात कर लोगों को ठगने की भी शिकायत इनकम टैक्स के पास पहुंची है। इसके बाद इनकम टैक्स की टीम पूरे दस्तावेज और आय से अधिक मामलों को लेकर जांच कर रही है।*

### मप्र समेत 17 से ज्यादा राज्यों में फैला काम

*कंपनी एमपी समेत देश के 17 से अधिक राज्यों में काम कर रही है। इनमें केरल, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य भी शामिल हैं। कंपनी के प्रोजेक्ट सड़क, रेलवे, सुरंग, औद्योगिक गलियारा, मेट्रो रेल और शहरी विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। कंपनी में 17 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं।*

# तस्कर से 7 पेटी शराब जब्त, 15 कंटेनर में पकड़ी कच्ची शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी अमले ने सोमवार को शिवनगर के पास नामी तस्कर महेश मालवीय से 7 पेटी देसी शराब जब्त की है। इधर दूसरी टीम ने झिरी, कजलीखेड़ा, मावड़िया और गोंदीपुरा में दबिश देकर 15 प्लास्टिक कंटेनर्स में महुआ लहान जब्त किया है। टीम ने सर्चिंग में एक घर से 40 लीटर कच्ची शराब भी जब्त की है। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि जाटखेड़ी स्थित शिवनगर के पास तस्कर महेश मालवीय पिता गणेश मालवीय निवासी शिवनगर को जाटखेड़ी के पास 7 पेटी में रखी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है।

## विशेष न्यायाधीश ने आगामी आदेश पेशी दिनांक 28 अक्टूबर के लिए सुरक्षित रखा मामला

# मनी लॉन्ड्रिंग मामलाः सौरभ शर्मा को प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग के जेल में बंद पूर्व करोड़पति आरक्षक सौरभ शर्मा के अधिवक्ता दीपेश जोशी द्वारा सौरभ शर्मा को प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने के आवेदन पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रवीण पटेल के न्यायालय में सुनवाई हुई।

विशेष न्यायाधीश ने आदेश आगामी पेशी दिनांक 28 अक्टूबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। वहीं सौरभ शर्मा के साले और प्रकरण के सहआरोपी रोहित तिवारी के अधिवक्ता आकाश तेलंग द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने के आवेदन पर ईडी के अधिवक्ता द्वारा 51 पृष्ठ का उत्तर प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश ने आगामी पेशी दिनांक 28 अक्टूबर को दोनों पक्षों की बहस प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। आयकर विभाग ने 19 दिसंबर 2024 की आधी रात मेंडोरी के जंगल से 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश जप्त किया था। इसके बाद 25 मार्च 2025 को 92 करोड़ 7 लाख 18 हजार 721 रुपए अटैच कर फ्रीज किए गए थे। ईडी ने सौरभ और उसके परिजनों व साथियों के विरूद्ध मनी लॉन्ड्रिंग के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया था।

# करोड़ों से बने एयरपोर्ट को बंद कर दें या भोपाल-इंदौर की फ्लाइट जबलपुर से चलाने का दे दें न्यायिक आदेश

हाईकोर्ट की विमानन कंपनियों को फटकार, कहा-भोपाल को मुख्य प्रशासनिक तो जबलपुर को मुख्य न्यायिक पीठ बनाया गया, इसके बावजूद जबलपुर से दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों, असिस्टेंट सालिसिटर जनरल को संबंधित विभागीय अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ संयुक्त बैठक कर एयर कनेक्टिविटी पर निर्णय लेकर अवगत कराने की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने के सिलसिले में ठोस प्रयास न किए जाने पर जमकर नाराजगी व्यक्त की। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने विमानन कंपनियों को फटकार लगाई। कहा कि क्यों न करोड़ों से बनाए गए एयरपोर्ट को बंद कर दिया जाए। अथवा भोपाल-इंदौर से संचालित फ्लाइट को जबलपुर से कनेक्ट करने के संबंध में न्यायिक आदेश जारी कर दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि भोपाल को मुख्य प्रशासनिक पीठ तो जबलपुर को मुख्य न्यायिक पीठ बनाया गया था। इसके बावजूद जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण शहर के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों किया जा रहा है।



### करें संयुक्त बैठक

*हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि सिर्फ टूरिज्म की दृष्टि से विमानन कंपनियां फ्लाइट संचालन का समय निर्धारित कर रही हैं। प्रोफेशनल लोगों की सुविधा से फ्लाइट का समय निर्धारित नहीं किया जा रहा है। जब फ्लाइट संचालित नहीं करनी थी तो एयरपोर्ट विस्तार के लिए राशि व्यय करने का कोर्ट औचित्य नहीं था। कोर्ट ने अस्सिटेंट सालिसिटर जनरल को निर्देशित किया है कि अगली सुनवाई के पूर्व संबंधित विभागीय अधिकारी तथा याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं के साथ संयुक्त बैठक करते हुए निर्णय लें और न्यायालय को अवगत कराएं। याचिका पर अगली सुनवाई छह नवम्बर को निर्धारित की गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच व विधि छात्र पार्थ श्रीवास्तव की तरफ से दायर जनहित याचिका में जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है। अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट होने को चुनौती दी गई है।*

# मध्यप्रदेश में स्क्रैप सर्टिफिकेट पर 50% छूट के लिए स्वयं के नाम पर लेना होगा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में पंद्रह साल पुराने को स्क्रैप करने पर प्रमाणपत्र के आधार पर नये वाहन खरीदी में टैक्स छूट लेने के लिए स्क्रैप करने वाले वाहन मालिक को खुद के नाम से ही नया वाहन खरीदना होगा। परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से वाहन लेने पर इस छूट का फायदा नहीं मिलेगा। परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह ने मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत यान स्क्रैपिंग सुविधा का रजिस्ट्रीकरण और कार्य नियम के लिए गाइडलाइ जारी कर दी है। इसके तहत ऐसे सभी वाहन जो व्यापक उत्सर्जन मानक भारत चरण एक और पूर्ववर्ती उत्सर्जन मानक मानदंडों के अनुसार निर्मित वाहनों और मध्यम माल यान, भारी मालयान, मध्यम यात्री मोटरयान, भारी यात्री मोटरयान जो व्यापक उत्सर्जन मानक भारत चरण दो के अनुसार निर्मित किए गए है। उनको स्क्रैप करने के बाद जारी किए जाने वाले सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट के विरुद्ध पंजीकृत किए जाने वाले नवीन गैर परिवहन वाहनों तथा नये परिवहन वाहनों पर मोटरयान कर में पचास प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें तय की गई है। मोटरयान कर में छूट केवल उस स्थिति में ही मिल पाएगी जब नवीन वाहन उस व्यक्ति के नाम से खरीदा जाए जो तत्समय अपने नाम से जमा प्रमाणपत्र धारित करता हो। कोई नवीन वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहन और लाभ प्राप्त करने हेतु वाहन स्वामी के लिए जमा प्रमाणपत्र एक आवश्यक और पर्याप्त दस्तावेज होगा।

### तीन वर्ष तक ही वैध होगा

*इस प्रमाणपत्र की विधिमान्यता इसके जारी किए जाने की तारीख से तीन वर्ष तक ही वैध होगी। तीन साल बाद स्क्रैप प्रमाणपत्र पर छूट नहीं मिल पाएगी। मोटरयान कर में छूट केवल तभी प्रदान की जाएगी जब नवीन वाहन मध्यप्रदेश राज्य में पंजीकृत किया जाए। यदि जमा प्रमाणपत्र मप्र से भिन्न किसी राज्य में स्थित आरवीएसएफ द्वारा जारी किया जाता है तो मोटरयान कर में छूट प्रदान नहीं की जाएगी।*

## अहाता कल्ला शाह में ओवरहैड टैंक तोड़ने पर खाली हुई थी भूमि

दो वार्डों की सीमा में है उक्त भूमि, वार्ड-35 की पार्षद बोलीं, हमारे वार्ड में अतिक्रमण नहीं, वार्ड-42 के पार्षद ने मोबाइल ही बंद कर लिया

# निगम की 10 हजार स्कावयर फीट भूमि पर हो रहा कब्जा, बेदखली अमले को भनक तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की घनी आबादी के बीच जहांगीराबाद क्षेत्र में आने वाले अहाता कल्ला शाह में करीब छह साल पहले निगम प्रशासन ने जर्जर ओवर हैड टैंक तोड़ा, लेकिन परिसर की 10 हजार स्कावयर फ़िट भूमि को न तो सहेजा न ही उक्त स्थान पर जनसुविधा के उपयोग के लिए योजना बनाई।

अब यहां लोगों ने कब्जा कर जगह का निजी उपयोग करना शुरू कर दिया है। क्षेत्र की आबादी को जल प्रदाय करने के लिए यहां 35 साल पुराना ओवरहैड टैंक था जो जर्जर हो गया था। करीब छह साल पहले 5 लाख गैलन क्षमता के इस टैंक को ढहाया तो गया, लेकिन उसे सुरक्षित करने के लिए काम नहीं किया। उक्त जगह के रहवासी अपने चार पहिया, दुपहिया और तीन पहिया वाहन खड़े कर रहे हैं। कुछ परिवारों ने तो यहां अस्थाई रहना तक शुरू कर दिया है। इस ओर जनप्रतिनिधियों ने भी ध्यान नहीं दिया।




### दो वार्डों की सीमा लगती है, एक पार्षद ने पल्ला झाड़ा, दूसरे ने मोबाइल स्विच ऑफ किया

*उक्त टैंक परिसर दरअसल दो वार्डों की सीमा से लगा है। इस अतिक्रमण के संबंध में जब वार्ड-35 की पार्षद शीरीन खान ने पूछा तो उनका कहना है था कि उनके वार्ड में अतिक्रमण ही नहीं है। उक्त टैंक परिसर वार्ड-42 में आता है। पार्षद अजीजुद्दीन से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपना मोबाइल ही स्विच ऑफ कर लिया।*

# 27 हजार रुपए की चंदेरी साड़ी तो दो लाख रुपए तक की डायमेंड ज्वेलरी रही खास

## शाहपुरा के आस स्टूडियो में फैशन और लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिवाली का त्यौहार आने वाला है, ऐसे में महिलाओं में महंगे-महंगे आभूषणों के साथ साड़ी की डिफरेंट वैराइटी की मांग भी रहती है, साथ ही रंग बिरंगे दीपक और चांदी व कांसे के बर्तन महिलाएं धनतेरस पर खरीदना पसंद करती हैं। महिलाओं की इसी डिमांग को ध्यान में रखकर आस स्टूडियो द्वारा फैशन व लाइफस्टाइल



एग्जीबिशन का आयोजन शाहपुरा स्थित स्टूडियो में किया जा रहा है, जिसमें 23 स्टॉल्स पर महिलाओं के सजने संवरने से लेकर होम डेकोर के एक से बढ़कर एक सामान मौजूद हैं। दो दिवसीय इस एग्जीबिशन का आयोजन सोनल श्रीवास्तव, अनुपमा पालनितकर , विनी राणा धीर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भोपाल सहित देश के अनेकों स्थानों से आईं महिला आंत्रप्रिन्योर ने एक से बढ़कर एक प्रोडक्ट्स को एग्जीबिट किया।

### कई महीनों की मेहनत से तैयार हुई चंदेरी साड़ी



मेला ऑर्गेनाइजर अनुपमा ने कहा कि मैंने यहां 'रेवा' नामक स्टॉल लगाया है, जिसमें हैंडलूम साड़ियों की ढेरों वैराइटी मौजूद हैं। अनुपमा कहती हैं कि मेरे इस स्टॉल पर कॉटन, कांजीवरम, सिल्क, टसर सिल्क, चंदेरी महेश्वरी की ढेरों साड़ियां मौजूद हैं, जिसमें सबसे महंगी चंदेरी पट्टू साड़ी खास हैं। 27 हजार रुपए की चंदेरी सिल्क की इस साड़ी को बनाने में कारीगरों को महीनों समय लगा और यह देखने में काफी सुंदर व हल्की साड़ी है। इसी के साथ साउथ की कांजीवरम साड़ी भी महिलाओं के लिए विशेष रूप से दिवाली पर्व के लिए लाई गई है।

### सूरत से विशेष रूप से बुलवाई स्पेशल डायमेंड ज्वेलरी



वहीं एग्जीबिशन में सोनल श्रीवास्तव द्वारा सूरत से स्पेशल डायमंड ज्वेलरी को एग्जीबिट किया जा रहा है, जिसमें डायमंड के ब्रेसलेट, रिंग्स, ईयर रिंग्स, कंगन, नेकलेस, मंगलसूत्र सहित कई सारे अट्रेक्टिव डायमंड ज्वेलरी एग्जीबिट की गई है। इसमें विशेष रूप से डायमंड के ब्रेसलेट महिलाओं और लड़कियों द्वारा पसंद किए जा रहे हैं।

## स्टूडियो ऑक्स में आज इंटरनेशनल डीजे मुनेका देंगी लाइव परफॉर्मेंस



**भोपाल।** एमपी नगर स्थित एक मॉल के स्टूडियो ऑक्स में मंगलवार को स्पेशल डीजे नाइट का आयोजन किया जा रहा है। इस डीजे नाइट में म्यूजिक और मस्ती का मेशअप देखने को मिलेगा। इस मौके पर इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त डीजे मुनेका की लाइव परफॉर्मेंस होगी। इस दौरान डीजे मुनेका अपने अनोखे अंदाज में बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों के गीतों पर रॉकिंग परफॉर्मेंस देंगी। उनका सेट पारंपरिक सुरों और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक बीट्स का ऐसा संगम होगा जो संगीत के हर शौकीन को ऊर्जा और रोमांच से भर देगा। इस नाइट को बीट्स ऑफ फ्यूजन थीम पर सजाया है, जिसमें रोशनी, साउंड और रिदम का जादुई मेल दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय क्लबिंग अनुभव देगा। डीजे नाइट रात 8 बजे शुरू होगी।

## ऐतिहासिक उपन्यास 'एक और छावा' का लोकार्पण एवं विमर्श आज

**भोपाल।** सुपरिचित साहित्यकार कुमार सुरेश द्वारा लिखित ऐतिहासिक उपन्यास 'एक और छावा' का लोकार्पण एवं विमर्श पाठक मंच केंद्र अयोध्या नगर द्वारा मंगलवार शाम 4 बजे साहित्य अकादमी मप्र संस्कृति परिषद के पुस्तकालय सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कथाकार संतोष चौबे कुलाधिपति रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और साहित्यकार मनोज श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे।

## तीन दिवसीय मप्र ट्रैवल मार्ट 2025 का समापन

# यह व्यापारिक सम्मेलन ही नहीं, संस्कृतियों के संगम व वैश्विक सहयोग का महापर्व साबित हुआ

**कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का समापन सोमवार शाम कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुआ। अतिथि देवो भवः की भावना को साकार करते हुए यह आयोजन केवल एक व्यापारिक सम्मेलन नहीं, बल्कि संस्कृतियों के संगम और वैश्विक सहयोग का महापर्व साबित हुआ। इसमें 27 देशों से आए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स, भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों, होटलियर्स, निवेशकों और 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।





### प्रथम स्थान पर रहा शंभाला रिसोर्ट (भोपाल) का स्टॉल

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सर्वश्रेष्ठ स्टॉल पुरस्कार श्रेणी में प्रथम पुरस्कार शंभाला रिसोर्ट (भोपाल), द्वितीय पुरस्कार यार नगर जंगल रिसोर्ट (बुधनी) और तृतीय पुरस्कार एन्चांटिंग मध्यप्रदेश (ग्वालियर) को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त प्रायोजकों, ग्रामस्टे और होमस्टे संचालकों को सम्मानित किया गया।

### फॉरेन टूर ऑपरेटर्स ने रखे विचार

इस अवसर पर वेल्स बेकन्स लिमिटेड (यूके) के निदेशक एरिक हॉलीडे ने कहा कि यह अनुभव अद्भुत और वास्तव में अविस्मरणीय रहा। उद्घाटन समारोह जीवंत, प्रामाणिक और अत्यंत प्रेरणादायक रहा। मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट वास्तव में भारत के हृदय को दर्शाता है। एनईआई यूके के निदेशक पीटर रीज-जोन्स ने कहा कि दशकों पहले पहली बार भारत आने के बाद अब लौटकर आना और पर्यटन के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति को देखना अद्भुत अनुभव है। मध्यप्रदेश की गर्मजोशी, आध्यात्मिकता और विविधता इसे वैश्विक यात्रियों के लिए एक उत्कृष्ट गंतव्य बनाती है।



### फ्रांस में मप्र की सुंदरता और संस्कृति को प्रमोट करना चाहती हूं

बी अवे एजेंसी, बोर्डो (फ्रांस) की ऑरेलि डाइलैक ने कहा कि भारत में ऐसे प्रेरणादायक आयोजन में भाग लेना मेरे लिए पहली बार का अनुभव है। यह अनुभव असाधारण रहा, और यहां आकर मैं वास्तव में आभारी महसूस कर रही हूं। मैं पूरे फ्रांस में मध्यप्रदेश की सुंदरता और संस्कृति को प्रमोट करना चाहती हूं।

### भोपाली बटुए की खूबसूरती, ज़री-ज़रदोज की नक्काशी में झलकी परंपरा

मिंटो हॉल में आयोजित तीन दिवसीय परंपरा और हस्तकला प्रदर्शनी में भोपाली बटुए की शानदार प्रदर्शनी लगाई गई। बटुए की विक्रेता फिरोज जहां और अफरोज जहां ने बताया कि बटुए का हर टुकड़ा स्थानीय कारीगरों द्वारा हाथ से तैयार किया जाता है, जो भोपाल की कारीगरी को दर्शाता है, इस पारंपरिक बटुए की कीमत 300 से 900 रुपए के बीच है।






## मानसिक उलझनों, तनाव या अवसाद की स्थिति में काउंसलिंग लेना कमजोरी नहीं...

*नूतन कॉलेज में 'एक कदम अपनी ओर' थीम पर नुक्कड़ नाटक एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा नूतन कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सप्ताह का प्रमुख आकर्षण 'एक कदम अपनी ओर' थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं कला प्रदर्शनी रहा, जिसका उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाना और आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने हेतु सकारात्मक संदेश देना था। नुक्कड़ नाटक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं ने अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने अभिनय के माध्यम से यह बताया कि मानसिक उलझनों, तनाव या अवसाद की स्थिति में काउंसलिंग लेना किसी भी प्रकार की कमजोरी



नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता का प्रतीक है।

### *माता-पिता को अपने बच्चों की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए*

छात्राओं ने संदेश दिया कि जिस प्रकार शारीरिक बीमारी में डॉक्टर के पास जाना सामान्य है, उसी प्रकार मानसिक पीड़ा या द्वंद्व की स्थिति में मनोवैज्ञानिक या नैदानिक मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना भी आवश्यक है। वहीं एक ओर संदेश देते हुए नाटक में यह भी दर्शाया कि माता-पिता को अपने बच्चों की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए और अपनी अपूर्ण आकांक्षाओं को उन पर थोपने से बचना चाहिए। वहीं मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कला प्रदर्शनी में मानसिक स्वास्थ्य और आहार, योग और मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक चिंतन और मानसिक संतुलन जैसे विषयों पर छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

## नेटफ्लिक्स की नई एनिमेटेड सीरीज ने भोपाल को कर दिया आनंदित

### भारत की सबसे महान कथा की भावना हुई पुनः जीवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेटफ्लिक्स का मूविंग थिएटर महाभारत की अमर कथा सुनाते हुए भोपाल के एलएन मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर ग्राउंड पहुंचा। यहां पर दर्शकों को एयर-कंडीशंड सीटिंग, बड़ी स्क्रीन, थीम्ड गेम्स और मजेदार फोटो जोन के साथ बिल्कुल सिनेमेटिक अनुभव प्राप्त हुआ। नागरिकों को भारत की सबसे महान कथा, महाभारत के बारे में हाल ही में लॉन्च हुई एनिमेटेड सीरीज, कुरुक्षेत्र देखने का अवसर मिला।

इस मूविंग थिएटर को देखने के लिए बहुततादात में लोग आए। जिसमें फैंस एक एपिसोड की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने के लिए बहुत अधिक उत्साहित थे। उन्होंने किरदारों से प्रेरित हाउजी गेम्स में हिस्सा लिया। उन्हें



थीमेटिक उपहार एवं मर्चेंडाईज दिए गए। यह एक यादगार ईवेंट थी। लोगों की सबसे अधिक दिलचस्पी फोटो बूथ में थी, जहां एकत्रित होकर वो अपने महत्वपूर्ण क्षणों को कैमरे में कैप्चर करना चाहते थे। इस बार यह कहानी उन 18 योद्धाओं के दृष्टिकोण से पेश की गई है, जो अपने नैतिक द्वंद्व, निर्णयों और नियति से संघर्ष करते हैं।

**'के फॉर किशोर' और वेस्ट बंगाल बैंड की प्रस्तुति रही खास**

## किशोर कुमार के अमर गीतों से सजी 'किशोर कुमार नाइट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की शाम सोमवार को सुरों और यादों से सराबोर हो गई, जब रविंद्र भवन में आयोजित 'किशोर कुमार नाइट' में संगीतप्रेमी झूम उठे। महान गायक किशोर कुमार को समर्पित इस भव्य आयोजन में दर्शकों ने उनके सदाबहार गीतों पर तालियां बजाईं और साथ में गुनगुनाया। इस संगीतमय शाम में प्रसिद्ध गायक अनिल श्रीवास्तव ने अपनी सुरीली आवाज़ में किशोर कुमार के कालजयी गीतों को जीवंत किया।



### रूप तेरा मस्ताना पर झूमे श्रोता

वहीं, 'के फॉर किशोर' और वेस्ट बंगाल बैंड ने अपने लाइव म्यूजिक से सुरों का ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा सभागार संगीत की मिठास में डूब गया। दर्शकों ने पल पल दिल के पास, रूप तेरा मस्ताना, ओ मेरे दिल के चैन जैसे लोकप्रिय गीतों पर तालियां बजाकर माहौल को और जोशीला बना दिया।






## नूतन कॉलेज में फ्रेशर पार्टी के साथ आयोजित हुआ विदाई समारोह भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नूतन कॉलेज में सोमवार को जहां एक ओर नए छात्रों के प्रवेश के उपलक्ष्य में फ्रेशर्स पार्टी का अयोजन किया गया, तो वहीं फाइनल ईयर स्टूडेंट्स के लिए बड़े ही धूमधाम से विदाई समारोह भी मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने रेट्रो थीम पर साड़ी में रैंप वॉक की। साड़ी जैसे पारंपरिक परिधान में सजी धजी छात्राओं की बात की अलग थी, जिसमें उनकी सुंदरता के आंकलन के साथ मिस ईव का सम्मान भी दिया गया।

इस अवसर पर मिस ईव का अवॉर्ड कुहू चौरसिया को मिला। साथ ही अलग-अलग कैटेगरी में छात्राओं को अवॉर्ड दिए गए। कार्यक्रम का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

## 'कोंडियाला' सिख योद्धाओं की गरिमा और आध्यात्मिकता व धर्मनिष्ठा का प्रतीक

मानव संग्रहालय में माह के प्रादर्श में कोंडियाला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श में कंडल्या, कोंडियाला का प्रदर्शन किया। कंडल्या, कोंडियाला सिख योद्धाओं की गरिमा, आध्यात्मिकता और धर्मनिष्ठा का प्रतीक के रूप में माना जाता है। यह प्रादर्श सिख समुदाय की युद्धकला, सामरिक परंपरा और आध्यात्मिक दर्शन को प्रदर्शित करता है। पंजाब के जालंधर क्षेत्र से संकलित, कंडाल्या अथवा कोंडियाला, एक लोहे से निर्मित कांटेदार गोला है, जिसका प्रयोग पंजाब की पारंपरिक सामरिक कला गतका में एक विशेष हथियार था। यह केवल एक युद्ध उपकरण नहीं, बल्कि साहस, आत्मसंयम और धार्मिक निष्ठा का प्रतीक भी है।

### कुंडा (गोलाकार) और याला (उपकरण) शब्दों से बना कंडाल्या



इस प्रदर्शनी की संयोजक गरिमा आनंद दुबे ने बताया कि कंडाल्या शब्द की उत्पत्ति पंजाबी भाषा के कुंडा (गोलाकार) और याला (उपकरण) शब्दों से माना जाता है। इसकी कंटीली बनावट इसे विशिष्ट बनाती है और युद्ध के दौरान इसे रस्सी या जंजीर से बांधकर प्रतिद्वंद्वी पर घुमाया जाता था। इसकी अनिश्चित गति और तीक्ष्णता इसे एक ऐसा असामान्य हथियार बनाती थी, जिसे रोकना कठिन होता था।

**पुलिस ऑफिसर्स मेस में 'यादों का सिलसिला' का विमोचन**

## जीवन लौटकर नहीं आता, इसलिए संस्मरण मधुर होते हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस ऑफिसर्स मेस में, पूर्व डीजीपी नरेंद्र कुमार त्रिपाठी की पुस्तक 'यादों का सिलसिला' का विमोचन सोमवार शाम किया गया। जहां पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि यादों का सिलसिला किताब सरल सहज और आत्मीय है। इसमें कई संस्मरण में संवेदनाएं भी समाहित हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि इसमें न्याय और प्रक्रिया का द्वंद भी देखने को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता माखन लाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की एवं विशिष्ट अतिथि मनोज श्रीवास्तव थे। वहीं पूर्व एवं वर्तमान पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।




### बड़े रोचक विवरण से भरी हुई है पुस्तक

चीफ इलेक्शन कमिश्नर एवं वरिष्ठ चिंतक मनोज श्रीवास्तव ने पुस्तक पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यादों का सिलसिला पुस्तक यादों के प्रभाव को कम नहीं करती। इसमें जीवन भर की यादें ऑटो बायोग्राफी के रूप में हैं। एमसीयू के कुलगुरु ने कहा कि यादों का सिलसिला पुस्तक बड़े रोचक विवरण से भरी हुई है।




त्रिपाठी जी की तरह सभी अधिकारियों को अपने अनुभव को पुस्तक के रूप में संग्रहित करना चाहिए। मीडियावाला के संपादक सुरेश तिवारी ने पुस्तक में समाहित साहित्य के बारे में जानकारी दी।



# टॉक्सिक के सेट से लीक हुआ यश का फुटेज

**मुंबई।** साउथ एक्टर यश इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्शन फिल्म टॉक्सिक और महाकाव्य रामायण। सोमवार को यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के सेट से उनका एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुआ है, जिसमें उनका अंदाज देखकर फैंस फिदा हो गए हैं। वीडियो में वह धूम्रपान करते नजर आ रहे हैं। 19 मार्च 2026 को टॉक्सिक की रिलीज से पहले यश का यह वीडियो ऑनलाइन लीक हुआ है। इस लीक वीडियो से फिल्म की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यश नीली जींस और बिना शर्ट और अपनी दाढ़ी वाले लुक में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# सोनम

## मां-बाप के कहने पर करने लगीं किसिंग सीन



सोनम बाजवा की जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'दीवाने की दीवानियत' रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस अब तक दो हिंदी फिल्में कर चुकी हैं और ये उनकी तीसरी हिंदी फिल्म होने वाली है। ऐसे में सोनव बाजवा की बॉलीवुड एंट्री को लेकर बज भी बना हुआ है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में बताया कि वो किसिंग सीन के डर से पहले हिंदी फिल्में नही कर रही थीं, लेकिन उनके पेरेंट्स ने उन्हें इसे बस काम समझ कर इंटीमेट सीन्स से न डरने की सलाह दी।पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों बॉलीवुड में पैर जमाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। वो धीरे-धीरे बॉलीवुड फिल्में कर रही हैं। वो अबतक 2 हिंदी फिल्में कर चुकी हैं। एक्ट्रेस को हाउसफुल 5 और बागी 4 में देखा जा चुका है और अब वो जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ एक दीवाने की दीवानियत में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा ने उस वक्त के बारे में बात की जब वो सिर्फ किसिंग और इंटीमेट सीन्स के डर से बॉलीवुड फिल्मों के रिजेक्ट कर रही थीं। सोनम ने कहा कि उन्हें इस बात को लेकर संदेह था कि उनके किसिंग सीन्स और इंटीमेट सीन्स को लेकर पंजाब में दर्शक कैसे रिएक्ट करेंगे। एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उनके पेरेंट्स ने इस मामले में उनका काफी सपोर्ट किया था। सोनम ने बताया कि पेरेंट्स से बात करने के बाद उनका नजरिया पूरी तरह से बदल गया वो बताती हैं, यह कुछ साल पहले की बात है, और मैंने अपने मां-पापा से इस बारे में बात की। वे बोले, 'हां, अगर यह फिल्म के लिए है, तो ठीक है। और मैं बहुत चौंक गई।

## हॉलीवुड मसाला




# 13 साल बड़े नेता को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी की क्रूज पर ली गई रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। दोनों की किसिंग फोटोज ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तलाक के बाद ट्रूडो का यह नया रिश्ता सुर्खियों में है। बात हो रही है कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (53) और उनकी कथित गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड स्टार कैटी पेरी (40) की. इस कपल की किसिंग तस्वीरों इंटरनेट पर वायरल हो गईं।




# जुरासिक वर्ल्ड- कैओस थ्योरी सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की लोकप्रिय एनिमेटेड सीरीज 'जुरासिक वर्ल्ड: कैओस थ्योरी'के चौथे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। न्यूयॉर्क में हुए इस ट्रेलर लॉन्च इवेंट के मौके पर सीरीज की पूरी टीम मौजूद थी। ट्रेलर में डायनासोर वर्ल्ड की एक बार फिर झलक देखने को मिल रही है, जिसे देखने के बाद फैंस उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही गहरे सस्पेंस और एडवेंचर से होती है। इस बार कहानी छह साल आगे बढ़ चुकी है, जब 'कैंप क्रेटेशियस' की घटनाओं के बाद डायनासोर खुली दुनिया में जी रहे हैं और इंसान उनसे डर के साये में जिंदगी बिता रहे हैं। इस सीजन में 'नब्लर सिक्स' के नाम से मशहूर छह दोस्तों की टीम एक बार फिर साथ आती है, लेकिन इस बार उनका सामना केवल डायनासोर से नहीं बल्कि एक ऐसी साजिश से होता है जो इंसानों और डायनासोर, दोनों के अस्तित्व को खतरे में डाल देती है।



# स्टार किड के लिए आसान नहीं फिल्म इंडस्ट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं।



# मनीष की गैंग पर ये अकेली भारी...

**मुंबई।** एक तरफ भारत में हाल ही में पॉप्युलर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर दीपावली पार्टी रखी, वहीं दूसरी तरफ न्यूयॉर्क में भी ऐसी ही पार्टी रंग चढ़ा नजर आया। मनीष मल्होत्रा की पार्टी में मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर, काजोल से लेकर रेखा तक का ग्लैमरस और फेस्टिव लुक खूब दिखा। वहीं, न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी प्रियंका चोपड़ा ने धूम मचा दी। निक जोनस के साथ उनकी झलकियां जैसे ही सोशल मीडिया पर नजर आई, मनीष की इस पार्टी की झलकियों पर भारी पड़ गई। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी एकबार फिर चर्चा में हैं। न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी में भारत के इस फेस्टिवल का रंग खूब चढ़ा दिखा। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने साथ मिलकर इस त्यौहारी इवेंट रौनक बढ़ा दी।

## टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल शो से आदित्य और कीकू शारदा बाहर

**मुंबई।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल में फिनाले से पहले डबल एविक्शन का बड़ा ट्विस्ट आया है। शो से एक साथ दो कंटेस्टेंट, कीकू शारदा और आदित्य नारायण, बाहर हो गए हैं। दर्शक भी ये देखकर शॉक्ड हो गए हैं। एलिमिनेशन के लिए कीकू शारदा, आदित्य नारायण, आकृति नेगी और नयनदीप रक्षित को नॉमिनेट किया गया था। वोटिंग के दौरान सभी की सांसें थम गईं, लेकिन जब दो लोगों का एविक्शन हुआ तो कंटेस्टेंट्स को बड़ा झटका लगा। पहला नॉमिनेशन कीकू शारदा का हुआ। रूलर्स ने वोट किया और वे बाहर हो गए। इसके बाद बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स बाली, आरुष भोला और मनीषा रानी ने आदित्य नारायण को चुना। दोनों के एविक्शन के समय सभी कंटेस्टेंट्स भावुक दिखे। अक्सर एक-दूसरे से भिड़ने वाले बाली और आदित्य ने एक-दूसरे को गले लगाया। आदित्य ने बाली से माफी भी मांगी। धनश्री वर्मा और अरबाज भी अपने आंसू नहीं रोक पाए और आदित्य के बाहर होने पर दुख जताया।'राइज एंड फॉल'धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है, जिससे कंटेस्टेंट्स के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कीकू शारदा ने ज्योतिष बनकर सबका मनोरंजन किया और भविष्य बताया था। अब जब कीकू शारदा और आदित्य नारायण बाहर हो गए हैं, तो शो में और भी ट्विस्ट देखने को मिलेंगे. अब शो में आरुष भोला, बाली, मनीषा रानी, आकृति नेगी, नयनदीप रक्षित, अर्जुन बिजलानी, धनश्री वर्मा और अरबाज पटेल ही बचे हैं। ये सभी टॉफी हासिल करने के लिए भिड़ेंगे।

## जैमी ने बिग बॉस 19 में उड़ाया तान्या का मजाक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में वीकेंड के वॉर में सलमान खान कंटेस्टेंट की खूब क्लास लगाते हुए नजर आते हैं। कुछ पूरे हफ्ते अच्छा खेलते हैं तो उनकी खूब तारीफ होती है, वहीं कुछ अपनी हरकतों की वजह से सलमान



खान के गुस्से का शिकार होते हैं। इस हफ्ते वीकेंड का वार में जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर फराह खान बनकर आईं थीं। वो घरवालों से फराह खान के अंदाज में ही बात करती नजर आईं। उन्होंने सारे घरवालों को उनकी हरकतों की वजह से रोस्ट किया। इस लिस्ट में तान्या मित्तल भी थीं। तान्या अपनी बातों की वजह से अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं और इस बार जैमी ने भी उन्हें खूब ट्रोल किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल बो रहा है। जैमी कहती हैं- तान्या तुम बकलावा खाने दुबई जाती हो, बिस्कुट खाने ब्रिटेन जाती हो, खजूर खाने के लिए साउदी अरेबिया जाती हो। मुझे तुमसे ये पूछना है कि तुम इलाज करवाने के लिए किधर जाती हो।

# बॉबी देओल की नई फिल्म का खतरनाक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉबी देओल एक बार फिर से विलन के रोल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वो प्रफेसर की भूमिका में होंगे, लेकिन ये शातिर और खतरनाक रोल होनेवाला है। फैन्स ने उनकी इस झलक पर ही खूब अनुमान लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ लोगों को उनके चेहरे पर लंबे बाल नहीं अच्छे लग रहे। बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार शतक जड़ रहे हैं। आश्रम, एनिमल और हालिया रिलीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बाद एक बार फिर बॉबी अपने नए अंदाज से लोगों का दिल जीतने आ रहे हैं। विलेन के अवतार में एक बार फिर बॉबी देओल पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। बॉबी ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसका नाम अभी फाइनल तय नहीं किया गया है। इस पोस्टर को शेयर करते लिखा, 'पॉप कॉर्न वॉप कॉर्न ले आओ, शो शुरू होनेवाला है।' पोस्टर के साथ ही फैन्स की दीवानगी भी खूब दिखने लगी। इस नए पोस्टर में बॉबी एक ट्वीड जैकेट, डार्क रिम वाले चश्मे, और आंखों में वही खतरनाक चमक लिए नजर आ रहे हैं। सॉल्ट एंड पेपर लुक में बॉबी के बालों की बड़ी लटें दिख रही हैं। इस पोस्ट पर बताया गया है कि वो इस फिल्म में बतौर प्रफेसर नजर आनेवाले हैं। हालांकि, ये रोल शातिर और खलनायक दिख रहा है।

# अध्याश्री-सुकृति बनीं सुपर डांसर चैप्टर 5 की विनर

**नई दिल्ली।** 'सुपर डांसर चैप्टर 5' ने शुरू से ही दर्शकों को एंटरटेन किया और उन्हें अपने साथ जोड़े रखा। इस सीजन में भारत के कुछ सबसे टैलेंटेड डांसर थे, जिनकी सोशल मीडिया पर पहले से ही बड़े फैन फॉलोइंग हैं, इसलिए डांस मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। फिनाले से पहले तक अंदाजा लगाना आसान नहीं था कि कौन सुपर डांसर की ट्रॉफी जीतकर घर लौटेगा. हफ्ते-दर-हफ्ते हर कंटेस्टेंट ने अपनी परफॉर्मेंस से भारत को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन अंत में अध्याश्री और सुकृति ने मिलकर ट्रॉफी जीत ली।

'सुपर डांसर चैप्टर 5' के टॉप छह फाइनलिस्ट्स में अप्सरा, अध्याश्री, सुकृति, अदिति, सोमान्श और नमीष शामिल थे, जिनके युनिका डांस और स्टाइल ने लोगों को काफी इंप्रेस किया।आज उनकी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जजेस की बात करें तो बॉलीवुड के लीजेंड और भारत के सबसे पसंदीदा डांसरों में से एक गोविंदा जजेस पैनल में शामिल थे। उन्हें शो के मंच पर शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और




मार्ज़ी पेस्टोंजी का साथ मिला। अध्याश्री ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'सुपर डांसर ने मुझे मंच दिया जहां मैं कुछ बेहतरीन डांसरों और बड़े बॉलीवुड सेलेब्स के सामने परफॉर्म कर सकी। मैंने पूरे सफर का मजा लिया और ट्रॉफी जीतना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया, खासकर मेरी मां का, जिनके लगातार सपोर्ट ने मुझे अपना बेहतरीन देने के लिए प्रेरित किया.' सुकृति ने कहा, 'ट्रॉफी जीतकर मैं बहुत खुश हूं. अपनी मां को इतना खुश देखकर यह जीत और भी खास बन गई। मैं 'सुपर डांसर चैप्टर 5 के सेट पर बनाए गए पलों और जो दोस्त बनाए, उन्हें हमेशा याद रखूंगी। यह मेरी लिए एक खास जीत है।'

## 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में थीं शामिल

# राजेश खन्ना की वो 3 फिल्में, जिनकी आंधी में उड़ गया था बॉक्स ऑफिस

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना एक ऐसे दिग्गज अभिनेता थे, जिन्हें बॉक्स ऑफिस पर टक्कर दे पाना किसी के लिए भी आसान नहीं था। उन्हें बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार भी कहा जाता था, जिन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। आज हम आपको उनकी 3 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल थीं। राजेश खन्ना आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनका नाम शीर्ष अभिनेताओं की सूची में शामिल था। लोगों में उनके प्रति गजब का क्रेज था। सभी उनकी नई फिल्मों के इंतजार में रहते थे, यही वजह भी थी कि फिल्में उनके नाम से ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती थीं।*

**प्रेम नगर** : यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, जिसका निर्माण डी. रामानायडू ने और निर्देशन केएस प्रकाश राव ने किया था। इसमें राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, कामिनी कौशल, प्रेम चोपड़ा, बिंदु और असरानी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अशोक कुमार और अरुणा ईरानी अतिथि भूमिकाओं में हैं। यह निर्देशक की अपनी तेलुगु फिल्म प्रेम नगर (1971) का रीमेक था, जो दर्शकों बेहद पसंद आई थी. विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, यह साल 1974 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**रोटी** : यह एक एक्शन फिल्म थी, जिसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने और निर्माण रजनी देसाई और राजेश खन्ना ने आशीर्वाद पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया था। इसमें खन्ना और मुमताज ने अभिनय किया था और संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने दिया था। यह फिल्म 11 अक्टूबर 1974 को बेनाम और रोटी कपड़ा और मकान के साथ रिलीज हुई थी। कथित तौर पर कादर खान को फिल्म के संवाद लिखने के लिए 1.21 लाख का भुगतान किया गया था। यह साल 1974 की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**आप की कसम** : 1974 में बनी जे ओम प्रकाश द्वारा निर्मित यह एक रोमांटिक फिल्म थी, जो उनके निर्देशन में भी पहली फिल्म थी. फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज, संजीव कुमार, रहमान, असरानी और एके हंगल ने



अभिनय किया था। फिल्म में संगीत आरडी बर्मन ने दिया था। इस फिल्म को भी सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था और यही वजह भी थी कि यह साल 1974 की आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।

**आज दोपहर 3 बजे से अटापट्टू और डिवाइन की टीमों में मुकाबला**

# श्रीलंका के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पिछले मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड 14 अक्टूबर को जब आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा। दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे।

## न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में निरंतरता का अभाव

कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे अधिकांश जिम्मेदारी डिवाइन के कंधों पर आ गई है। उन्हें अपनी लय हासिल करनी होगी और श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, विशेषकर उस पिच पर, जिसमें टर्न मिलने की उम्मीद है।



## श्रीलंका को करनी होगी जीत दर्ज

*जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। चमारी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम के खाते में तीन मैचों में एक अंक है, जो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के कारण है। वह केवल पाकिस्तान से आगे सातवें स्थान पर है। श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी में अपनी कप्तान अटापट्टू पर बहुत अधिक निर्भर है और अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका की टीम को क्षेत्ररक्षण में भी काफी सुधार करना होगा, क्योंकि पिछले मैचों में कई कैच छूटने और खराब फील्डिंग के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।*

### टीम इस प्रकार

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशर्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इज्जी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु।

## खबर संक्षेप



### तेज गेंदबाजों को निशाना बनाने की रणनीति रही कामयाब

**विशाखापत्तनम।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया कि उनके बल्लेबाजों ने पिच से बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी को मिल रही मदद को देखते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाया और कहा कि मेजबान टीम के सीमित गेंदबाजी विकल्पों ने भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करना आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप मैच में 331 रन के रिकार्ड लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिसमें हीली ने 107 गेंदों पर 142 रन की शानदार पारी खेली। हीली और अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर को निशाना बनाया, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन की पांच गेंदबाजों के साथ खेलने की रणनीति की नाकामी उजागर हो गई।

### गिल के पास शायद के लिए कोई जगह नहीं : पटेल



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल के साथ करीब से काम करने वाले पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल को पूरा यकीन है कि इस युवा को भारतीय नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने में कोई दिक्कत नहीं होगी क्योंकि वह फैसले लेने में हिचकिचाते नहीं है। उन्होंने कहा कि फैसला लेने के मामले में गिल के पास 'शायद' का विकल्प नहीं होता है। पार्थिव पटेल ने कहा, ' गौतम (गंभीर) ने अब उनके साथ काफी समय बिताया है। मैंने उनमें (गिल) देखा है कि वह हर तरह की परिस्थितियों के लिए अच्छी तरह तैयारी करते हैं और मैंने एक सत्र में उनके फैसलों में दृढ़ता देखी है और वह जो करना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी तरह आश्वस्त होते हैं।'

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें: पीएचएफ



**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के सुल्तान जोहोर कप के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों से कहा गया है कि अगर भारतीय खिलाड़ी मैच से पहले या बाद में हाथ नहीं मिलाते हैं तो उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

**वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बनाए 390 रन, भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य**

# 'क्लीन स्वीप' से महज 58 रन दूर टीम इंडिया, कैम्पबेल-होप ने जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि भारत को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को जीतने और श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए अब केवल 58 रन की जरुरत है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने सोमवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 63 रन बनाए हैं। दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन जोड़कर संघर्ष करने का जज्बा दिखाया। लेकिन अगर मैच पांचवें दिन में चला गया तो उसका श्रेय जस्टिन ग्रीवस (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) को जाता है, जिन्होंने दसवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।

■ भारत ने चौथे दिन 1 विकेट पर बनाए 63 रन



### भारत की शुरुआत खराब

भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने तीन-तीन, मोहम्मद सिराज ने दो तथा रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया। छोटे लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहली पारी में 175 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जोमेल वारिकन की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर आसान कैच दिया। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 25) और आर साईं सुदर्शन (नाबाद 30) ने कोई झटका नहीं लगने दिया, जिससे भारत ने एक और बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी।

### सिराज ने ब्लेसिंग मुजरबनी को पछाड़ा

दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने दोनों पारियों में 3 विकेट झटके। इन 3 विकेट की मदद से वो इस साल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पछाड़ दिया, जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट अपने नाम किए हैं। साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं, जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उन्होंने बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबानी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं, जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी शामिल है।

### कुलदीप ने किया कमाल

साल 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो वहां कुलदीप यादव ने अब तक 18 पारियों में 38 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद सिराज ने 15 पारियों में 37 विकेट चटकाए हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वरुण चक्रवर्ती का नाम है। उन्होंने इस साल 15 पारियों में 31 विकेट लिए हैं। चौथे नंबर पर जसप्रीत बुमराह का नाम है। बुमराह ने 15 पारियों में अब तक 30 विकेट हासिल किए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर मौजूद जडेजा ने 21 पारियों में 26 विकेट लिए हैं।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी:518/5
वेस्टइंडीज पहली पारी: 248

| वेस्टइंडीज दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल पगबाधा जडेजा | 115 | 199 | 12 | 3 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| होप बो सिराज | 103 | 214 | 12 | 2 |
| चेज का (पडिक्कल) बो कुलदीप | 40 | 72 | 4 | 1 |
| इमलाच पगबाधा कुलदीप | 12 | 13 | 1 | 1 |
| जस्टिन ग्रीव्स नाबाद | 50 | 85 | 3 | 0 |
| पियरे का रेड्डी बो कुलदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| वारिकन बो बुमराह | 03 | 6 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का जुरेल बो बुमराह | 02 | 10 | 0 | 0 |
| सील्स का सुंदर बो बुमराह | 32 | 67 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 16, कुल योग: 118.5 ओवर में 390/10 रन
गेंदबाजी: सिराज 15-3-43-2, जडेजा 33-10-102-1, सुंदर 23-3-80-1, कुलदीप 29-4-104-3, बुमराह 17.5-5-44-3, जायसवाल 1-0-3-0

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप्स बो वारिकन | 08 | 7 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 25 | 24 | 2 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 30 | 47 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल योग: 10 ओवर में 63/1 रन
गेंदबाजी: सील्स 3-0-14-0, वारिकन 7-1-15-1, पियरे 6-0-24-0, चेज 2-0-10-0

**क्रिकेट**

## रणजी ट्रॉफी के लिए बिहार के उप कप्तान बने सूर्यवंशी



एजेंसी ▶▶| पटना

आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए 14 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को उपकप्तान नियुक्त किया है, जबकि सकीबुल गनी टीम के कप्तान होंगे। बिहार 15 अक्टूबर से मोइन-उल-हक स्टेडियम में प्लेट लीग सत्र के अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। टीम की घोषणा बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने की।

पिछले रणजी सत्र में एक भी जीत दर्ज न कर पाने के कारण बिहार प्लेट लीग में खिसक गया था। सूर्यवंशी ने 2023-24 सत्र में 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। बाद में वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध हासिल करने वाले सबसे कम उम्र (13) के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी किया। सूर्यवंशी को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में चुना था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ केवल 35 गेंद पर शतक लगाकर पुरुष क्रिकेट में टी 20 में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र (14) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। सूर्यवंशी के बिहार के लिए पूरा सत्र खेलने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने की दौड़ में होंगे।

## अब ऑस्ट्रेलिया जाएगी टीम इंडिया वनडे और टी-20 के होंगे मुकाबले



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया को 3 मैचों की वनडे और 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जा चुका है। ऑस्ट्रेलिया में आमतौर पर मैच की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4.30 या फिर 5.30 बजे शुरू होती है, जो भारतीय फैंस के लिए थोड़ी तकलीफ देने वाली तो जरूर होती है, लेकिन इस वनडे सीरीज या टी20 सीरीज में ऐसा नहीं होगा और इन मैचों को देखने के लिए इतनी सुबह जगने की की जरूरत नहीं होगी क्योंकि इन मैचों की शुरुआत जब तक होगी तब तक आप अपनी नींद पूरी कर चुके होंगे।

### भारतीय खिलाड़ियों का शानदार आगाज


**गुवाहाटी।** अल्थाजुआला हमर और वेन्नाला के की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम चैंपियनशिप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में बाई मिली है, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने अभियान का आगाज शानदार तरीके से किया। अल्थाजुआला मुकाबले में उतरने वाले पहले भारतीय थे और मिजोरम के इस खिलाड़ी ने युगांडा के डेनिस मुकासा को केवल 14 मिनट में 15-4, 15-4 से हराया। ज्ञान दत्तू टीटी ने लड़कों के एकल वर्ग में हंगरी के मिलान मेस्टरहाजी के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-15, 15-7, 15-7 से जीत दर्ज की।

### जोशना ने जीता जापान ओपन का खिताब



**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया।

### एशेज सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे कमिंस



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया है कि अगले महीने पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एशेज सीरीज के पहले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैं इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता लेकिन मैं कहूंगा कि इसकी संभावना कम से कम है। मेरे पास अभी भी थोड़ा समय है।' आस्ट्रेलियाई कप्तान पीठ की चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर हो गया है और अटकलें लगाई जा रही है कि उनका इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के अलावा अन्य मैचों से भी खेलना संदिग्ध है। कमिंस ने कहा कि उन्होंने शारीरिक अभ्यास शुरू कर दिया है और वह सत्र दर सत्र अच्छा महसूस कर रहे हैं।

**आज से शुरू हो रहा डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# सत्र के पहले खिताब पर सात्विक-चिराग की नजरें

एजेंसी ▶▶| ओडेंसे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे। इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा।

सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।



### शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के पोपोव से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से होगा। महिला एकल में युवा अनमोल खरब का सामना अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से होगा।

### सेल्वम और सिमरन का मुकाबला गैब्रिएला और स्टेफनी से

महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा का मुकाबला स्कॉटलैंड की जूली मैकफर्सन और सियारा टोरेंस से, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का बुल्गारिया की गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा से होगा। मिश्रित युगल में मोहित और लक्षिता जगलान, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ियां अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी।






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of base variant of Splendor+ and Xtreme125R in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स् क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930